



सरकार ने अदला-बदली नीलामी में वापस खरीदे 6,309 करोड़ के बॉन्ड - 12



अमेरिका ने किया अनुरोध- रूसी तेल खरीद रिफाइनरियों में भेजे भारत - 12



नेपाल : सबसे युवा और पहले मधेसी पीएम होंगे बालेंद्र - 13



बारबाडोस से अहमदाबाद तक : क्रिकेट में भारत के दबदबे की अभूतपूर्व दास्तान - 14

आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
21.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.24
सूर्यास्त 06.15

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष सप्तमी 01:54 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 10 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 198, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये

# ईरान जंग पर सदन में हंगामा, बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर नहीं हो पाई चर्चा

- **सरकार बोली- स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर बहस के लिए तैयार**

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में सोमवार को विपक्षी दलों के सदस्यों ने पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के इस रुख पर अड़े रहने के कारण लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने के विपक्ष के नोटिस पर चर्चा और मतदान की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी।

सदन की बैठक दो बार स्थगित होने के बाद अपराह्न तीन बजे शुरू हुई तो पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद को लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अपना संकल्प रखने को कहा। इस दौरान कांग्रेस समेत विपक्ष के सदस्य पश्चिम एशिया के हालात पर सदन में चर्चा कराने की मांग करते हुए आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। कांग्रेस के सदस्य नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने की इजाजत भी आसन से मांग रहे थे। पीठासीन सभापति पाल ने मोहम्मद जावेद से कहा, आप केवल अपना संकल्प रख सकते हैं। आपको और कोई प्रस्ताव रखने का अधिकार नहीं है। आप आसन से यह नहीं कह सकते कि राहुल (गांधी) को बोलने दें, केसी वेणुगोपाल को बोलने दें। यह कौन सा नियम है। उन्होंने कहा, संसद की कार्यवाही में प्रति मिनट ढाई लाख रुपये खर्च होते हैं। एक दिन में नौ करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। जनता के पैसे का इस तरह आप नुकसान कर रहे हैं। आप संसद को बंधक बनाने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्ष ने इतने दिन पहले से लोस अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है, लेकिन इस विषय पर चर्चा कराने की जगह अब दूसरा विषय उठाया जा रहा है।



नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में चर्चा में शामिल विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## अपने नागरिकों की सुरक्षा और राष्ट्रीय हित प्राथमिकता : जयशंकर

- **कहा- संघर्ष क्षेत्र में फंसे 67,000 भारतीयों को वापस लाया जा चुका**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया संकट के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति की जरूरत पर जोर देते हुए सोमवार को लोकसभा में कहा कि उस क्षेत्र में रहने वाले भारतीय नागरिकों की सुरक्षा तथा अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संसद के दोनों सदनों में पश्चिम एशिया संघर्ष पर दिए अपने वक्तव्य में जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार पश्चिम एशियाई क्षेत्र के सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने के पक्ष में है। उन्होंने एक ईरानी जहाज को भारतीय बंदरगाह पर खड़ा करने की अनुमति देने को मानवीय आधार पर लिया गया सही निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार इस क्षेत्र के हालात पर नजर रख रही है और संघर्ष क्षेत्र में फंसे 67,000 भारतीय नागरिकों को पहले ही वापस लाया जा चुका है। जयशंकर ने कहा कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा तथा व्यापार जैसे राष्ट्रीय हित सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। उन्होंने लोकसभा और राज्यसभा में दिए वक्तव्य में कहा, भारत शांति के पक्ष में है और बातचीत और कूटनीति का मार्ग अपनाने का आग्रह करता है। दोनों सदनों में, जब जयशंकर वक्तव्य देने के लिए उठे तो विपक्ष ने जोरदार नारेबाजी की और मांग की कि पश्चिम एशिया की स्थिति पर उनके वक्तव्य से पहले चर्चा होनी चाहिए।

## लोस अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दे सकते हैं शाह

**नई दिल्ली।** विपक्षी द्वारा लोकसभा अध्यक्ष बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को जवाब दे सकते हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सदन में होने वाली चर्चा के दौरान अन्य वक्ताओं के अलावा सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू भी हिस्सा ले सकते हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### ईडी ने असम के पूर्व आईएएस अधिकारी की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** ईडी ने असम के पूर्व आबकारी सचिव और आईएएस अधिकारी इंद्रेश्वर कलिता के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोतों की तुलना में अधिक संपत्ति के मामले में धन शोधन की जांच के तहत पांच करोड़ रुपये से अधिक की अचल संपत्ति कुर्क की है। मामला मुख्यमंत्री के विशेष सतर्कता प्रकोष्ठ (सीएमएसवीसी) द्वारा कलिता के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी से जुड़ा है। ईडी ने एक बयान में कहा कि सीएमएसवीसी के आरोप पत्र में कहा गया है कि एक मार्च 2000 से 31 दिसंबर 2018 की जांच अवधि के दौरान, कलिता के पास कुल मिलाकर 5 .64 करोड़ रुपये की संपत्ति थी, जो उनकी आय के ज्ञात स्रोतों की तुलना में 131.12 प्रतिशत अधिक थी।

### मथुरा में नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म, मामला दर्ज

**मथुरा।** मथुरा में नौहझील थाना क्षेत्र के एक गांव में दो युवकों द्वारा नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म करने की घटना सामने आई है। पुलिस ने पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दायर कर जांच शुरू कर दी है। मांट क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि यह घटना शुक्रवार शाम की है, जिसके बारे में पीड़िता ने परिजनों को शनिवार को जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने रविवार को पुलिस में शिकायत दर्ज की।

# मुजतबा खामेनेई नए सुप्रीम लीडर अमेरिका-इजराइल के हमले तेज

## सऊदी ने ईरान को चेताया, हमले बंद करो नहीं तो देंगे करारा जवाब

दुबई, एजेंसी

ईरान में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उनके बेटे मुजतबा खामेनेई को सोमवार को देश का अगला शासक नामित किया गया। देश की असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने उनका चुनाव किया है। मुजतबा (56) के देश के अर्धसैनिक बल रिवॉल्यूशनरी गार्ड से करीबी संबंध हैं। सुप्रीम लीडर चुने जाने से भड़के अमेरिका-इजराइल ने तेहरान पर हमले तेज कर दिए हैं।

रिवॉल्यूशनरी गार्ड युद्ध की शुरुआत के दौरान 28 फरवरी को अयातुल्ला अली खामनेई (86) की मौत के बाद से इजराइल और खाड़ी के अरब देशों पर मिसाइलों और ड्रोन से हमले कर रहा है। मुजतबा को उनके पिता से भी ज्यादा कट्टर विचारों वाला माना जा रहा है। वह युद्ध शुरू होने के बाद से सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए हैं। ईरान के राजनीतिक जानकारों ने वंशानुगत तरीके से मुजतबा को सर्वोच्च नेता चुने जाने की आलोचना की है। इजराइल पहले ही कह चुका है कि मुजतबा उनके निशाने पर हैं जबकि ट्रंप ने उन्हें अस्वीकार्य बताया है। ईरान समर्थित लेबनानी उग्रवादी समूह हिजबुल्ला ने मुजतबा के समर्थन में बयान जारी किए।

वहीं, सऊदी अरब ने सोमवार को ईरान को आगाह किया कि अगर वह अरब देशों पर हमले करता रहा तो उसे अब तक का सबसे बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा। सऊदी का यह बयान उस ड्रोन हमले के बाद आया, जिसमें जाहिर तौर पर उसके बड़े शायबा तेल क्षेत्र को निशाना बनाया गया।



तेहरान में मुजतबा खामेनेई के समर्थन में एकत्रित भीड़।

### भारत ने बहरीन में अपने नागरिकों से सतर्क रहने का किया आग्रह

**दुबई।** भारत ने बहरीन में रहने वाले अपने नागरिकों के लिए सोमवार को एक परामर्श जारी कर क्षेत्र में मौजूदा स्थिति को देखते हुए सतर्क रहने, उचित सावधानी बरतने और स्थानीय अधिकारियों के सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने का आग्रह किया। बहरीन स्थित भारतीय दूतावास के परामर्श में कहा गया है कि बहरीन स्थित भारतीय दूतावास सामान्य रूप से कार्य कर रहा है। फंसे भारतीय नागरिकों, विशेषकर पर्यटक या अल्पकालिक वीजा धारकों को प्राथमिकता दी जा रही है।

### युद्ध जीतने के लिए ब्रिटेन की मदद की जरूरत नहीं, ट्रंप ने की आलोचना

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने मौजूदा हालात पर राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत की। उधर, ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा, ब्रिटेन, जो कभी हमारा महान सहयोगी रहा है, अब पश्चिम एशिया में दो विमानवाहक पोत भेजने पर विचार कर रहा है। कोई बात नहीं, प्रधानमंत्री स्टॉर्मर, हमें अब उनकी जरूरत नहीं है हम इसे याद रखेंगे। हमें ऐसे लोगों की जरूरत नहीं है जो युद्ध जीतने के बाद उसमें शामिल हों।

### पुतिन ने मुजतबा को दी बधाई अटूट समर्थन देने की बात कही



**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान के नये सर्वोच्च नेता चुने गए अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई को सोमवार को बधाई दी और तेहरान को मॉस्को के अटूट समर्थन और एकजुटता की पुष्टि की। कहा कि मुझे विश्वास है कि आप अपने पिता के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।

# कच्चे तेल में तेजी से शेयर बाजार में कोहराम, प्रमुख सूचकांक 3% तक टूटे

मुंबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में गहराते संकट के बीच कच्चे तेल के भाव में तेजी से सोमवार को भारतीय बाजार में कोहराम मच गया और शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक तीन प्रतिशत तक टूट गए। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई और यह 1,352.74 अंक यानी 1.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,566.16 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान, यह 2,494.35 अंक यानी 3.16 प्रतिशत का गोता लगाकर 76,424.55 अंक पर आ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 422.40 अंक यानी 1.73 प्रतिशत टूटकर 24,028.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 752.65 अंक यानी 3.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,697.80 अंक पर आ गया था। सेंसेक्स की सभी कंपनियां लाल निशान में हैं।

सबसे ज्यादा गिरावट वाली 10 कंपनियां क्रमशः इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, मारुति सुजुकी, लार्सन एंड टुब्रो, एक्सिस बैंक, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक रहे। वहीं, इस अवधि में निवेशकों की कुल संपत्ति में लगभग 22.40 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है। इस दौरान बीएसई-सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 22,40,408.82 करोड़ रुपये की भारी गिरावट के साथ 4,41,10,262.45 करोड़ रुपये (4,780 अरब डॉलर) रह गया।



- **2494.35 अंक तक फिसलने के बाद सेंसेक्स 1,353 अंक के गिरावट पर बंद**
- **निफ्टी 752.65 तक टूटने के बाद 422 अंक की गिरावट पर हुआ बंद**

### एमसीएक्स में क्रूड के भाव 26% ऊपर खुलकर 10,549 रुपये प्रति बैरल पहुंचे, देर शाम तक फिसले

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में संघर्ष तेज होने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने की आशंका के बीच सोमवार को वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतें 26 प्रतिशत से अधिक के उछाल के साथ 10,549 रुपये प्रति बैरल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में मार्च डिलिवरी वाला कच्चा तेल 2,186 रुपये यानी 26 .13% बढ़कर 10,549 रुपये प्रति बैरल के अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में इसका बंद भाव 8,363 रुपये प्रति बैरल था। कच्चे तेल का अप्रैल डिलिवरी वाला अनुबंध भी 2,158 रुपये यानी 26 .91 % बढ़कर 10,177 रुपये प्रति बैरल के नए शिखर पर पहुंच गया। इससे पिछले सत्र में इसका भाव 8,019 रुपये प्रति बैरल था। वायदा कारोबार के दौरान दोनों आपूर्ति अनुबंध अपने-अपने ऊपरी सर्किट स्तर तक पहुंच गए। चॉइस ब्रोकिंग के जिंस एवं मुद्रा विश्लेषक आमिर मकडा ने कहा कि एमसीएक्स पर कच्चे तेल का मार्च अनुबंध पहले ही ऊपरी सर्किट स्तर को छू चुका है और आने वाले सत्रों में इसकी कीमतें 11,300 रुपये प्रति बैरल तक भी जा सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कच्चे तेल की कीमतें वर्ष 2022 के बाद पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गईं। डब्ल्यूटीआई कच्चा तेल अप्रैल डिलिवरी के लिए 28 .58 डॉलर यानी 31.44 % बढ़कर 119 .48 डॉलर प्रति बैरल हो गया। देरशाम भाव फिसल कर नीचे आ गए।

# यौन हिंसा पीड़ितों के मामलों में संवेदनशीलता के नए दिशा-निर्देश जारी

- **इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में प्रदेश सरकार ने जारी किया शासनादेश**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** यौन हिंसा और दुष्कर्म के मामलों में गर्भवती लड़कियों व महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने और मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रदेश सरकार ने सोमवार को सभी चिकित्सा संस्थानों व प्रशासनिक अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब गर्भसमापन, मेडिकल जांच और पीड़ित सहायता के लिए मानक प्रक्रिया का पालन अनिवार्य होगा। यह आदेश हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका संख्या-2751/2025 में 6 फरवरी 2026 को पारित आदेश के अनुपालन में जारी किया गया है।

अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष की ओर से जारी शासनादेश में कहा गया है कि यौन हिंसा से पीड़ित महिलाओं और लड़कियों के मामलों में गर्भसमापन, चिकित्सा सहायता, जांच और परामर्श से संबंधित सभी प्रक्रियाओं में संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके लिए पहले से जारी एसओपी और नए दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है। शासनादेश सभी चिकित्सा अधीक्षकों, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भेजा गया है। साथ ही पुलिस महानिदेशक, मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने स्तर से इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराएं। पीड़िता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### 24 सप्ताह तक गर्भ समापन की व्यवस्था

दिशा-निर्देशों के अनुसार यौन हिंसा से गर्भवती हुई महिला या लड़की का गर्भसमापन एमटीपी अधिनियम के तहत 24 सप्ताह तक कराया जा सकता है। 20 सप्ताह तक के मामलों में जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज के स्त्री रोग विशेषज्ञ की निगरानी में प्रक्रिया पूरी की जाएगी और एफआईआर या पुलिस रिपोर्ट का इंतजार किए बिना उपचार में देरी नहीं की जाएगी। जांच से पहले लिखित सहमति अनिवार्य होगी। नाबालिग या मानसिक रूप से अक्षम पीड़िता के मामलों में अभिभावक की सहमति ली जाएगी। जांच के दौरान डीएनए साक्ष्य, नमूने और अन्य फॉरेंसिक साक्ष्य सुरक्षित तरीके से एकत्र कर 96 घंटे के भीतर जांच एजेंसी को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

# शराब नीतिः केजरीवाल, सिसोदिया को नोटिस

- **21 अन्य से भी सीबीआई की याचिका पर मांगा जवाब**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शराब नीति मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को अधीनस्थ अदालत द्वारा आरोप मुक्त किये जाने के विरूद्ध सीबीआई की याचिका पर आरोपियों से उनका पक्ष बताने को कहा।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के लिए अगली तारीख 16 मार्च तय की। हाईकोर्ट ने कहा कि वह निचली कोर्ट को ईडी द्वारा धनशोधन मामले की जांच पर कार्यवाही को बाद की तारीख तक स्थगित करने का आदेश देगी। सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा किए गए अनुरोध पर, उच्च न्यायालय ने यह भी संकेत दिया कि वह सीबीआई अधिकारियों पर अधीनस्थ अदालत द्वारा की गई 'पूर्वग्रहपूर्ण टिप्पणियों' के अमल पर रोक लगाएगी।




# इटावा सफारी में शेरनी ने 4 शावकों को दिया जन्म

- **तीसरी बार मां बनी शेरनी नीरजा, पहले के पांच शावक भी पूरी तरह स्वस्थ**

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचारः** एशियाई शेरों के संरक्षण और संवर्धन के लिए स्थापित लॉयन सफारी पार्क में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई, जब यहां शेरनी नीरजा ने चार शावकों को जन्म दिया। चारों शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं, और उनकी लगातार निगरानी की जा रही है।

तीसरी बार मां बनी शेरनी नीरजा ने पहले प्रसव में दो, दूसरी बार में तीन और अब चार शावकों को जन्म दिया है, इस तरह सफारी में अब उसके कुल नौ शावक पल रहे हैं। लॉयन सफारी पार्क के निदेशक डॉ. अनिल कुमार पटेल ने बताया कि शेरनी नीरजा ने रविवार रात पहला शावक 8.25 बजे, दूसरा 9.07 बजे, तीसरा 9.43 बजे और चौथा शावक 9.59 बजे पर जन्मा। नीरजा अपने नवजात बच्चों की अच्छी तरह देखभाल कर रही है। ब्रीडिंग सेंटर में लगे सीसीटीवी से उन पर नजर रखी जा रही है। सफारी प्रशासन के अनुसार शेर कान्हा और शेरनी नीरजा के बीच 18 नवंबर से 21 नवंबर 2025 के बीच मीटिंग हुई थी। इसके बाद आईवीआरआई बरेली में हुई जांच में नीरजा के गर्भवती होने की पुष्टि होने पर उसे ब्रीडिंग सेंटर में रखा गया था, जहां डॉक्टरों व कीपरों की टीम विशेष देखभाल कर रही थी। नीरजा के पहले के पांच शावक सफारी में स्वस्थ रूप से पल रहे हैं। शेरनी नीरजा का जन्म भी छह साल पहले इसी सफारी में हुआ था।

**जनता दर्शन** | उद्यमियों की भी आने लगी शिकायतें, जिला प्रशासन को समयबद्ध शिकायतों के निस्तारण का निर्देश

# निवेश और उद्योग विकास में देरी और लापरवाही अक्षम्य : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान दो उद्यमियों ने मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि निवेश और उद्योग विकास से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों के प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) और जिला प्रशासन को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिए बेहतर इकोसिस्टम तैयार किया गया है। सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम सहित कई पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू की हैं, इसलिए उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री स्वयं पीड़ितों के पास जाकर उनका प्रार्थना पत्र लेते रहे और उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से कहा कि निश्चिंत होकर घर जाइए, आपकी शिकायतों का नियमानुसार निस्तारण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जिलों के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का समयसीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।



जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी।

### योगी ने अवैध कब्जे के खिलाफ दिए सख्त निर्देश

कासगंज से आए एक पीड़ित ने पुलिस से जुड़ी शिकायत मुख्यमंत्री के सामने रखी और कार्रवाई में देरी की बात कही। इस पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक को तत्काल संज्ञान लेकर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एक अन्य प्रकरण पारिवारिक विवाद से जुड़ा था, जबकि अवैध कब्जे की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसे मामलों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पीड़ित को भरोसा दिलाया कि नियमानुसार तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

### किताबें पढ़ो, सोशल मीडिया का कम प्रयोग करो

जनता दर्शन में कुछ अभिभावक अपने बच्चों के साथ भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट दी और उनसे पढ़ाई के बारे में बातचीत की। एक बच्चे से मुख्यमंत्री ने कहा कि किताबें पढ़ने की आदत डालो और सोशल मीडिया का प्रयोग केवल आवश्यकता के अनुसार ही करो। उन्होंने मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचने की सलाह भी दी।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रेरणा कैंटीन से जुड़कर 10 हजार से अधिक महिलाएं बनीं लखपति

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में शुरू की गई प्रेरणा कैंटीन योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से संचालित इस पहल के माध्यम से अब तक 10 हजार से अधिक महिलाएं लखपति बन चुकी हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित इन कैंटीनों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का सशक्त माध्यम प्रदान किया है। प्रदेश में वर्तमान में 2100 से अधिक प्रेरणा कैंटीन संचालित हो रही हैं। इनका संचालन स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं कर रही हैं, जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार के साथ स्थायी आय का स्रोत मिला है। इससे न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सामाजिक भागीदारी में भी वृद्धि हुई है। प्रेरणा कैंटीन का संचालन जिलाधिकारी कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय और विकासखंड कार्यालयों के साथ-साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में किया जा रहा है। इन कैंटीनों में सरकारी कर्मचारियों, मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छ और किफायती भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इससे लोगों को बेहतर सुविधा मिल रही है और महिलाओं की आय भी निरंतर बढ़ रही है।

### बीसी सखी कार्यक्रम में यूपी देश में अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित बीसी सखी (बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी) कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं तेजी से पहुंच रही हैं। इस पहल के जरिए महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ ग्रामीणों को गांव में ही बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यक्रम के संचालन में उत्तर प्रदेश पूरे देश में पहले स्थान पर है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षित कर बीसी सखी बनाया गया है। वर्तमान में प्रदेश में करीब 40 हजार बीसी सखियां सक्रिय हैं, जो गांवों में लोगों को नकद जमा-निकासी, आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) से लेन-देन, बैलेंस जांच और सरकारी योजनाओं में नामांकन जैसी सेवाएं दे रही हैं। मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन दीपा रंजन ने बताया कि बीसी सखियों के माध्यम से 40 हजार सखियों में अब तक 43,144 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय लेन-देन हो चुका है।

### महिलाओं के साहस और संघर्ष को सलाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किसान ट्रस्ट की ओर से 'अपराजिता सम्मान समारोह 2026' में ट्रस्टी चारू चौधरी ने कहा कि यह समारोह उन महिलाओं के साहस और संघर्ष को सम्मान देने का प्रयास है जो चुनौतियों के बावजूद समाज में नई राह बना रही हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के साहस, संघर्ष और उपलब्धियों को सम्मानित करना तथा महिला सशक्तिकरण पर सार्थक संवाद को आगे बढ़ाना रहा। रालोद संस्थापक चौधरी चरण सिंह द्वारा स्थापित किसान ट्रस्ट की ट्रस्टी एवं कार्यक्रम आयोजक, दिल्ली में आयोजित अपराजिता सम्मान समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि बोल रही थी, समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत रत्न चौधरी चरण सिंह द्वारा स्थापित किसान ट्रस्ट समाज के विभिन्न वर्गों, खासकर एसिड अटैक सर्वाइवर महिलाओं को सहयोग देकर प्रेरणादायक कार्य कर रहा है। इस अवसर पर "रोजगार के माध्यम से सशक्तिकरण" विषय पर पैनल चर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें एना रॉय, कांता सिंह, शिंजिनी कुमार और वरिष्ठ पत्रकार सलमा सुल्तान ने विचार साझा किए।

# विश्वविद्यालयों-महाविद्यालयों ने अधिक शुल्क लिया तो होगी वसूली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समीक्षा बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय के तेवर दिखे सख्त

**अमृत विचार :** परीक्षा शुल्क केवल शासनादेश में निर्धारित दरों के अनुसार ही लिया जाए। यदि किसी विश्वविद्यालय या संबद्ध कॉलेज की ओर से तय शुल्क से अधिक राशि वसूली जाती है तो उसका ऑडिट कराकर कार्रवाई की जाएगी। ये निर्देश सोमवार को राज्य विश्वविद्यालयों को उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दिए।

मंत्री उपाध्याय ने सोमवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने विश्वविद्यालयों की शुल्क संरचना, परीक्षा शुल्क और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों द्वारा शासनादेश के विपरीत फीस लेने की शिकायतों पर भी विचार किया गया। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा को सुलभ, सस्ता और पारदर्शी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। फीस में अनावश्यक बढ़ोतरी से गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है, इसलिए विश्वविद्यालयों को छात्रहित को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय लेने चाहिए।

उच्च शिक्षा मंत्री ने विश्वविद्यालयों को शासनादेशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को अपने संसाधनों को मजबूत करने, नए पाठ्यक्रम शुरू करने और वित्तीय प्रबंधन को बेहतर बनाने के प्रयास भी करने चाहिए, ताकि संस्थान आत्मनिर्भर बन सकें। बैठक में विश्वविद्यालयों की वित्तीय स्थिति, परीक्षा संचालन से जुड़ी चुनौतियों और संभावित समाधान पर भी चर्चा हुई। इस दौरान विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी, अवनीश कुमार सिंह, प्रमुख सचिव एम.पी. अग्रवाल, सचिव अमृत त्रिपाठी और लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### निर्धारित परीक्षा शुल्क

- राज्य विश्वविद्यालयों में परीक्षा शुल्क की समानता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए प्रति सेमेस्टर फीस निर्धारित की गई है। बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीएड, बीपीएड, बीजेएमसी, बीएफए और बीवोक पाठ्यक्रमों के लिए 800 रुपये, एलएलबी, बीएससी एग्रीकल्चर (ऑनर्स), बीटेक और बायोटेक जैसे पाठ्यक्रमों के लिए 1000 रुपये तथा बीडीएस, नर्सिंग, बीएएमएस और बीयूएमएस पाठ्यक्रमों के लिए 1500 रुपये प्रति सेमेस्टर परीक्षा शुल्क तय किया गया है।


योगेंद्र उपाध्याय।

### शिकायतों के समाधान के लिए बिजली उपभोक्ताओं को भटकना न पड़ें

- **अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि आमजन को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनमानस की प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े। ऊर्जा मंत्री, सोमवार को लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर जनसुनवाई के दौरान विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान बिजली कनेक्शन, बिजली बिल संशोधन, सफाई व्यवस्था, सड़क निर्माण, जल निकासी और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कई मामले सामने आए। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ऊर्जा और नगर विकास विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### केजीबीवी वार्डनों का विशेष प्रशिक्षण शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए सुरक्षित और प्रेरक आवासीय वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वार्डनों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से शुरू हो गया। यह प्रशिक्षण प्रतापगढ़, गाजियाबाद और अयोध्या में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन और भारत सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में शिक्षा मंत्रालय के अंडर सेक्रेटरी रामनिवास ऑनलाइन माध्यम से जुड़े।

# गांवों के 20 लाख घरों को मिलेगा ब्रॉडबैंड

## 'प्रोजेक्ट गंगा' के तहत स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन और हिंदुजा ग्रुप की कंपनी के बीच एमओयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एक लाख से अधिक रोजगार के अवसर, 10 हजार डिजिटल उद्यमी

**अमृत विचार:** 'प्रोजेक्ट गंगा' के तहत गांवों में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन (एसटीसी) और हिंदुजा ग्रुप की सहायक कंपनी वनओटीटी एंटरटेनमेंट लिमिटेड के बीच सोमवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि तीन वर्षों में गांवों में 20 लाख से अधिक घरों तक हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाने का लक्ष्य है, जिससे करीब एक करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा। परियोजना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख से अधिक रोजगार के साथ 10 हजार डिजिटल उद्यमी भी बनेंगे।

एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि यह एमओयू प्रदेश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि 'प्रोजेक्ट गंगा' (गवर्नमेंट असिस्टेड नेटवर्क फॉर ग्रोथ एंड एडवांसमेंट) के तहत गांवों तक हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड पहुंचाने का लक्ष्य है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं, शिक्षा-स्वास्थ्य और ऑनलाइन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। परियोजना के तहत न्याय पंचायत स्तर पर 8 से 10 हजार स्थानीय युवाओं को डिजिटल सेवा प्रदाता के रूप में विकसित किया जाएगा। इन युवाओं को प्रशिक्षण देकर गांवों में इंटरनेट सेवाओं के विस्तार के साथ डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी जाएगी। लगभग 50 प्रतिशत स्थान महिलाओं के लिए सुनिश्चित करने की योजना है।

कार्यक्रम में श्रम विभाग के प्रमुख सचिव शन्मुगा सुंदरम, एसटीसी के एसीईओ अक्षत वर्मा, हिंदुजा ग्रुप के प्रतिनिधि डॉ. एसके चड्ढा सहित परियोजना से जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर से विकास की दिशा

- स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सीईओ मनोज कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल हाईवे का महत्व कई मामलों में भौतिक एक्सप्रेसवे से भी अधिक हो गया है, क्योंकि यही विकास की नई दिशा तय कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल डिजिटल डिवाइड और संभावित एआई डिवाइड को कम करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।


प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना को स्मृति चिह्न देते अधिकारी। अमृत विचार

### ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाएं और रोजगार: फर्नांडीज

- हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस लिमिटेड के डायरेक्टर विंसले फर्नांडीज ने कहा कि इस परियोजना के तहत प्रदेश में लगभग एक लाख रोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य है। वहीं वनओटीटी एंटरटेनमेंट लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि परियोजना का उद्देश्य दूर-दराज के अंडर-सर्व्ड और अनसर्व्ड क्षेत्रों तक डिजिटल कनेक्टिविटी पहुंचाना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं का विस्तार हो सके और स्थानीय युवाओं को नए अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि हाई-स्पीड इंटरनेट उपलब्ध होने से टेलीमेडिसिन, ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल स्किलिंग, ई-कॉमर्स और डिजिटल कंटेंट जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाएं खुलेंगी। इससे ग्रामीण युवाओं को यूट्यूब और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आय अर्जित करने के अवसर भी मिलेंगे।

# प्रदेश को फरवरी में मिला 18,412 करोड़ राजस्व

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में मुख्य कर व करेत्तर मदों से फरवरी 2026 में 18,412.25 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। यह फरवरी 2025 के मुकाबले 415.18 करोड़ रुपये अधिक है। यह जानकारी वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को दी।

वित्त मंत्री ने बताया कि फरवरी 2025 में इन मदों से 17,997.07 करोड़ रुपये का राजस्व मिला था, जबकि इस वर्ष फरवरी में यह बढ़कर 18,412.25 करोड़ रुपये हो गया। वहीं चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में फरवरी तक कर राजस्व के रूप में कुल 1,96,653.27 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 73.2 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि जीएसटी के तहत फरवरी 2026 में 7,202.36 करोड़ रुपये का राजस्व मिला, जबकि फरवरी 2025 में यह 6,847.67 करोड़ रुपये था। वैट से फरवरी 2026 में 2,525.87 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जो पिछले वर्ष फरवरी में 2,530.76 करोड़ रुपये थे। इसी तरह आबकारी मद में फरवरी 2026 में 4,503.68 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि फरवरी 2025 में यह 4,928.72 करोड़ रुपये था। मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि स्टांप एवं निबंधन मद से फरवरी 2026 में 2,731.95 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई, जो पिछले वर्ष फरवरी के 2,305.25 करोड़ रुपये से अधिक है। परिवहन मद से फरवरी 2026 में 1,076.38 करोड़ रुपये का राजस्व मिला, जबकि फरवरी 2025 में यह 923.40 करोड़ रुपये था। करेत्तर राजस्व की प्रमुख मद भू-तत्व व खनन से फरवरी 2026 में 372.01 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

# डेटा इकॉनमी की नई राजधानी बन रहा प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी सरकार की डेटा सेंटर पॉलिसी से डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती

**अमृत विचार:** प्रदेश तेजी से देश की उभरती डेटा इकॉनमी का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। योगी सरकार की डेटा सेंटर नीति और नई पहल के कारण प्रदेश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विस्तार हो रहा है।

फरवरी 2026 में विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सरकार ने राज्य में बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर क्लस्टर विकसित करने और स्टेट डेटा सेंटर अथॉरिटी के गठन की घोषणा की। इसका उद्देश्य डेटा सेंटर उद्योग को संस्थागत ढांचा देना और निवेश प्रक्रिया को तेज करना है। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2030 तक उत्तर प्रदेश में 5 गीगावाट क्षमता वाले 4 से 5 बड़े डेटा सेंटर क्लस्टर विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इससे राज्य को डेटा स्टोरेज और क्लाउड सेवाओं के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मजबूती मिलेगी। तेजी से बढ़ते डिजिटल उपयोग, क्लाउड सेवाओं की मांग और डेटा लोकलाइजेशन की नीतियों के कारण डेटा सेंटर उद्योग का महत्व लगातार बढ़ रहा है।

सरकार की योजना के अनुसार करीब 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश से 8 डेटा सेंटर पार्क विकसित किए जाएंगे, जिनकी कुल क्षमता लगभग 900 मेगावाट होगी। इनमें से कई परियोजनाओं पर काम आगे बढ़ चुका है। राज्य सरकार की ओर से अब तक 8 परियोजनाओं को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया जा चुका है, जिनमें 6 डेटा सेंटर पार्क और 2 डेटा सेंटर इकाइयां शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में 21,342 करोड़ रुपये के निवेश और 644 मेगावाट क्षमता सुनिश्चित हो चुकी है।

### डेटा सेंटर सेक्टर में यूपी की बढ़ती ताकत

- वर्ष 2030 तक 5 गीगावाट क्षमता के 4–5 डेटा सेंटर क्लस्टर का लक्ष्य
- लगभग 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश से 8 डेटा सेंटर पार्क प्रस्तावित
- कुल क्षमता करीब 900 मेगावाट
- 8 परियोजनाओं को जारी हुआ लेटर ऑफ कम्फर्ट
- 21,342 करोड़ रुपये निवेश और 644 मेगावाट क्षमता सुनिश्चित
- आईटी, क्लाउड और डिजिटल सेवाओं में रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

### चार मेडिकल कॉलेजों को मिले 42.55 करोड़

- **अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज समेत चार मेडिकल कॉलेजों को 42 .55 करोड़ का बजट जारी किया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव आनन्द कुमार त्रिपाठी के आदेश के मुताबिक गोरखपुर मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध चिकित्सालय को 26 करोड़ 64 लाख, कानपुर में लालालाजपत राय मेडिकल कॉलेज व गणेश शंकर विद्यार्थी चिकित्सालय को 9 करोड़ 53 लाख, बदायूं मेडकल कॉलेज के लिए 3 .81 करोड़ और सहारनपुर मेडिकल कॉलेज के लिए 2 .57 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।


भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य कुलदीप यादव के पिता रामसिंह यादव ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री शिवेन्द्र विक्रम शाही के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

# दिव्यांगजन व पिछड़ा वर्ग के सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता

## पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण के विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

**अमृत विचार :** राज्य सरकार दिव्यांगजन और पिछड़ा वर्ग के सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। यह बात पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने सोमवार को सचिवालय स्थित कार्यालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में कही।

मंत्री ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला स्तर पर नियमित समीक्षा कर योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए।


राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप

बैठक में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ और जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट में रिक्त शिक्षकीय पदों को शीघ्र भरने और निर्माणाधीन परियोजनाएं तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान (दिव्यांग पेंशन) योजना के तहत अब तक 11,98,725 दिव्यांगजन लाभान्वित हुए हैं। कुष्ठावस्था पेंशन योजना से 13,395 लोगों को लाभ मिला है। कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के तहत 22,672 दिव्यांगजनों को 26,830 कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण वितरित किए गए हैं। इसके अलावा उप्र. राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में दिव्यांगजनों को निःशुल्क यात्रा की सुविधा भी दी जा रही है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान बताया गया कि शादी अनुदान योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 232 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अब तक 94,040 लाभार्थियों को 188.08 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में भेजे जा चुके हैं। छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत पूर्वदशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कुल 25,98,344 छात्रों को 1,586.59 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है।

वहीं अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत वर्ष 2025-26 में 34,892 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि दिव्यांगजन और पिछड़ा वर्ग को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन के लिए सक्षम बनाना है। शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में सरकार निरंतर प्रयास कर रही

**आहार -2026** | दिल्ली के भारत मंडपम में कई देशों के क्रेता-विक्रेता पहुंचेंगे

# अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में सजेंगे यूपी के खाद्य पदार्थ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- स्टॉलों पर लगेंगे लखनऊ के ऑर्गेनिक पदार्थ, उन्नाव के निर्जलित फल

**अमृत विचार :** 10 मार्च से 14 मार्च तक भारत मंडपम, प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित ''आहार 2026'' उत्तर प्रदेश के कृषि निर्यात को प्रोत्साहन एवं अंतराष्ट्रीय बाजार देगा। इस अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) व निर्यातकों द्वारा जिलों के प्रमुख उत्पाद एवं जीआई टैग आधारित खाद्य पदार्थ कई देशों के सामने प्रदर्शित कर ऑर्डर लिए जाएंगे।

स्टॉलों पर लखनऊ के ऑर्गेनिक पदार्थ, कालानमक, चावल, सोना मोती आटा, बंसी आटा, कोल्ड प्रेस्ड सरसों का तेल, मोरिंगा पाउडर, हल्दी पाउडर प्रदर्शित करके जीआई से पहचान, खासियत और फायदे आदि बताएंगे।

इसी तरह उन्नाव के निर्जलित फल, यानी सूखे फल, सब्जी, फूल, मसाला, मशरूम व जड़ी-बूटी, आगरा का प्राकृतिक शहद, अलीगढ़ से आलू का फ्लेवर पाउडर, प्रतापगढ़ का आवला, मुरब्बा और आंवला कैंडी प्रदर्शित की जाएगी। मेरठ की गुड़, गुड़ पाउडर, चावल, सरसों का तेल तो बुलंदशहर से बेबी गाजर, बेबी कट गाजर, जमी कटी हुई गाजर, सेम की फली, कटे आलू, हरी मटर, मीठा मक्का, फूलगोभी की तरह दिखने वाली रंग-बिरंगी ब्रोकली भी स्टॉलों पर सजेगी। इसी तरह नोएडा से ताजा उत्पाद, छोटी मक्का, मिर्च, लौकी, भिंडी, मिक्स सब्जियां व आम, पपीता के डाइस आदि प्रदर्शित किए जाएंगे। खाद्य पदार्थों की मार्केटिंग (विपणन) से क्रेता-विक्रेता का सीधे आपस में संपर्क बनेगा।

### कृषि विदेश व्यापार निदेशालय को आठ स्टॉल आवंटित

- प्रदर्शनी के लिए कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय को ट्रेड-एक्सपो द्वारा पवेलियन में आठ स्टॉल आवंटित किए गए हैं। जहां, खाद्य पदार्थ प्रदर्शित किए जाएंगे। उद्घाटन के दौरान उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह उपस्थित रहेंगे। आयोजन से कृषि निर्यात क्षमता बढ़ाने को प्रोत्साहन मिलेगा। सोमवार देर शाम तक लखनऊ से गए अफसरों ने टीम के साथ तैयारी पूर्ण की।



# 10 लाख के ऋण से खड़ा किया डिजिटल लॉक का व्यवसाय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- महिला उद्यमी के लिए आपदा में अवसर बनीं ओडीओपी
- कोविड काल में शुरू हुआ स्टार्टअप 20 से अधिक को रोजगार

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार की उद्योग प्रोत्साहन नीतियों और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना ने कई उद्यमियों के लिए नए अवसर खोले हैं। अलीगढ़ की महिला उद्यमी नीलम सिंह इसकी एक प्रेरक मिसाल बनकर सामने आई हैं। उन्होंने कोविड महामारी जैसे कठिन दौर में डिजिटल लॉक निर्माण की यूनिट स्थापित कर न केवल अपना व्यवसाय खड़ा किया, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित किए।

ताला नगरी के नाम से प्रसिद्ध अलीगढ़ में नीलम सिंह ने वर्ष 2019 में अपने सॉफ्टवेयर इंजीनियर पति के साथ मिलकर "ओव्लॉक्स इंडिया" नाम से डिजिटल लॉक बनाने का स्टार्टअप शुरू किया। उस समय देश कोविड महामारी की चुनौती से जूझ रहा था और आर्थिक गतिविधियां काफी प्रभावित थीं। ऐसे मुश्किल दौर में नीलम ने पारंपरिक ताला उद्योग को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का निर्णय लिया। हालांकि शुरुआत आसान नहीं थी। आर्थिक संसाधनों की कमी सबसे बड़ी चुनौती थी। इसी दौरान ओडीओपी योजना के तहत उद्योग विभाग के माध्यम से उन्हें बैंक ऑफ बड़ौदा से 10 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ, जिसमें लगभग ढाई लाख रुपये की सब्सिडी भी शामिल थी। इस आर्थिक सहयोग ने उनके स्टार्टअप को मजबूत आधार प्रदान किया और धीरे-धीरे उनका कारोबार आगे बढ़ने लगा। आज नीलम सिंह का यह व्यवसाय 10 करोड़ रुपये से अधिक का हो चुका है। ओडीओपी योजना से मिली नई उड़ान ओव्लॉक्स इंडिया के नाम से शुरू की डिजिटल लॉक यूनिट आज 20–25 लोगों को मिला रोजगार कारोबार 10 करोड़ रुपये के पार, उत्पाद देश-विदेश तक पहुंच रहे हैं।

अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## न्यूज ब्रीफ

### घर लौट रहे युवक को रंजिशन पीटा

**गुरसहायगंज।** गांव के लोगों ने रंजिश के चलते घर जा रहे युवक के साथ गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम नितानंदपुर निवासी लक्ष्मीनरायन पुत्र द्वारिका प्रसाद ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 04 मार्च की शाम लगभग 07 बजे वह ग्राम सद्दुपुर स्थित अपनी दुकान से घर जा रहा था। तभी रंजिश के चलते गांव के हरविजय, ब्रजमोहन, गुलाब, किरन देवी ने उसे अपने घर के सामने घेर लिया और उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी।

### युवक से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** गांव के लोगों ने रंजिश के चलते युवक से गाली गलौज की और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम अमरौली निवासी अनुज कुमार पुत्र नेकराम ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 04 मार्च की शाम लगभग 04 बजे गांव के जोगराज, नारद व उसकी पत्नी अनुपम ने रंजिश के चलते उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सात लोगों को पीटने में रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** गांव के लोगों ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज की और रंजिश के चलते महिला व बच्चों सहित सात लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम पुराभोज निवासी रामनिवास पुत्र रम्भू राजपूत ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि रंजिश को लेकर 06 मार्च की शाम लगभग 06 बजे गांव के हेतराम उर्फ गोविंद, गौरव, आनंद, किरन देवी ने उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज की। मना करने पर उसकी पत्नी गंगा देवी, पुत्री जूली व पुत्र चंदन, मोनू, सूरज, रूबी, नंदनी के साथ घर में घुस कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिजली बिल में छूट पाने का एक और मौका


**छिबरामऊ।** विद्युत वितरण खण्ड छिबरामऊ के अधिशाषी अभियंता ने उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) 2025-26 के तहत पंजीकृत 8931 उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने पूर्ण बिल का भुगतान नहीं किया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन उपभोक्ताओं ने योजना में पंजीकरण तो करा लिया है लेकिन बकाया राशि जमा नहीं की है वे मार्च 2026 के अंत तक अनिवार्य रूप से पूरा भुगतान कर दें। ऐसा करने पर ही उन्हें योजना के तहत मिलने वाली छूट का पूर्ण लाभ मिल सकेगा। वहीं 8931 पंजीकृत उपभोक्ताओं ने अभी तक भुगतान नहीं किया।

# जरूरतमंद 291 बच्चों की खुली निजी स्कूलों के लिए लॉटरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद के जरूरतमंद 291 बच्चों की निजी स्कूलों में निशुल्क पढ़ाई के लिए लॉटरी खुल गई है। उनको यह लाभ प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 08 तक के लिए मिलेगा। निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत अलाभित व दुर्बल वर्ग को लाभ मिलता है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि दूसरे चरण के आवेदन 21 फरवरी से 07 मार्च तक ऑनलाइन लिए गए। इस दौरान कुल आवेदन 389 आए। सभी ब्लॉकों के बीईओ की ओर से 330 आवेदन स्वीकृत किए गए, जबकि कई कमियों व खंड शिक्षा अधिकारियों के रिपोर्ट के चलते पोर्टल से 59 आवेदन निरस्त हो गए। बीएसए ने बताया कि 330 स्वीकृत आवेदनों में 39 बच्चों को स्कूलों का आवंटन नहीं हो सका। कॉन्वेंट विद्यालयों के लिए 291 को




- प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा आठ तक की पढ़ाई की सुविधा मिलेगी निशुल्क
- पुस्तकों व यूनिफार्म के लिए बेसिक शिक्षा विभाग से मिलेंगे पांच- पांच हजार रुपये

सीटों का एलॉटमेंट कर दिया गया। इसका आदेश 11 मार्च तक निर्गत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जो बच्चे स्कूलों में प्रवेश लेंगे उनको पढ़ाई के लिए किताबों व यूनिफार्म आदि के लिए पांच- पांच हजार रुपये अभिभावकों के बैंक खातों में डीबीटी के तहत भेजे जाएंगे। दूसरी ओर स्कूलों को 450 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से फीस भी दी जाएगी।

### पहले चरण में 322 को सीटों का लाभ

- बीएसए ने बताया कि आरटीई में प्रथम चरण में कुल आवेदन 495 आए थे जिसमें जांच के बाद 431 स्वीकृत किए गए। 64 आवेदनों को कमियों के चलते अस्वीकृत कर दिया गया। स्वीकृत आवेदनों के सापेक्ष लॉटरी में विद्यालय आवंटन 322 बच्चों को किया गया। 109 बच्चों को स्कूलों का आवंटन नहीं हो सका। इसमें से कइयों ने दूसरे चरण में आवेदन भी किए।

### आवेदन में यह दस्तावेज जरूरी

- ऑनलाइन आवेदन के लिए बच्चे का फोटो, जन्म प्रमाण पत्र, अभिभावक का आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता की पासबुक, निवास प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र आदि दस्तावेज जरूरी हैं

### 12 से अंतिम चरण के आवेदन

- आरटीई में तीसरे (अंतिम) चरण के ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट https://rte25.upsdc.gov.in पर 12 से 25 मार्च तक होंगे। इच्छुक पात्र अभिभावक अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में 25 फीसदी सीटों पर निशुल्क पढ़ाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। लॉटरी 27 मार्च को निकाली जाएगी। 29 मार्च को विद्यालयों को प्रवेश के लिए आदेश निर्गत होगा।



-संदीप कुमार, बीएसए

# धोखाधडी कर नौकरी दिलाने के नाम ठगी करने का आरोपी हुआ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** थाना कोतवाली कन्नौज पुलिस ने धोखाधडी कर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये ठग लेने व फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

सदर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में दर्ज मुकदमें में वांछित चल रहे आरोपी अनुज कुमार पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम मधूपुर थाना कोतवाली कन्नौज को ग्राम मधुपुर से गिरफ्तार किया गया। इसके खिलाफ सदर कोतवाली में 04 नवंबर 2025 को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पीडित के पिता मित्रसेनपुर निवासी श्यामबाबू पुत्र छोटे लाल ने सदर कोतवाली में दर्ज कराई थी।



नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाला आरोपी अनुज कुमार पुलिस गिरफ्त में। अमृत विचार

इसमें आरोप लगाया था कि अनुज कुमार जो जिला उपभोक्ता फोरम में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। उसने वर्ष 2020 में पुत्री खुशबू व कुमकुम की नौकरी उपभोक्ता फोरम में लगवाने के नाम पर 05 लाख रुपये नकद लिये थे। दो परिचित लोगों के सामने दिये थे। इस के तीन वर्षके बाद अनुज ने फर्जी दोनों पुत्रियों के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिया था। इस में खुशबू को उपभोक्ता फोरम

- मधूपुर गांव की दो सगी बहनों की नौकरी लगवाने के नाम पर लिये थे लाखों रुपये
- फर्जी नियुक्ति पत्र दोनों बहनो को था थमाया, गिरफ्तार करने के बाद पुलिस कर रही जांच

कन्नौज व कुमकुम को उपभोक्ता फोरम फतेहगढ़ में नौकरी करने का न्यूति पत्र जब दोनों पुत्रियां निर्धारित तिथि पर नौकरी ज्वाइन करने पहुंची तो पता चला कि दोनों न्यूक्ति पत्र फर्जी हैं। रुपये वापस मांगने पर टालने लगा। पुत्र को 4000 रुपये दिये और मागने पर गाली गलौज कर जान से मार देने की धमकी देने लगा था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया।आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर जितेन्द्र प्रताप सिंह, दरोगा करनवीर सिंह, हेड सिपाही संजय कुमार, सिपाही रविन्द्र कुमार शामिल रहे।

# भीम आर्मी को कलक्ट्रेट पहुंचने से रोका

## आठ थानों की पुलिस लगी, यूजीसी के समर्थन में धरना देने जा रहे थे भीम आर्मी संगठन के कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** यूजीसी के समर्थन में कलक्ट्रेट में धरना देने जा रहे भीम आर्मी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आठ थानों की पुलिस ने जबरन नसरापुर में अंबेडकर पार्क पर रोक लिया। बाद में पहुंची अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

भीम आर्मी के जिला संयोजक सूरज कुमार ने यूजीसी के समर्थन में कलक्ट्रेट में भारी तादाद में कार्यकर्ताओं के साथ धरना प्रदर्शन करने की घोषणा की थी। इसके लिये सोमवार का दिन निर्धारित किया था। बताया गया था कि वह करीब 700 कार्यकर्ताओं के साथ कलक्ट्रेट पहुंचेंगे। इसको लेकर खुफिया तंत्र व पुलिस सक्रिय हो गई। आठ थानों की पुलिस को उनको रोकने के लिये लगाया गया था। सीओ सदर



नसरापुर अंबेडकर प्रतिमा के निकट भीम आर्मी के जिला संयोजक व अन्य।



भीम आर्मी को रोकने के लिये मुस्तैद कई थानों की पुलिस। अमृत विचार

- नसरापुर अंबेडकर प्रतिमा के निकट पुलिस की घेराबंदी
- राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा

अभिषेक प्रताप अजेय की अगुवाई में कोतवाली कन्नौज, गुरसहायगंज, सौरिख, ठठिया, इंदरगढ़, महिला थाना, तालग्राम थानों की पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के आने की प्रतिक्षा करने लगी। 11 बजे तक प्रतिक्षा करती रही पर वह नहीं पहुंचे। इस के बाद जानकारी मिली कि कुछ कार्यकर्ता नसरापुर में अंबेडकर प्रतिमा के निकट एकत्र हैं। इस पर पुलिस वहां पहुंच गई। कुछ पुलिस जवानों को गोल कुआं चौराहे पर लगाया गया था। नसरापुर में पुलिस भीम आर्मी के जिला संयोजक का इंतजार कर रही थी। इसी बीच वह कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच गये। भारी पुलिस को देख उन्होंने अंबेडकर प्रतिमा के निकट ही कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इसके बाद अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नवनीता राय को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने यूजीसी को लागू किये जाने समेत महापुरुषों के खिलाफ की जा रही अभद्र टिप्पणी करने का हवाला भी दिया गया ।

# किसान को लाठी-डंडों से पीटा, 30 हजार रुपये लूटे

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** जनपद के थाना छिबरामऊ क्षेत्र के अंतर्गत सरायसुन्दर पेट्रोल पंप के पास दबंगों द्वारा एक किसान के साथ मारपीट कर हजारों रुपये लूटने का मामला सामने आया है।

ग्राम कुंवरपुर जनू निवासी मनीराम पुत्र जसवीर सोमवार की सुबह करीब 11 बजे अपने ट्रैक्टर की किस्त जमा करने के लिए छिबरामऊ स्थित बैंक जा रहे थे। पीड़ित के अनुसार, जैसे ही वह सरायसुन्दर के पास एक पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे, वहाँ अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे दो युवकों ने उन्हें रोक लिया। पीड़ित का आरोप है कि ग्राम सरायसुन्दर निवासी अरविंद और उत्तरी खुडावा निवासी रामबाबू भुर्जी ने उनके साथ गालीगलौज शुरू कर दी। आरोपियों ने पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए कहा कि ट्रैक्टर से उनकी मिट्टी

- बैंक जाते समय दिया वारदात को अंजाम, पुलिस कर रही जांच

डालने नहीं आया। उसे आगे नहीं जाने देंगे। इसके बाद दबंगों ने लाठी-डंडों से किसान की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित ने बताया कि मारपीट के दौरान रामबाबू ने उनकी कमीज का कॉलर पकड़ा और अरविंद ने जेब में रखे 30,000 रुपये जबरन निकाल लिए।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए वहाँ से भगा दिया। डर के मारे पीड़ित तत्काल पुलिस को सूचना नहीं दे सका, लेकिन अब उसने थाने पहुँचकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पेट्रोल पंप के पास अवैध रूप से शराब की बिक्री और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल पैदा कर रहा है।



महिलाओं को सम्मानित करते चेयरमैन व ईओ। अमृत विचार

# नगर पालिका में सफाई में लगीं महिलाएं सम्मानित

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सफाई विभाग में कार्यरत महिला कर्मचारियों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में चेयरमैन मनोज दुबे एवं अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने सफाई व्यवस्था में विशेष सहयोग देने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और सम्मान भेंट कर प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि शहर की स्वच्छता और सुव्यवस्था बनाए रखने में इन महिला सफाई कर्मियों का योगदान अतुलनीय है। अमरदीप सफाई प्रभारी,प्रवेश कुमार के अलावा किरन देवी, सुशीला देवी, झब्बो देवी, संजो देवी, नन्ही देवी को सम्मानित किया गया।

# दहेज की खातिर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**तिर्वा, कन्नौज।** ठठिया थाना क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल देने का मामला सामने आया है। हिम्मतपुर गांव निवासी अपर्णा ने बताया कि उसके पति योगेंद्र, ससुर महेश, जेठ शिवम और सास शकुंतला तीन लाख रुपये नगद और सोने की चेन की मांग कर रहे थे। जब उसने दहेज देने से मना कर दिया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया। बताया कि छह वर्ष पूर्व उसके परिजनों ने पर्याप्त दान-दहेज देकर उसका विवाह किया था, इसके बावजूद ससुराल पक्ष के लोग लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। थानाध्यक्ष देवेश पाल ने बताया कि पति, सास, ससुर व जेठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# वाटर कूलर के पास फिसलन से वृद्ध महिला का कूल्हा टूटा

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** सौ शैय्या अस्पताल की लापरवाही मरीजों और उनके तीमारदारों पर भारी पड़ रही है। सोमवार को अस्पताल में दो अलग-अलग हादसों ने स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी। फिसलने से दो लोग घायल हो गए। ग्राम सराय गूजरमल निवासी 70 वर्षीय शांति देवी अपनी आंखों के उपचार के लिए अस्पताल पहुंची थीं। इमरजेंसी वार्ड में लगे वाटर कूलर से पानी लेने के दौरान फर्श पर फैली गंदगी और पानी के कारण वह फिसल गईं। परिजनों द्वारा एक्सरे कराने पर पता चला कि उनका कूल्हा फ्रैक्चर हो गया है, जिसके बाद उन्हें निजी अस्पताल ले जाना पड़ा।

वहीं ग्राम तुलसीपुर निवासी 56 वर्षीय सूरज सिंह भी वाटर कूलर के पास फिसलकर गिर गए, जिससे उनकी कोहनी में चोट आई है। मरीजों के तीमारदारों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि इमरजेंसी के पास लगे वाटर कूलर से लगातार पानी टपकता रहता है। वहां नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं की जाती।

# गेस्ट हाउस में घुसकर मालिक व बेटे को पीट 50 हजार लूटे

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** गेस्ट हाउस मालिक के पुत्र से लोगों ने मारपीट करदी। काउंटर से 50 हजार रुपये नकद व गले में पड़ी सोने की चेन लूट ले गये। मामले की शिकायत पीडिता ने एसपी से शिकायत की है।

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के हसेरन कस्बा निवासी सुनीता चौहान पत्नी सर्वेश चौहान सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचीं। यहां उन्होंने शिकायती पत्र सौपा। इस में आरोप लगाया है कि 07 मार्चको समय करीव शाम 07 बजे वह अपने गेस्टहाउस के अंदर संचालन कर रही थी। उसी समय 12 से 15 लोग इस में तीन महिलाऐं भी सामिल थी गेस्टहाउस पहुंच गये। उक्त लोगों ने गाली गलौज की।

गाली देने से मना करने पर उनको व उनके पुत्र के साथ मारपीट की। पुत्रदीपक से खाचा झपटी करने लगे। इसी बीच काउंटर में रखे 50 हजार रुपये व दीपक के गले में पडी सोने



एसपी से शिकायत करने आई पीडिता व अन्य।

- पीडिता ने मामले की एसपी से की शिकायत पुलिस कर रही जांच

की चेन लूट ली। पुत्र को खींच कर अपनी गाड़ी में जबरन डालने का प्रयास किया। इसी बीच दीपक के हांथ छूट गये तो वह भागा। इस पर उक्त लोगों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। इससे परिवार भयभीत है।

## आयोजन

### नेता विपक्षीदल माता प्रसाद ने भरी हुंकार, बोले-आएगी पार्टी की सरकार

# सपा के होली मिलन समारोह में चढ़ा 27 के चुनाव का रंग



होली मिलन समारोह में विपक्षी दल के नेता माता प्रसाद पांडे व अन्य। अमृत विचार



होली मिलन समारोह में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार



उमर्दा में फाग गाते ग्रामीण व स्थानीय गायक। अमृत विचार

संवाददाता संवाददाता तिर्वा,कन्नौज

**अमृत विचार।** कन्नौज के तिर्वा में आयोजित समाजवादी पार्टी के होली मिलन समारोह पर आगामी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव का रंग बखूबी चढ़ा। यहां मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने हुंकार भरी और बोले कि इस बार प्रदेश में पार्टी की सरकार बनने जा रही है। इसके लिए कार्यकर्ता अभी से जमीनी स्तर पर जुट जाएं।

सोमवार को कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस में सपा का तिर्वा विधान सभा स्तरीय होली मिलन समारोह शिवेंद्र सिंह उर्फ कुक्कू चौहान की ओर से आयोजित किया गया। समारोह में नेता विपक्षी दल माता प्रसाद पांडे भी पहुंचे। जिला व स्थानीय नेताओं ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर पांडेय ने कहा कि कन्नौज समाजवादी लोगों की धरती है यहां से ही पूरे प्रदेश में एक लहर दौड़ेगी। आगामी विधानसभा के चुनाव में पार्टी प्रदेश में सरकार बनाएगी। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर जमीनी स्तर से आम मतदाताओं से संपर्क करने की नसीहत दी। इससे पहले कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने राधा-कृष्ण की सजीव झांकियां तथा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इससे पूर्व सैनिकों ने दीपेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व फूलमाला पहनाकर पांडेय का स्वागत किया। क्षेत्र से आए हजारों लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। अंत में आयोजक कुक्कू चौहान ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे, पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव, यश दोहरे, बऊअन तिवारी, जिला पंचायत सदस्य श्याम सिंह यादव, रजनी कुशवाहा, नेम सिंह यादव, यश दोहरे, यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### उमर्दा में होली मिलन, फाग गाकर मनाया उत्सव

- **उमर्दा।** हर साल की भांति इस बार भी सदभावना धाम बघेलेपुर्वा उमर्दा में होली मिलन समारोह सोमवार को हुआ। स्व रामनरेश यादव के भतीजे अन्नू यादव की अगुवाई में हुए आयोजन में दूरदराज से आये गायकों ने फाग व होली गीत गाये। इसमें रामौतार यादव, मलिखान सिंह, मुरली यादव, अन्नू यादव, बृजेश यादव, बीरेन्द सिंह, मान सिंह मास्टर आदि लोग मौजूद रहे।

# नेहरू महाविद्यालय में रोवर्स-रेंजर्स प्रवेश जांच शिविर

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** स्थानीय नेहरू महाविद्यालय में सोमवार से रोवर्स-रेंजर्स प्रवेश जांच शिविर का औपचारिक आगाज हुआ। शिविर के माध्यम से छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास का लक्ष्य रखा गया है।

पहले दिन सोमवार की शुरुआत गरिमामय ध्वज शिष्टाचार के साथ हुईष प्राचार्य प्रोफेसर जयवीर सिंह की उपस्थिति में ट्रेनर्स योगेश कुमार और पूजा वर्मा ने ध्वजारोहण की बारीकियों और उसके सम्मान के नियमों का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षकों ने स्काउटिंग के बुनियादी सिद्धांतों और नैतिक कर्तव्यों की जानकारी दी। इस पांच दिवसीय शिविर का संचालन रोवर्स प्रभारी मनीष कुमार एवं रेंजर्स प्रभारी डॉ. प्रियंका कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।



स्काउट गाइड के प्रशिक्षण में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### गोदाम में लगी आग से लाखों का बीज नष्ट

**कन्नौज।** तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के रमजनापुर में बीज भंडार की गोदाम में रात आग लग गई। जानकारी पर दुकान मालिक ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। इससे लाखों रुपये का कीटनाशक और मक्का बीज जलकर राख हो गया। गोदाम मालिक सुरजीत कुमार ने बताया कि आग से लगभग 125 बैग मक्का का बीज, 50 गत्ता पेस्टीसाइड, जाइम, सल्फर, रीजेंट कीटनाशक और खरपतवार नाशक सहित अन्य कृषि उत्पाद नष्ट हो गए। यह गोदाम रमजनापुर, पोस्ट गागेमऊ में स्थित है।उसे आशंका है कि गोदाम में मशीन चार्ज हो रही थी। शायद इसी से हुई स्पार्किंग से आग लगी। रात करीब 01 बजे गोदाम की छत पर सो रहे थे, तभी उन्हें जलने की गंध आई। नीचे उतरकर देखने पर पता चला कि उनकी गोदाम में ही आग लगी है। उन्होंने तुरंत ग्रामीणों को बुलाया, जिनकी मदद से आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना पचोर पुलिस चौकी इंचार्ज रामकुमार गौतम को दी गई है।

### फायरिंग करते युवक का वीडियो वायरल

**कन्नौज।** युवक का बंदूक से हर्ष फायरिंग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो संदीप दीक्षित नाम की आईडी से अपलोड किया गया है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। अमृत विचार वायरल वीडियों की पुष्टि नहीं करता है। फायरिंग करने का वायरल वीडियो छिबरामऊ के अस्पताल चौराहे का बताया जा रहा है। वीडियो में युवक हाथ में बंदूक लेकर फायर कर रहा है। तेज आवाज में गाना बज रहा है। यह वीडियो सोमवार सुबह 06 बजे संदीप दीक्षित की आईडी पर अपलोड किया गया था। कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि वायरल वीडियो उनके संज्ञान में आया है। वीडियो के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। फायरिंग करने वाले युवक की तलाश की जा रही है।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत शुरू

**छिबरामऊ।** बिशुनगढ़ के दुर्गा नगला में आस्था के केंद्र बाबा वीरेश्वर महाराज मठिया वाले मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का मंगल शुभारंभ हुआ। यात्रा मां आनंदी देवी मंदिर (माधौनगर) पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए। इसके पश्चात ज्वाला देवी पूजन और ग्राम रकरा स्थित मां गमा देवी मंदिर में विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। कलश यात्रा शिव मंदिर होते हुए वापस कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई, जहां श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कलश स्थापित किए।कथा के प्रथम दिन कथावाचक सिंधु कुमार दुबे ने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नीलम दुबे, शशी दुबे, मधु दुबे, पूनम दुबे, मंजू दुबे, रानी दुबे, गुड्डी दुबे, रीना दुबे, अनीता दुबे, पूजा दुबे, प्रतिभा दुबे, जया दुबे, मीनाक्षी दुबे, राधिका दुबे, रागनी दुबे सहित परीक्षित रामप्रकाश दुबे, आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### शांतिपूर्वक निपटी उर्दू, शिक्षाशास्त्र की परीक्षा

**कन्नौज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की ओर से जिले के 96 केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं चल रहीं हैं। सोमवार को सुबह की पाली में हाई स्कूल में उर्दू की परीक्षा 15 केंद्रों पर संपन्न हुई। इसमें पंजीकृत 229 परीक्षार्थियों में 214 उपस्थित हुए और 15 ने परीक्षा छोड़ दी। पहली पाली में ही इंटरमीडिएट में उर्दू का पेपर 08 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुआ। कुल पंजीकृत 60 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 56 शामिल हुए और 04 ने इम्तिहान से किनारा कर लिया। दोपहर की पाली में इंटरमीडिएट में शिक्षा शास्त्र की परीक्षा 70 केंद्रों पर चली, जिसमें पंजीकृत 1397 परीक्षार्थियों में से 1267 ने इम्तिहान दिया और 130 अनुपस्थित रहे।

### महिला ने दुकान से चुराए स्टॉल के 3 पैकेट

**फर्रुखाबाद।** एक महिला ने दुकान से स्टॉल के तीन पैकेट चुरा लिए। यह घटना पक्कापुल स्थित रानी साहिबा मस्जिद के पास हुई और सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकानदार मोहम्मद फैसल ने बताया कि उनकी दुकान का नाम शबनम नकाब है। शनिवार शाम करीब 5 बजे वे नमाज पढ़ने के लिए दुकान छोड़कर मस्जिद गए थे। इसी दौरान एक महिला दुकान के सामने से गुजरी और दुकान खाली देखकर वहां रखे स्टॉल के तीन पैकेट उठाकर ले गई। पुलिस जांच कर रही है।

# स्कूलों में मिड-डे मील के लिए दिए 4.67 करोड़ रुपये

## डीएम के अनुमोदन पर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से भेजी गई धनराशि

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले के 1576 स्कूलों में मिड-डे मील के लिए 04 करोड़ 67 लाख 95 हजार 392 रुपये भेज दिया गया है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण/मध्यान्ह भोजन) योजना के तहत यह भुगतान किया गया है। इसका लाभ कक्षा 01 से 08 तक के छात्र-छात्राओं को मिलेगा।



सोमवार को बांटे गए केले दिखाते बच्चे। अमृत विचार

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि जनपद में 1006 परिषदीय प्राथमिक विद्यालय, 259 उच्च प्राथमिक विद्यालय, 194 कंपोजिट विद्यालय, 39 अशासकीय सहायता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालय, 13 सहायता प्राप्त मदरसे, 04 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय विद्यालय, 01 अनुदानित संस्कृत विद्यालय तथा 60 इंटर कॉलेज सहित कुल 1576 विद्यालयों में शासन से निर्धारित मानक के अनुसार नियमित रूप से मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इन विद्यालयों में नामांकित कुल 01 लाख 38 हजार 863 छात्र- छात्राओं को योजना का लाभ मिलता है। बीएसए ने बताया कि जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के नेतृत्व में पूरी प्रक्रिया चल रही है। डीएम के अनुमोदन के बाद प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए 6.78 रुपये तथा उच्च प्राथमिक स्तर के छात्र- छात्राओं के लिए 10.17 रुपये प्रति छात्र की दर से बजट विद्यालयों के मध्यान्ह भोजन निधि खातों में भेजा गया है। योजना से बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराकर उनके शारीरिक विकास, ऊर्जा वृद्धि तथा शिक्षा ग्रहण करने की क्षमता को मजबूत बनाया जा रहा है।

## शैलेंद्र सिंह को किसान ड्रोन व सुमित को कल्टीवेटर मिला

**कन्नौज।** कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में एडीएम वित्त एवं राजस्व देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कृषि यंत्रों पर अनुदान लेने के लिए लाभार्थियों का चयन ई- लॉटरी प्रक्रिया से हुआ।

बताया गया है कि आवंटित लक्ष्यों की तुलना में अधिक संख्या में ऑनलाइन बुकिंग होने के कारण पोटैटो प्लांटर, किसान ड्रोन, कल्टीवेटर, स्ट्रॉ रीपर एवं थ्रेसिंग फ्लोर आदि कृषि यंत्रों के लिए ई-लॉटरी से लाभार्थियों का चयन किया गया। विकासखंड तालग्राम से बृजेश कुमार का पोटैटो प्लांटर, कन्नौज से शैलेंद्र सिंह का किसान ड्रोन व सुमित कुमार का कल्टीवेटर, सौरिख से मालती देवी का स्ट्रॉ रीपर, उमर्दा से जयपाल सिंह का स्ट्रॉ रीपर तथा कन्नौज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का थ्रेसिंग फ्लोर के लिए चयन किया गया। डीडी कृषि संतोष कुमार ने कहा कि वे निर्धारित समय में मानक के अनुरूप कृषि यंत्रों को खरीद कर अभिलेख पोर्टल पर अपलोड कराएं। ऐसा न करने पर चयन निरस्त कर अन्य कृषकों को मौका दिया जाएगा।

# तालग्राम में कोल्डस्टोरेज मिस्त्री का शव सड़क किनारे मिला

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** तालग्राम में एक कोल्डस्टोरेज मिस्त्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शव चौखटा चौराहे के पास सड़क किनारे मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



मथुरा प्रसाद।

तालग्राम थाना क्षेत्र के कलकत्तापुर्वा निवासी मथुरा प्रसाद वर्मा (58) पुत्र पुख्खी लाल कोल्ड स्टोरेज में मसीन का संचालन करता था। रविवार देर रात वह त्योर कोल्डस्टोरेज से अपनी बाइक से घर लौट रहा था लेकिन घर नहीं पहुंचा। इस के बाद परिजनों को सूचना मिली कि मथुरा प्रसाद चौखटा चौराहे के पास सड़क किनारे अचेत अवस्था में पड़ा है और उनकी बाइक भी वहीं खड़ी है। खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें सीएचसी तालग्राम ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।

- रविवार की रात कोल्ड स्टोरेज से लौटते समय हुई मौत
- शव चौखटा चौराहे के पास सड़क किनारे मिला

परिजन शव घर ले गए थे। सोमवार सुबह उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थाने के उप निरीक्षक दिनेश चंद्र मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

लोगों के अनुसार मथुरा प्रसाद की मौत दुर्घटना में हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी विनय शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चलेगा। इस के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### शौच को निकला युवक लापता, अपहरण का आरोप

कन्नौज। शौच के लिये निकला युवक लापता हो गया है। परिजनों ने तीन लोगों पर अपहरण का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।ठठिया थाना क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी महिला नस्सो बनो पत्नी मुख्तियार ने सोमवार को ठठिया थाने में दी तहरीर में कहा कि उनका पुत्र इरफान (23) बर्ष 08 मार्च रविवार सुबह शौच के लिए गया था। काफी देर तक वापस न आने पर खोज की। लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पीडित मां ने तीन लोगों पर अपहरण का आरोप लगाया है। कहा कि 03 मार्च को इन लोगों के साथ किसी बात को लेकर पुत्र का विवाद हुआ था। इसके बाद होली के दिन, 04 मार्च को दो ट्रैक्टरों पर सवार होकर ये लोग गांव आए और उनके घर पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़ित महिला का आरोप है कि आरोपी दबंग किस्म के लोग हैं और उनके पुत्र के साथ कुछ भी कर सकते हैं। थाना प्रभारी देवेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद पुलिस टीम को युवक की तलाश में जुट गई है।

## वाहन की टक्कर से कार पलटी तीन लाख रुपये हुए गायब

संवाददाता मानीमऊ

- किसी अज्ञात युवक ने कार से चोरी कर लिये रुपये
- मामले की शिकायत पुलिस से की गई, जांच की जा रही है

**अमृत विचार।** अज्ञात वाहन की टक्कर से कार पलट गई। इसमें सवार लोग घायल हो गये। इसी बीच किसी ने कार में रखे तीन लाख रुपये पार कर दिये। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है।

सोमवार को मानीमऊ यू-टर्न के पास से गुजर रही कार को पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार सड़क पर पलट गई। कार सवार अम्तेश दुबे निवासी जसोदा कोतवाली गुरसहायगंज व नवीन पांडे निवासी कानपुर जो कोकोकोला कंपनी के सेल्स ऑफिसर हैं। दोनों लोग कार में सवार होकर कानपुर जा रहे थे। जैसे ही मानीमऊ में हाईवे पर किसी वाहन ने कार में टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार के चारों पहिये ऊपर उठ गये। दोनों को मामूली चोटे आई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कार में सवार लोगों को बाहर निकाला। लोगों ने किसी तरह कार को सीधा कर साइड में खड़ा किया। अम्तेश दुबे ने बताया जब गाड़ी पलटी तभी गाड़ी के चारों पहिए ऊपर हो गए हम लोग किसी तरह से निकले। इसी दौरान कार के डेक्स बोर्ड में रखे तीन लाख रुपए जो ठंडा कंपनी को देने के लिए रखे थे वह किसी ने पार कर दिए। मामले में पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। दुर्घटना करने वाले अज्ञात वाहन की तलाश किया जा रहा है।

# मुकेश अध्यक्ष, प्रभात मंत्री और हर्षित बने कोषाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई कन्नौज का तीन वर्षीय अधिवेशन (चुनाव) सोमवार को शहर में संपन्न हुआ। जिसमें तीनों पदों पर एक- एक नामांकन पत्र दाखिल होने की वजह से मुकेश राजपूत को अध्यक्ष, प्रभात गौतम को मंत्री एवं हर्षित दीक्षित को निर्विरोध कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि वह शिक्षक हित में जिम्मेदारी निभाते रहेंगे।

निर्वाचन प्रक्रिया में पर्यवेक्षक दल में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रमोद यादव एवं जिला संयुक्त मंत्री मोहम्मद जावेद अहमद सिद्दीकी रहे। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील यादव,



निर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश राजपूत, मंत्री प्रभात गौतम व कोषाध्यक्ष हर्षित दीक्षित।

- प्राथमिक शिक्षक संघ की सदर ब्लॉक इकाई निर्विरोध घोषित
- अध्यापक हित में जिम्मेदारी निभाने का लिया संकल्प

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुनील राजपूत, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र यादव, अवध नारायण, जलालाबाद अध्यक्ष रमाकांत पाल, सौरभ कन्नौजिया, रीमा गौतम, जसकरन सिंह, धीरेंद्र पाल, मातादीन कनौजिया, मोहम्मद फुरकान, मोहम्मद फिरोज, आदेश वर्मा व कौशलेंद्र ने खुशी जताई।

## दो केंद्रों पर होगा बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शहर के दो केंद्रों पर होगा। दोनों ही कक्षाओं के लिए एक- एक केंद्र बनेगा। स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में कॉपियां जांची जाएंगी। केंद्र निर्धारण का प्रस्ताव यूपी बोर्ड प्रयागराज को भेजा जा चुका है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 12 मार्च को समाप्त हो रहीं हैं। उसके बाद उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के लिए कॉपियां इधर- उधर जनपदों में भेजी जाएंगी। कहा जा रहा है कि मूल्यांकन कार्य 18 मार्च से शुरू हो सकता है। हालांकि इस बारे में डीआईओएस कार्यालय से बताया गया है कि इस बारे में अब तक लिखित में कोई पत्र नहीं आया है। इतना जरूर बताया गया है कि शहर के एसबीएस इंटर कॉलेज और केके इंटर कॉलेज में उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की प्रक्रिया चलेगी।

एसबीएस में हाईस्कूल तो केके इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की कॉपियां जांची जाएंगी। इसके लिए परीक्षक व उप प्रधान परीक्षक तैनात भी किए जाएंगे। फिलहाल ज्यादातर अध्यापक बोर्ड परीक्षा कराने में जुटे हैं। महज तीन दिन ही इम्तिहान समाप्त होने में रह गए हैं। उसके बाद उत्तरपुस्तिकाएं जिले के बाहर चली जाएंगी। साथ ही मूल्यांकन की तैयारी जोर पकड़ेगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवती का शव

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कासगंज-फर्रुखाबाद रेलवे मार्ग पर कंपिल थाना क्षेत्र के कादर दादपुर सराय गांव के पास सोमवार सबेरे एक 18 वर्षीय युवती रेशमा पुत्री संजीव का क्षत-विक्षत शव मिला है। युवती के घर में 21 अप्रैल को उसकी शादी की तैयारियां चल रही थीं।



रेशमा।

सोमवार सुबह करीब 7.15 बजे रेलवे के गैंगमैन रामबरन ने ट्रैक से गुजरते समय पोल संख्या 172/15 के पास शव देखा। उन्होंने तुरंत स्टेशन अधीक्षक चक्रपाणि को सूचना दी। शव धड़ से अलग था और क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा था, जिसके बाद उसे रेलवे ट्रैक से हटाया गया। पिता संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि रेशमा की शादी कासगंज जनपद के सिड़पुरा (सुल्तानपुर) में तय हुई थी हालांकि, रेशमा की मां सोनी के अनुसार, रेशमा इस शादी के खिलाफ थी।उसका अलीगंज क्षेत्र के एक युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था, जिससे वह अक्सर फोन पर बात करती थी। रविवार शाम को उस युवक को गांव में भी देखा गया था। रात में पिता संजीव के दुकान से लौटने के बाद इसी बात को लेकर घर में कहासुनी और मारपीट हुई। इससे क्षुब्ध होकर रेशमा रात करीब 11 बजे घर से निकल गई। परिजनों को रात 1 बजे उसके गायब होने का पता चला, लेकिन काफी तलाश के बाद भी वह नहीं मिली। मां सोनी ने यह भी दावा किया है कि रेशमा के घर से जाने के बाद बक्से में रखे एक लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के कीमती आभूषण, जिनमें झाले, कुंडल, पायल और गुच्छा शामिल हैं, भी गायब हैं।

**21** अप्रैल को उसकी शादी होने वाली थी

### ननद-ननदोई सहित 8 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

फर्रुखाबाद। नवाबगंज के पारस हत्याकांड में एक नया मोड़ आ गया है। मृतक पारस की पत्नी कृपंती देवी ने न्यायालय के आदेश पर अपनी ननद, ननदोई सहित आठ लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। यह कार्रवाई तब हुई है जब इससे पहले पारस की बहन ने कृपंती देवी के खिलाफ ही हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है। नगला हीरा सिंह निवासी पारस राजपूत का शव 24 दिसंबर 2025 को उसकी दुकान में बेड पर पड़ा मिला था। कृपंती का आरोप है कि आरोपियों ने जमीन के लालच में उनके पति की हत्या की है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि दोनों प्राथमिकी दर्ज कर ली गई हैं और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## शहादत-ए-हजरत अली की याद में निकला ताबूत का जुलूस

**फर्रुखाबाद।** माह रमजान की 19वीं तारीख को शहर में शिया समुदाय की ओर से अमीरुल मोमिनीन हजरत अली अलैहिस्सलाम की शहादत की याद में गमगीन माहौल में ताबूत का जुलूस निकाला गया।

सोमवार सुबह फजर की नमाज के बाद करीब साढ़े पांच बजे मस्जिद में मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को मौलाना सदाकत हुसैन सैंथली ने खिताब करते हुए अमीरुल मोमिनीन हजरत अली अलैहिस्सलाम पर हुए कातिलाना हमले और उनकी शहादत का मार्मिक बयान किया। मौलाना ने कहा कि हजरत अली की शख्सियत इंसाफ, सब्र और इंसानियत की मिसाल है। उनके बयान को सुनकर मजलिस में मौजूद अजादारों की आंखें नम हो गईं और माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया।

# विश्वकप में भारत की जीत पर तिरंगा ले सड़कों पर निकले लोग

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रविवार देर रात्रि भारत ने टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड को हराकर एक बार फिर ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। इस जीत के साथ ही पूरे जिले में जश्न का माहौल छा गया। लोगों ने सड़कों पर उतरकर तिरंगा लहराया, आतिशबाजी की और ढोल-नगाड़ों पर जमकर डांस किया।

जैसे ही अभिषेक शर्मा ने न्यूजीलैंड का दसवां विकेट गिराकर मैच जीता, फर्रुखाबाद शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक आतिशबाजी शुरू हो गई। नवाबगंज, कमालगंज, मोहम्मदाबाद, कायमगंज, शमशाबाद फतेहगढ़, फर्रुखाबाद में बड़ी संख्या में लोग सडक़ों पर तिरंगा लेकर निकल आए और ढोल-नगाड़ों की धुन पर थिरकने लगे।



रविवार देर रात्रि शहर के चौक पर छुड़ाई जा रही आतिशबाजी। अमृत विचार

फर्रुखाबाद शहर के चौक पर भी भारी भीड़ जमा हो गई। लोग हाथों में तिरंगा लिए चौक पर पहुंचे और जमकर आतिशबाजी छोडक़र अपनी खुशी का इजहार किया। मैच के दौरान जैसे-जैसे न्यूजीलैंड के विकेट गिरते गए, शहर में लोगों का उत्साह बढ़ता गया और वे सडक़ों पर जमा होते गए। शहर के साहबगंज इलाके में लोग सडक़ पर ही मैच देखने के लिए रुक गए थे। भारत की जीत होते ही वे खुशी से झूम उठे। चौक पर लोगों ने तिरंगा लहराया, ढोल पर डांस किया और 'जय हिंद' के नारे लगाए। शहर के विभिन्न स्थानों पर जमकर आतिशबाजी चलाई गई, जिससे दीपावली जैसा नजारा देखने को मिला।

आक्रोश — काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया और एडीओ पंचायत अजीत पाठक को एक ज्ञापन सौंपा

# मानदेय-ईपीएफ भुगतान न होने पर मनरेगा कर्मियों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** राजेपुर ब्लॉक में सोमवार दोपहर मनरेगा कर्मियों ने मानदेय और ईपीएफ भुगतान न होने पर नाराजगी व्यक्त कर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। साथ ही एडीओ पंचायत अजीत पाठक को एक ज्ञापन सौंपा।

यह प्रदर्शन मनरेगा कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के बैनर तले किया गया। इसमें ग्राम रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, लेखा सहायक, तकनीकी सहायक और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी शामिल थे। सभी ने प्रशासन से जल्द से जल्द लंबित भुगतान करने की मांग की। कर्मचारियों ने




एडीओ पंचायत को ज्ञापन देते मनरेगा कर्मी। अमृत विचार

जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को संबोधित एक पत्र में बताया कि जनपद के मनरेगा कर्मियों ने विभाग के निर्देशों के अनुसार सभी लक्ष्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने एसआईआर, क्रॉप सर्वे सहित अन्य विभागीय कार्यों में भी पूरा सहयोग दिया है। पत्र में आगे कहा गया है कि विभागीय शिथिलता के कारण मई 2025 से अब तक मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त, ईपीएफ की देनदारी भी लंबे समय से लंबित है। कर्मचारियों ने बताया कि दीपावली और होली जैसे त्योहारों पर भी भुगतान न होने से उनकी पारिवारिक जिम्मेदारियां प्रभावित हो रही हैं।

मनरेगा कर्मियों ने यह भी उल्लेख किया कि प्रदेश में कई स्थानों पर मानदेय न मिलने के कारण कर्मचारियों के साथ गंभीर घटनाएं हो चुकी हैं। संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इस संबंध में 23 फरवरी 2026 को रोजगार गारंटी आयुक्त से भी मिलकर समस्या से अवगत कराया गया था।कर्मचारियों का कहना है कि प्रदेश में सर्वाधिक मानव दिवस सृजित होने के बावजूद कर्मचारियों को समय पर भुगतान न होना गंभीर वित्तीय अनियमितता की ओर संकेत करता है। मनरेगा कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं हुआ तो वे आगे की रणनीति तय करने को बाध्य होंगे।

इस मौके पर विकासखंड राजेपुर के कई मनरेगा कर्मियों ने हस्ताक्षर कर प्रशासन से लंबित मानदेय व ईपीएफ भुगतान जल्द कराने की मांग की। एपीओ राशिद खान, प्रबल जगतपाल और राकेश जगतपाल सहित अन्य मनरेगा कर्मी मौके पर मौजूद रहे।

## विवाहिता की हत्या में पति सहित चार के विरुद्ध रिपोर्ट

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कायमगंज नगर से सटे प्रेमनगर गांव में एक विवाहिता की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने पति, सास, ससुर और देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मोहल्ला घसिया चिलौली निवासी चंद्रकिशोर कोरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी शिवानी की शादी चार वर्ष पहले प्रेमनगर निवासी विजय से की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले मायके से पैसे लाकर मकान बनवाने का दबाव बना रहे थे। असमर्थता जताने पर शिवानी को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था।

पिता ने आरोप लगाया कि शनिवार सुबह करीब 10 बजे पति विजय, ससुर रामनिवास, सास पुष्पा और देवर राघव ने मिलकर शिवानी के साथ मारपीट की। इसी दौरान विजय ने धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया गया कि घटना के बाद ससुराल पक्ष ने मायके वालों को सूचना नहीं दी। आसपास के लोगों से जानकारी मिलने पर जब पिता अस्पताल पहुंचे, तब तक शिवानी की मौत हो चुकी थी। शिवानी अपने पीछे 14 माह की मासूम बेटी काव्या को छोड़ गई है। सीओ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर पति, सास, ससुर और देवर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# लोगों ने जमकर सराहे समूहों के उत्पाद

## सदर विधायक ने सरस मेले में लगे स्टालों का किया अवलोकन, स्वंय सहायता समूहों के द्वारा लगाए गए थे स्टाल



स्टाल में रखे उत्पादों का निरीक्षण करतीं सदर विधायक सरिता भदौरिया। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार**। उपायुक्त स्वतः रोजगार विनय कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजनान्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्व-निर्मित उत्पादों के विपणन एवं विक्रय हेतु राजकीय इंटर कालेज परिसर में सरस मेला का आयोजन किया गया। मेला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया ने किया।

सरस मेला में विकास खण्ड बढ़पुरा, भरथना, महेवा, जसवंतनगर, बसरेहर एवं सैफई ब्लॉक से समूह की महिलाओं द्वारा स्व-निर्मित उत्पादों के स्टॉल लगाये गये। सदर विधायक द्वारा स्टॉलों का निरीक्षण कर समूह की महिलाओं से उत्पादों के बारे में जानकारी ली गयी तथा महिलाओं द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समूहों में काम करने से महिलाएं स्वावलंबी बनती हैं। उपायुक्त स्वतः रोजगार विनय कुमार द्वारा बताया गया कि समूहों द्वारा पंचनद के उत्पाद अब ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से बिक्री प्रारम्भ हो चुकी है। मेला में महेवा की आरती के फास्टफूड, भरथना की रजनी के माउथ फ्रेशनर, बढपुरा की संगीता देवी के मिलेट्स उत्पाद एवं महेवा की पदमा का अचार उत्पाद आकर्षण का केन्द्र रहे।

इसके अतिरिक्त अन्य विकास खण्डों से भी अच्छे उत्पादों के स्टॉल लगाये गये। इस अवसर पर जिला मिशन प्रबन्धक सूर्य नारायण पाण्डेय, संतोष कुशवाहा, विप्लव भूषण, दीपेन्द्र सिंह, ब्लाक मिशन प्रबन्धक अजय राजपूत, रिंकू राजपूत, आशुतोष चौहान, बृजेन्द्र कुमार एवं समूह की दीदी उपस्थित रहीं।

### इंस्पायर अवार्ड योजना में चयनित मेधावी सम्मानित

महेवा। विकास खंड क्षेत्र के ग्राम नवादा खुर्द कला स्थित जनता आदर्श माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत तीन मेधावी छात्र छात्राओं का इंस्पायर अवार्ड योजना में चयन होने पर विद्यालय परिवार एवं संभ्रांत व्यक्तियों ने उनको सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अंकित शुक्ला ने बताया कि इस छात्रवृत्ति परीक्षा में विद्यालय की मानवी पुत्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह, पलक पुत्री रमन प्रताप सिंह तथा प्रशान्त कुमार पुत्र सत्यप्रकाश बैठे थे, जिनका चयन इंस्पायर अवार्ड हेतु मेरिट के आधार पर हुआ है। छात्र छात्राओं को ग्राम नवादा खुर्द कलां के पूर्व प्रधान पन्ना लाल एवं समाजसेवी अंशू चौहान ने माल्यार्पण कर उत्साहवर्धन किया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ता है। अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अंकित शुक्ला, वरिष्ठ सहायक अध्यापक जगदीश सिंह, भानु प्रताप सिंह एवम लिपिक पुष्पेंद्र सिंह सहित छात्र छात्राओं के अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# यूपीएससी में चयन होने पर आदित्य को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता इटावा



आदित्य को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

- आदित्य कुमार ने सुदिति ग्लोबल स्कूल में शिक्षा ग्रहण की है

**अमृत विचार**। प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सुदिति ग्लोबल एकेडमी के पूर्व छात्र आदित्य कुमार सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त कर विद्यालय परिवार तथा पूरे जनपद को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित कर उनका स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक सतीश कुमार, प्रबंध निदेशक मयंक कुमार तथा प्रधानाचार्य कमल कुमार ने आदित्य को पटका पहनाकर एवं प्रतीक-चिह्न देकर सम्मानित किया।

अपने छात्र जीवन को याद करते हुए आदित्य कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय में मिले अनुशासन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और सकारात्मक शैक्षिक वातावरण ने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विशेष रूप से अपने कक्षा अध्यापक प्रवीन अग्रवाल के निर्देशन और प्रधानाचार्य के अनुशासन को सफलता का राज बताया। इस अवसर पर प्रबंधक सतीश कुमार व प्रधानाचार्य कमल कुमार ने कहा कि आदित्य अपने अध्ययन काल से ही परिश्रमी और जिज्ञासु छात्र रहे हैं। उन्होंने आदित्य को हार्दिक बधाई देते हुए अन्य छात्रों के लिए उन्हें प्रेरणास्रोत बताया।

## न्यूज ब्रीफ

### पांटून पुल से बाइक फिसलने से किशोर यमुना में डूबा

चकरनगर। नौगावा निवासी नसीम खान का 17 वर्षीय पुत्र समीम सोमवार को बाइक से एक रिश्तेदार को महेवा छोड़ने गया था। रिश्तेदार को टेम्पो में बैठाकर वह वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान अंदावा पांटून पुल से गुजरते समय अचानक उसकी बाइक फिसल गई और वह बाइक समेत यमुना नदी में जा गिरा। देखते ही देखते किशोर नदी की तेज धारा में लापता हो गया। चकरनगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से नदी में युवक की तलाश शुरू कराई। देर शाम तक युवक का कोई सुराग नहीं लग सका था। एसडीएम ब्रह्मानंद कठेरिया ने बताया कि पांटून पुल से गुजरते समय बाइक फिसलने से किशोर नदी में डूब गया है। उसकी तलाश के लिए एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया है और खोजबीन जारी है, जल्द ही उसका पता लग जायेगा।

### रेलवे ने महिला कर्मियों को किया सम्मानित

भरथना। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भरथना रेलवे स्टेशन पर कार्यरत दो महिला पॉइंट्समैन को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। रविवार की शाम स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार द्वारा महिला पॉइंट्समैन खुशबू यादव और मनीषा कश्यप को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक ने कहा कि दोनों महिला कर्मियों ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ किया है। उन्होंने बताया कि भरथना रेलवे स्टेशन पर सीआरओ व एमआरओ से जुड़े संभावित हादसों को रोकने में भी दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस मौके पर स्टेशन मास्टर अभिषेक कुमार, जीआरपी के हेड कांस्टेबल रवींद्र कुमार, कमलेश बाबू व अवलेंद्र सहित अन्य कर्मचारी भी रहे।

### मेरा युवा भारत में कराए खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम

इटावा। भारत सरकार के खेलकूद व युवा मंत्रालय के मेरा युवा भारत की ओर से युवती मंडल शंकरपुर बसरेहर में खेलकूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भागीदारी की। शंकरपुर नगला में हदियान स्थित सामुदायिक केंद्र में आयोजित किए गए कार्यक्रम में खेलकूद के लिए कैरम, म्यूजिकल चेयर और बैलून गेम जैसी प्रतियोगिताएं कराईं गई जिनमें महिलाओं और बालिकाओं ने भागीदारी की। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराए गए। ग्राम पंचायत शंकरपुर की प्रधान पारुल इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति में बालिकाएं भागीदार बनेंगी। कार्यक्रम में युवती मंडल की अध्यक्ष रितिका, उमाशंकर सिंह, संगीता, दीपेश कांत, दीपेंद्र मौजूद रहे।

### नि:शुल्क ग्रामीण नेत्र चिकित्सा शिविर 15 को

इटावा। चौधरी रघुराज सिंह स्मारक संस्थान द्वारा चौ. रघुराज सिंह पूर्व सांसद की 20 वीं पुण्यतिथि पर 15 मार्च रविवार को प्रात: 10 बजे नि:शुल्क ग्रामीण नेत्र चिकित्सा शिविर पंचायत भवन बम्हनीपुर ब्लाक ताखा में आयोजित किया जायेगा। संयोजक जितेंद्र चौधरी एड., महेश चन्द्र तिवारी, शिवा तिवारी प्रधान बम्हनीपुर ने बताया कि नेत्र शिविर में डॉ. उमेश अहिरवार झांसी, डॉ. आर एस शुक्ला आगरा, डॉ. आर के एस भदौरिया द्वारा मरीजों का परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने नेत्र रोगियों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# स्कूल में छात्रा के झाड़ू लगाने का वीडियो वायरल होने से हड़कंप

संवाददताता महेवा इटावा



स्कूल में झाड़ू लगाती छात्रा। अमृत विचार

- एबीएसए ने मामले का संज्ञान लेते हुए प्रधानाध्यापक को नोटिस जारी किया

**अमृत विचार**। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मेंहदीपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों से झाड़ू लगवाने का मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ग्रामीणों और अभिभावकों में आक्रोश देखा जा रहा है। हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

सोमवार को सामने आए वीडियो और तस्वीरों में छात्र-छात्राएं पढ़ाई के बजाय विद्यालय परिसर में झाड़ू लगाते दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानाध्यापक ने विशेष रूप से एक छात्रा से झाड़ू लगवाई। इस घटना के बाद अभिभावकों ने बच्चों से सफाई करवाने को शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाला बताया है। ग्रामीणों और अभिभावकों ने घटना पर कड़ी नाराजगी जताई है। अभिभावक मुनेश सिंह, बिश्राम सिंह और विमल कुमार ने कहा कि स्कूल बच्चों की शिक्षा का केंद्र होता है। हम अपने बच्चों को पढ़ने के लिए भेजते हैं, न कि उनसे झाड़ू लगवाने के लिए। यदि स्कूल में पढ़ाई की जगह बच्चों से साफ-सफाई कराई जा रही है तो यह नियमों का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने शिक्षा विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में प्रधानाध्यापक अम्बरीश कुमार का कहना है कि विद्यालय में पहले से ही सफाईकर्मी तैनात है और वह रोजाना अपना काम समय से करता है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकारी नहीं है कि छात्रा झाड़ू क्यों लगाने लगी। मामले की जानकारी कराई जाएगी।

वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मेंहदीपुर भुवनेश कुमार ने बताया कि विद्यालय में कोई स्थायी सफाईकर्मी तैनात नहीं है। हालांकि ग्राम पंचायत पर सफाईकर्मी नियुक्त है जो रोस्टर के अनुसार कभी-कभी विद्यालय में साफ-सफाई के लिए जाता है, लेकिन प्रतिदिन नहीं।

### लोक अदालत 14 को

इटावा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला जज रजत सिंह जैन की अध्यक्षता में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों, दांपत्य विवादों का प्री-लिटिगेशन स्तर पर, आर्बिट्रेशन, तुच्छ आपराधिक प्रकृति के वाद, पारिवारिक वाद, आपराधिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, राजस्व, चकबन्दी, बैंक मामले, धारा 138 एनआई एक्ट, सर्विस के मामले, श्रमिक वाद, भरण पोषण वाद आदि प्रकार के मामले निस्तारित किये जायेंगे। विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आरती द्विवेदी ने बताया कि लोक अदालत में धन व समय की बचत होती है। विभिन्न न्यायालयों में लंबित मुकदमों को व प्री-लिटिगेशन स्तर के दाम्पत्य वादों के शीघ्र निस्तारण हेतु अपने मामले को राष्ट्रीय लोक अदालत में लगवाये जिससे एक ही बार में मुकदमों से मुक्ति पा सकें। अधिक से अधिक वादों के निस्तारण काराया जाये।

# पागल बाबा गंगासागर धाम में होली मिलन की रही धूम

संवाददताता भरथना इटावा



होली मिलन समारोह में मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार**। क्षेत्र के भरथना बकेवर मार्ग पर विरौंधी मोड स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल ॐ श्री पागल बाबा गंगासागर धाम, भरथना में रविवार को होली मिलन समारोह एवं विशेष महोत्सव संगोष्ठी का आयोजन धूमधाम से संपंन हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु व नागरिक शामिल हुए और एक-दूसरे को होली की बधाई देकर होली मिलन का आनंद लिया।

कार्यक्रम में दोपहर दो बजे से होली मिलन व विशेष महोत्सव संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। इस दौरान "होली के रंग पागल बाबा जी के संग" थीम के साथ विशेष रूप से फूलों की होली खेली गई, जिसमें उपस्थित लोगों ने फूल बरसाकर आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन करुणाशंकर दुबे ने किया। इसी क्रम में आयोजक व धाम के मुख्य न्यासी श्याम सुन्दर चौरसिया ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन श्रद्धालुओं तथा नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ मिलकर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता अन्नू, शिव प्रसाद यादव, शिव महेश दुबे, थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनोज पोरवाल, नीता पोरवाल, व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष संतोष चौहान, नगर अध्यक्ष रज्जन पोरवाल, सुमन पोरवाल, डॉ योगेंद्र दुबे, संजीव दीक्षित, हरनाथ सिंह कुशवाह, राजेश तिवारी, आशु, संजय चौरसिया, गुड्डू चौरसिया, शीतल चौरसिया, राहुल चौरसिया समेत सैकड़ों भक्तों ने पागल बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

# डिजिटल इंडिया पर हुई चर्चा

कार्यालय संवाददताता इटावा




स्वंय सेवकों को सम्बोधित करतीं प्रो. पदमा त्रिपाठी।

**अमृत विचार**। सराय ऐसर में चल रहे एनएसएस शिविर में प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने सप्त-दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस में डिजिटल इंडिया विषय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष प्रो. पदमा त्रिपाठी ने स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए डिजिटल इंडिया के विषय में विस्तार से बताया। कालेज के कंप्यूटर विभाग के प्रभारी कौशलेंद्र यादव ने तकनीकी के भिन्न पहलुओं एवं इतिहास की जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजीत कुमार दीक्षित ने जीवन में तकनीकी के महत्व पर प्रकाश डाला। सप्त-दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का प्रारम्भ स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा शिविर में साफ़ सफ़ाई एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से हुआ। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता जागरूकता का कार्य किया गया। सभी स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं ने शिविर में भोजन किया तथा वक्ताओं द्वारा डिजिटल इंडिया के विषय में स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सभी ने सहयोग किया। सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता की गयी तत्पश्चात दिवस का अवसान राष्ट्रगान के साथ हुआ। शिविर के सहायतार्थ डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ नमिता पाण्डेय तथा डॉ. नीता पांडेय आदि शिक्षक साथी तथा स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं पीड़ित महिलाओं की समस्याएं

कार्यालय संवाददताता इटावा



युवती को प्रमाण पत्र देतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी।

**अमृत विचार**। उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में महिला जनसुनवाई करते हुए पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना।

जनसुनवाई के दौरान 7 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें सबसे ज्यादा महिला उत्पीड़न एवं पुलिस विभाग से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। आयोग की सदस्य ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त प्रकरणों का 15 दिन के अंदर निस्तारण किया जाए। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं/ शिकायतों से रुबरू होते हुए कहा कि समस्याओं से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित न्याय देने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों का भी दायित्व बनता है कि वे महिलाओं एवं बालिकाओं की छोटी-बड़ी शिकायतों को गम्भीरता से लें और त्वरित कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाना सुनिश्चित करें, जिससे समस्याओं से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को न्याय के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। उक्त अवसर पर सीओ जसवन्तनगर आयुषी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं पीड़ित महिलाएं आदि उपस्थित रहे।

# चोरी की योजना बना रहे चार शातिर चोर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार**। फ्रेंड्स कालोनी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर रेलवे कालोनी स्थित पानी की टंकी के पास से चोरी की योजना बना रहे चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोरों के पास से चोरी के काम आने वाले उपकरण के अलावा दस हजार रुपया नकद बरामद हुए। पुलिस ने पकड़े गए सभी चोरों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

एसओ फ्रेंड्स कालोनी अमित मिश्रा अपनी टीम के साथ संदिग्धों की तलाश में गश्त पर थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ संदिग्ध लोग रेलवे कालोनी में पानी की टंकी के पास मौजूद है। वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना पर उन्होंने अपनी टीम के साथ छापा मारकर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में पकड़े गए लोगों के पास से चोरी के काम आने वाले उपकरण के अलावा दस हजार रुपया नकद बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए चोरों ने अपने नाम बृजेश उर्फ बच्चे पुत्र फूलन सिंह निवासी तहसील तिराहा गिहार कालोनी शिकोहाबाद ,मुखिया पुत्र लायक सिंह निवासी गिहार कालोनी सिरसागंज ,गौरव पुत्र फूलन सिंह निवासी तहसील तिराहा गिहार कालोनी शिकोहाबाद ,दीपक पुत्र अनन्तराम निवासी मोहल्ला कायमगंज थाना सिरसागंज बताया। पूछताछ में उन्होंने कई चोरी की घटनाओं में अपना हाथ होने की बात स्वीकार की। पुलिस ने पकड़े गए चारों चोरों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

**आयोजन** समूहों के निदेशक मंडल व नए पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

# जायंट्स समूहों के होली मिलन समारोह में उड़ा गुलाल

कार्यालय संवाददाता इटावा



कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. शिवराज सिंह व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार**। जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन यूनिट-एक के तत्वावधान में दतावली वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 5, दतावली डायमंड, राइजिंग स्टार, तेजस्विनी और शाइनिंग स्टार का सामूहिक अधिष्ठापन कार्यक्रम पान कुंअर स्कूल में सम्पन्न हुआ साथ ही प्रथम यूनिट काउंसिल मीट, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस होली मिलन का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रश्मि यादव अध्यक्ष दतावली समूह द्वारा की गई। इस अवसर पर जायंट्स दतावली की अध्यक्ष रश्मि यादव, दतावली डायमंड की अध्यक्ष स्नेह अग्रवाल, राइजिंग स्टार की अध्यक्ष अर्चना बाजपेई, शाइनिंग स्टार की अध्यक्ष सोनिया गुप्ता, तेजस्विनी की अध्यक्ष सीमा चौहान एवं सभी समूहों के निदेशक मंडल तथा नवीन सदस्यों द्वारा शपथ ली गई। ऊषा यादव ने कृष्णा चौधरी, कृष्णा शर्मा, संगीता तिवारी, केशवती गोयल, कमला देवी, कुसुम गुप्ता अंजू दुबे आदि को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। फेडरेशन अध्यक्ष विपिन मित्तल ने समूह अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को दायित्व बोध कराते हुए समस्त समूहों के अध्यक्ष, प्रशासनिक निदेशक तथा वित्त निदेशक को प्रतीक चिह्न प्रदान किए। आशा अवस्थी ने प्रशासनिक निदेशक को दायित्व बोध कराया, अपर्णा सिंह ने वित्त निदेशक को दायित्व बोध कराया। संचालन ऋतु चौहान द्वारा किया गया। राजदा खातून एवं श्री राम सजीवन सिंह ने होली गीत की गायन प्रस्तुति की अनन्या गुप्ता ने होली गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति की

होली मिलन केअवसर पर सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाया तथा फूलों की होली खेली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ शिवराज सिंह यादव सदस्य केंद्रीय समिति जायंट्स, अति विशिष्ट अतिथि ऊषा यादव सदस्य विशेष समिति जायंट्स, विपिन मित्तल अध्यक्ष फेडरेशन -5), कैलाश यादव प्रधानाचार्य, विशिष्ट अतिथि अपर्णा सिंह फेडरेशन वित्त अधिकारी, आशा अवस्थी कोऑर्डिनेटर, डॉ प्रशांत मिश्रा, नीतू पुरवार यूनिट डॉयरेक्टर, राजदा खातून, संगीता अग्रवाल, मनीष सहाय, ऋतु चौहान आदि उपस्थित रहे।

### जायन्ट्स सहेलियों ने एक दूसरे को किया सम्मानित

इटावा। जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली ने कल्पना वशिष्ठ के आवास पर बहनों ने एक दूसरे को सम्मानित करके महिला दिवस मनाया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र जनता महाविद्यालय अजीतमल औरैया डॉ कल्पना वशिष्ठ का विशेष सम्मान किया गया। सावित्री ने बताया कि 1977 में सबसे पहली बार अमेरिका और यूरोप में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। सहेली अध्यक्ष विमल शर्मा ने बताया कि यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों, संघर्षों और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए समर्पित है। इस अवसर पर सावित्री अग्रवाल, कमलेश शर्मा, मीनाक्षी सक्सेना, रीना वर्मा, नीलिमा श्रीवास्तव, खुशबू पाठक, प्रज्ञा दोषी आदि का विशेष योगदान रहा।

# पिकअप की टक्कर से पलटी कार, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार**। फिरोजाबाद बार्डर स्थित कठफोरी के पास पिकअप की टक्कर से ईको कार पलट गई, जिससे बालक की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार चिक बस्ती बसरेहर निवासी अनिकेत 12 वर्ष पुत्र अशोक कुमार कठेरिया अपने दोस्त हरगोविंद की बहन के तिलक कार्यक्रम में शामिल होने चितभवन से फिरोजाबाद गया था। कार्यक्रम से लौटते समय कठफोरी के पास सामने से आई पिकअप ने कार में टक्कर मार दी जिससे कार पलट गई और अनिकेत की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय कार में चालक समेत छह लोग सवार थे। दुर्घटना में हरि गोविंद पुत्र रमाकांत निवासी चितभवन इकदिल, राहुल पुत्र विनोद शर्मा निवासी चितभवन इकदिल, देवेंद्र पुत्र रामवरन निवासी बवनपुरा बसरेहर और आजाद पुत्र बाबूकान्त निवासी चितभवन इकदिल घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद वह अस्पताल से चले गए और क्षतिग्रस्त कार मौके पर छोड़ गए। मृतक अनिकेत पांच भाइयों में तीसरे नंबर का था, जबकि एक बड़ी बहन है। उसके पिता अशोक कुमार मजदूरी करते हैं और मां सुखदा देवी है। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। थाना सिविल लाइन पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। वहीं का रो रोकर बुरा हाल है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

### परेशान मनरेगा कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

ताखा। मनरेगा कर्मियों ने लंबे समय से मानदेय भुगतान न होने पर नाराजगी जताते हुए बीडीओ विजय शंकर प्रसाद को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र भुगतान की मांग की है। मनरेगा कर्मचारियों का कहना है कि पिछले कई महीनों से मानदेय न मिलने के कारण उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में बताया गया कि मनरेगा के तहत कार्यरत ग्राम रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, तकनीकी सहायक तथा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद में विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति के साथ-साथ एसआईआर, क्रॉप सर्वे सहित अन्य कार्यों में भी पूरा योगदान दे रहे हैं। मनरेगा कर्मी सुनील कुमार, गोविंद, राहुल, राजीव, आदेश, बीपी सिंह, पूजा ने बताया कि बीते दीपावली और अब होली के अवसर पर भी वेतन नहीं मिल पाया, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति गंभीर हो गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### युवती घर से लापता पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

**बेला, औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवती के अचानक घर से लापता होने का मामला सामने आया है। परिजन की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। परिजन के अनुसार युवती शनिवार रात करीब 11 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। सुबह जानकारी होने पर परिवार के लोगों ने आसपास और रिश्तेदारों में काफी तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। बताया जा रहा है कि युवती घर से जाते समय अपने साथ कुछ नगदी और जेवर भी ले गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश कराई जा रही है और शीघ्र ही उसे बरामद कर लिया जाएगा।

### नाबालिग छात्रा को कार में बैठा ले गए दो युवक दुष्कर्म का आरोप

**कुदरकोट।** कुदरकोट थाना क्षेत्र के गांव बीबीपुर निवासी ममता जाटव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री कक्षा 8 की छात्रा है और श्री राम विद्यालय निकेतन स्कूल कुदरकोट में पढ़ती है। आरोप है कि बीते 25 फरवरी को दोपहर करीब 1:30 बजे काजल साइकिल से शंकरपुर होते हुए स्कूल जा रही थी। इसी दौरान हिंगा की बगिया के पास गांव के ही अजय शर्मा और कन्हैया यादव सफेद डिजायर कार से पहुंचे और उसकी साइकिल के सामने गाड़ी लगाकर उसे रोक लिया। इसके बाद दोनों युवक छात्रा को बहला-फुसलाकर कार में बैठा लिया और ऐरवाकटरा क्षेत्र की ओर बंबा के पास ले गए। शिकायत में कहा गया है कि वहां अजय शर्मा ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया, जबकि कन्हैया यादव कार चला रहा था और घटना के समय कुछ दूरी पर खड़ा रहा। पीड़िता की मां ममता जाटव दिल्ली में मजदूरी करती हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें इस घटना की जानकारी 7 मार्च को तब हुई जब वह दिल्ली से अपने गांव बीबीपुर लौटीं और उनकी बेटी ने उन्हें पूरी बात बताई। इसके बाद ममता जाटव अपनी बेटी के साथ कुदरकोट थाने पहुंचीं और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। कुदरकोट थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अजय शर्मा पुत्र ब्रिमानन्द शर्मा और कन्हैया यादव पुत्र छुटकन यादव के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### ध्रुव चरित्र का हुआ भावपूर्ण वर्णन

**अछल्दा।** क्षेत्र के ग्राम तेहराजपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर व्यास श्री प्रदीप कुमार शुक्ला ने भगवान के अनन्य भक्त ध्रुव जी की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि ध्रुव जी की अटूट भक्ति, तपस्या और भगवान के प्रति समर्पण से हमें धैर्य, श्रद्धा और विश्वास की प्रेरणा मिलती है। कथा सुनते समय मौजूद श्रद्धालु भक्तों ने भगवान का ध्यान किया और पूरे वातावरण में भक्ति का माहौल बना रहा। व्यास जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनना और सुनाना दोनों ही मानव जीवन के लिए अत्यंत कल्याणकारी है, इससे मन को शांति और आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त होती है। इस अवसर पर आयोजक तिवारी परिवार के सदस्यों ने भी श्रद्धालुओं का स्वागत किया और बताया कि भगवान की कथा से समाज में सद्भाव और भक्ति की भावना का प्रसार होता है।

# विद्यार्थियों ने देखे विज्ञान, तकनीक के प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग की पहल पर सदर ब्लॉक के नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के मेधावी बच्चों को शैक्षिक एक्सपोजर विजिट पर डॉ. बीआर आम्बेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय इटावा ले जाया गया। यहां बच्चों ने कृषि विज्ञान, आधुनिक कृषि उपकरणों और तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा प्रयोगशाला का अवलोकन किया।

ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 6, 7 और 8 के छात्र-छात्राओं का चयन इस एक्सपोजर विजिट के लिए किया गया। बच्चों में इस शैक्षिक भ्रमण को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को किताबों से बाहर निकलकर विज्ञान और तकनीक को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिलता है, जिससे उनकी जिज्ञासा और सीखने की क्षमता बढ़ती है। एक्सपोजर विजिट में शामिल सभी बच्चों को टी-शर्ट, टोपी, बैग, कॉपी, पेन और विज्ञान प्रैक्टिकल कॉपी प्रदान की गई। वहीं यात्रा के दौरान बच्चों के लिए स्नैक्स, बिस्किट, चॉकलेट, पानी और लंच की भी व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के दौरान मौजूद एआरपी अम्बरीश बाजपेई ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए समय-समय पर ऐसे शैक्षिक भ्रमण आयोजित किए जाते हैं, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके और वे विज्ञान व तकनीक को व्यवहारिक रूप से समझ सकें। इस दौरान शिक्षकों ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया और उन्हें कृषि विज्ञान, आधुनिक तकनीकों तथा उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी।



विजिट के लिए बच्चों को रवाना करते अधिकारी। अमृत विचार

### कृषि के आधुनिक उपकरण की जानकारी ली

- महाविद्यालय में बच्चों को कृषि अभियांत्रिकी, आधुनिक खेती के उपकरणों, सिंचाई तकनीकों तथा वैज्ञानिक प्रयोगों के बारे में विस्तार से बताया गया। विशेषज्ञों ने समझाया कि विज्ञान और तकनीक के प्रयोग से खेती को अधिक उन्नत और उत्पादक बनाया जा सकता है। इससे बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ी और उन्होंने विभिन्न प्रयोगशालाओं व उपकरणों को उत्सुकता से देखा।

- विज्ञान क्विज में अव्वल बच्चों को मिला एक्सपोजर विजिट का मौका

# गाना बजाने को लेकर बाराती-जनाती भिड़े

**कुदरकोट।** कुदरकोट थाना क्षेत्र के मुर्रा गांव में एक शादी समारोह के दौरान डीजे पर गाना पहले बजाने को लेकर घरातियों और बारातियों के बीच विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा कर शांत कराया।

कुदरकोट थाना क्षेत्र के मुर्रा गांव निवासी सुनील कुमार यादव की पुत्री की रविवार की रात को शादी थी। इटावा जिले के पहुआ गांव निवासी साहब सिंह यादव के पुत्र सतेंद्र यादव की बारात आई थी। समारोह में डीजे पर बाराती और जनाती पक्ष के लोग नाच-गाना कर रहे थे। इसी दौरान बारातियों की ओर से डीजे पर गाना बदलने की मांग की गई, जबकि घराती पक्ष के एक युवक ने अपनी पसंद का गाना बजाने की बात कही। इस पर दोनों के बीच कहासुनी और गाली-गलौज होने लगी। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। इससे मौके पर भगदड़ मच गई और कई लोग घायल हो गए। सूचना पर कुदरकोट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही झगड़ा कर रहे कुछ लोग वहां से भाग निकले। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया और किसी तरह शादी का कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कराया। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

# 45 घंटे बाद सरकंडों में फंसा मिला युवक का शव

## ताजपुर के पास निचली गंगा नहर में गिरा था, पलिया गांव के पास मिला

संवाददाता, बिधूना (औरैया)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ताजपुर गांव के पास निचली गंगा नहर में गिरे 24 वर्षीय युवक का शव करीब 45 घंटे बाद बरामद कर लिया गया। शव नहर किनारे पलिया गांव के पास सरकंडों की झाड़ियों में फंसा मिला। जानकारी के अनुसार बिधूना विकास खंड क्षेत्र के ताजपुर गांव निवासी ऋतिक अवस्थी (24) शनिवार शाम करीब चार बजे कमलपुर नहर पुलिया के पास निचली गंगा नहर के किनारे थे। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह तेज बहाव वाली नहर में गिर गए और देखते ही देखते पानी में बह गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी थी। करीब 45 घंटे तक चले खोज अभियान के बाद रविवार को नहर किनारे पलिया गांव के पास सरकंडों की झाड़ियों में युवक का शव फंसा हुआ मिला। स्थानीय लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी बिधूना गरिमा सोनिकिया, नायब तहसीलदार रुचि मिश्रा, क्षेत्राधिकारी बिधूना और प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है कि मृतक ऋतिक अवस्थी ताजपुर निवासी प्रवीण अवस्थी के इकलौते पुत्र थे। प्रवीण अवस्थी वर्तमान में सीआरपीएफ में तैनात हैं। मां रमन अवस्थी, बहन प्रिया आदि का रो-रोकर बुरा हाल है।


जांच-पड़ताल करती पुलिस व मौके पर जमा भीड़। अमृत विचार


लीला का मंचन करते कलाकार।

### कृष्णलीला ने दर्शकों का मोहा मन

**दिबियापुर।** रविवार को डाड़ी के प्रसिद्ध राधा कृष्ण आश्रम के वार्षिकोत्सव में रविवार रात वृंदावन से पहुंचे नन्हे मुन्ने कलाकारों ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी मंचन किया। रासलीला में आसपास के कई गांवों से दर्शक पहुंचे। 12 मार्च को भंडारे के साथ फूलों की विशेष होली होगी।

वृंदावन से यहां पहुंचे श्री आदर्श रासलीला मंडल के कलाकारों ने मंच व्यास पंडित घनश्याम शर्मा की अगुवाई में कृष्ण जन्म सहित उनके बाल लीलाओं का मंचन किया। ब्रज की बोली ने दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजक समाजसेवी विनोद यादव ने बताया कि 10 मार्च को जालंधर वध और 11 मार्च को वीर अभिमन्यु की लीला का मंचन होगा। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से रासलीला व भंडारे में बढ़ चढ़कर भागीदारी के अपील की है।


# बंगरा मार्ग पर होटल के पास खेत में मिला अधेड़ का शव

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** नगर के बंगरा मार्ग पर सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब सड़क किनारे खेत में एक अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच-पड़ताल शुरू की।

नगर के बंगरा मार्ग एक होटल के पास सड़क किनारे खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान बृजलाल पुत्र सरमन निवासी मोहल्ला तोपखाना, नगर जालौन के रूप में कराई। बताया जाता है कि सुबह जब लोग वहां से गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर खेत के किनारे पड़े शव पर पड़ी। देखते ही देखते आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और घटना की सूचना जालौन कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए पूछताछ की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया।

पुलिस के अनुसार फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। बताया जा रहा है कि मृतक के संबंध में पहले जालौन कोतवाली में गुमशुदगी की सूचना भी दर्ज कराई गई थी, जिसकी पुलिस द्वारा पुष्टि की जा रही है।


नगर के बंगरा मार्ग पर खेत किनारे मिले शव के बाद जांच करती पुलिस।

### पांच दिनों से लापता वृद्ध का शव मिला

**जालौन।** पांच दिन से लापता वृद्ध का शव छहपुला के पास स्थित एक खेत में मिला। वृद्ध की पुत्रवधू ने रविवार को ही वृद्ध की गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई थी।

सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे छहपुला के आगे कुछ लोग खेतों में काम करने जा रहे थे तभी उन्हें देवेंद्र कुमार के खेत में एक वृद्ध का शव दिखा। लोगों ने सूचना कोतवाली पुलिस को दी। इस पर चौकी प्रभारी मनीष तिवारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। शव देखने में तीन से चार दिन पुराना लग रहा था। पुलिस ने जब शव की पहचान कराने का प्रयास किया तो उसकी शिनाख्त मोहल्ला तोपखाना निवासी बृजलाल दोहरे के रूप में हुई। जानकारी मिलते ही पुत्रवधू इंद्रावती भी मौके पर पहुंच गई। इंद्रवती ने बताया कि मृतक उसके ससुर हैं। वह बीते चार मार्च की शाम करीब छह बजे किसी काम के चलते गल्ला मंडी गए थे। तबसे वह वापस नहीं लौटे। उनकी काफी खोजबीन भी की थी लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। आठ मार्च को उन्होंने कोतवाली में ससुर की गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी और सोमवार को उनका शव मिला है।

# मनरेगा कर्मियों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**09** माह से कर्मियों को नहीं मिला मानदेय

**अमृत विचार।** ब्लॉक कार्यालय में काम कर रहे मनरेगा कर्मचारियों को बीते 9 माह से मानदेय नहीं मिल रहा है। मानदेय न मिलने कर इनके परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। मनरेगा कर्मचारियों ने बीडीओ के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजकर मानदेय दिलाने की मांग की है।

ब्लॉक कार्यालय में काम कर रहे ग्राम रोजगार सेवक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, तकनीकी सहायक एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों को जुलाई 2025 से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। इस दौरान मनरेगा कर्मचारी प्रकाश बाबू, महावीर शरण, हिम्मत सिंह, इंद्रपाल सिहं, महेंद्र पाल, कमल किशोर, पवन तिवारी, बुद्ध सिंह, प्रवीन, दिव्या, अनिल, गनेश, शिवकुमार, मोहित आदि ने डीएम को संबोधित ज्ञापन बीडीओ अरुण कुमार को सौंपा।


मानदेय न मिलने के विरोध में ब्लॉक में ज्ञापन देने जाते मनरेगा कर्मी। अमृत विचार

# एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर भाजपाइयों ने मनाया होली मिलन पर्व

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** फफूंद थाना क्षेत्र के ग्राम भर्रापुर में सदर विधायक गुड़िया कठेरिया ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जनपद भर से भाजपा के नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना था।

लोगों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगा होली की शुभकामनाएं दीं। विधायक गुड़िया कठेरिया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्योहार प्रेम और एकता का प्रतीक है, तथा ऐसे आयोजन समाज में संबंध मजबूत करते हैं।इस कार्यक्रम में मातृशक्ति, युवा और भाजपा कार्यकर्ताओं की विशेष भागीदारी रही। भाजपा जिला अध्यक्ष सर्वेश कठेरिया, नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता और भाजपा के वरिष्ठ नेता अवधेश भदोरिया , ब्लॉक प्रमुख रजनीश पांडे, अंकित रंजन त्रिपाठी, मुकेश कठेरिया, आर्यन कठेरिया,सतेंद्र कठेरिया, अमित पाठक, राजेंद्र अग्निहोत्री, अमरेश पांडे, मनु राजपूत, कंचन अग्निहोत्री, सहित कई प्रमुख नेता मौजूद थे। रामजी वाजपेई, सोनू सोनी, राहुल गुप्ता, मन्नू तोमर जैसे सैकड़ों कार्यकर्ता और क्षेत्रीय लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को होली की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास और संगठन को मजबूत बनाने पर भी चर्चा की। होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक माहौल भी देखने को मिला, सभी ने मिलकर उत्सव मनाया।


होली मिलन समारोह के दौरान मौजूद विधायक। अमृत विचार

- भर्रापुर में सदर विधायक के निर्देशन में हुआ कार्यक्रम

# ताड़का वध की लीला देख रोमांचित हुए दर्शक

**फफूंद (औरैया)।** विकास खण्ड भाग्यनगर क्षेत्र के गांव कोठीपुर में बाबा ब्रह्मदेव मेला में दो दिवसीय रामलीला में रविवार की रात कलाकारों ने विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध की लीलाओं का मंचन किया। ताड़का वध होते ही पंडाल में मौजूद दर्शकों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। दशरथ और विश्वामित्र के बीच हुए संवाद को लोगों ने खूब सराहा।

रविवार की रात कोठीपुर गांव में बाबा ब्रह्मदेव मेला महोत्सव में दो दिवसीय रामलीला का शुभारंभ भाजपा जिला प्रतिनिधि राजेंद्र उर्फ रानू अग्निहोत्री ने फीता काट कर भगवान श्री राम की आरती उतार कर किया। जिसके बाद कलाकारों ने रामलीला में विश्वामित्र आगमन का मंचन करते हुए कहा कि राक्षसों ने जब संत महात्माओं का यज्ञ करना भी दूभर कर दिया तो विश्वामित्र राजा दशरथ के दरबार में पहुंचे और उन्होंने श्रीराम और लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षा के लिए मांगा। बाद में वध की लीला हुई।


भगवान राम की आरती उतार कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि। अमृत विचार

**कार्यक्रम** संकुल में शिक्षा चौपाल, निपुण भारत मिशन की दी जानकारी

# नियमित विद्यालय आएं और मन लगाकर पढ़ें

संवाददाता, अजीतमल (औरैया)

**अमृत विचार।** निपुण भारत मिशन के तहत अजीतमल ब्लॉक के हैदरपुर संकुल में सोमवार को संकुल स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय मिजारपुर खुर्द में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य जनसमुदाय की भागीदारी बढ़ाना और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ डायट प्रवक्ता डॉ. विजय राजपूत एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री अरविंद राजपूत ने मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए छात्रों से नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों की बेहतर शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर रही है।

खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि मध्याह्न भोजन योजना के तहत बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही निःशुल्क पाठ्यपुस्तक और यूनिफॉर्म योजना के माध्यम से किताबें व ड्रेस प्रदान की जा रही हैं। कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिए जूते, मोजे, स्वेटर और स्कूल बैग के लिए धनराशि सीधे अभिभावकों के खातों में भेजी जा रही है। विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाएं, पुस्तकालय, खेल सामग्री और डिजिटल शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बच्चों को बुनियादी पढ़ना-लिखना और गणित सिखाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। चौपाल के दौरान अभिभावकों को शासन की विभिन्न शैक्षिक योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर संकुल के नोडल शिक्षक महेश कुमार शर्मा ने संकुल शिक्षकों मु. युनुस अली, मनोज कुमार, सूर्यप्रकाश पुष्कर, विकास बाजपेयी और प्रधानाध्यापक अनोज कुंवर के साथ अतिथियों का माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में शत-प्रतिशत उपस्थिति और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।


कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते बच्चे। अमृत विचार


### पेट्रोलपंपों का दौरा कर परखी व्यवस्था

**जालौन।** युद्ध के दौरान पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूर्ति निरीक्षक ने बंगरा मार्ग स्थित पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर चेक क्लीयरेंस न होने के चलते पेट्रोल उपलब्ध नहीं मिला।

पूर्ति निरीक्षक राजेश सिंह को बंगरा मार्ग पर संचालित पंपों पर पेट्रोलियम पदार्थों की बिक्री न किए जाने की सूचना मिलने पर पूर्ति निरीक्षक राजेश सिंह ने भारत पेट्रोलियम से सुशील कुमार के साथ सोमवार को बंगरा मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता एवं उसके स्टाक की जानकारी ली। इस दौरान इंडियन ऑयल के के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल की उपलब्धता नहीं मिली। जानकारी करने पर पता चला कि होली के त्योहार के चलते चैक क्लीयरेंस नहीं हो सकी थी।

# बच्चों को नैतिक शिक्षा देना भी आवश्यक

**जालौन।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन एक गेस्ट में हुआ। मुख्य अतिथि शिक्षाविद् डॉ. नितिन मित्तल ने कहा कि आज बच्चों को नैतिक शिक्षा की भी उतनी आवश्यकता है जितनी अन्य विषयों की, क्योंकि जब बच्चा नैतिक रूप से मजबूत होगा तभी वह जीवन में एक सफल और कुशल नागरिक बनकर तैयार होगा। खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञान प्रकाश अवस्थी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि जब बच्चा कक्षा एक में आए तो अपनी आयु संगत कुछ दक्षताओं को प्राप्त कर सके। ब्लॉक की प्रत्येक न्याय पंचायत से लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों के 50 निपुण बच्चों को स्टेशनरी किट दी गई। संचालन आलोक खरे ने किया।


बच्चे को किट देते अतिथि। अमृत विचार

### एनएसएस शिविर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर निकाली रैली

**दिबियापुर, औरैया।** बेला रोड स्थित विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम पुरवा जोरन में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रथम सत्र में स्वयं सेविका अंजलि पाल ने द्वितीय दिवस की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। स्वयंसेवकों ने गांव में रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान "पर्यावरण का रखो ध्यान, पूर्वा जोरन बने महान, प्लास्टिक छोड़ो, प्रकृति से नाता जोड़ो, धरती मां की यही पुकार, स्वच्छ रखो यह सुंदर संसार और न गंदगी फैलाएंगे, स्वच्छ भारत बनाएंगे जैसे नारों के माध्यम से ग्रामीणों को संदेश दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### खेत से घर जा रहे किसान को पीटा

**मौदहा (हमीरपुर)।** खेत से घर जा रहे किसान को दो भाईयों ने बेरहमी से पीट दिया पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पढोरी निवासी अरविंद कुमार ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि वह खेत से काम कर घर आ रहा था, तभी बस स्टैंड के तालाब के पास गांव के राजू और राजबहादुर पुत्रगण बब्बू प्रजापति ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए बेरहमी से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट कर चाकू से किया हमला

**मौदहा।** दुकान में बैठे युवक पर तीन लोगों ने हमला कर मारपीट शुरू कर दी, जबकि एक युवक ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांचा निवासी जावेद अली पुत्र रहमत अली ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीती देर शाम वह गांव में गंगा की दुकान पर बैठा था। तभी गांव के कुद्दूस अली, मजहर अली और असगर अली ने उसपर हमला कर मारपीट शुरू कर दी जबकि असगर अली ने हाथ में जो चाकू ले रखा था। वह उसकी पीठ पर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 13 को आएंगी महिला आयोग की सदस्य

**हमीरपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाने एवं उत्पीड़न की रोकथाम व त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से 13 मार्च पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा एवं महिला जनसुनवाई करेंगी। पीड़ित महिलाएं/आवेदिकाएं 13 मार्च को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जागरूकता शिविर में उपस्थित होकर महिला उत्पीड़न के संबंध में राज्य महिला आयोग की सदस्य के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्या से अवगत करा सकते है।

### युवक पर अभद्रता करने का आरोप

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती का एक गांव के युवक राघवेंद्र शिव प्रेम प्रसंग के हो जाने पर फोन से बातचीत करने लगे। वही युवक की शादी हो जाने से युवती से फोन से बातचीत करना बंद कर दिया। युवक के युवती के पास फोन करने से परिजन जान गए। युवती के परिजनों के उलाहना देने पर युवक अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर युवक मारपीट करने के लिए आमादा हो गया। युवती की मां ने युवक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। एसआई जगत नारायण बताया कि युवती की मां की तहरीर मिली है, मामले की जांच करने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### पुत्र की हत्या कर लटकाने का आरोप

**हमीरपुर।** पिता ने अज्ञात युवक पर पुत्र की हत्या की आशंका जता मुकदमा पंजीकृत करने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपा है। बिवांर थानाक्षेत्र के पारा लदार निवासी कमल सिंह खंगार पुत्र नत्थू सिंह ने दिए पत्र में आरोप लगाया कि बीते पांच मार्च की शाम उसका नाबालिग पुत्र हृदेश उर्फ भोला कहीं गायब हो गया था। खोजबीन की किन्तु कहीं पता नहीं चला। तभी जानकारी मिली कि पुत्र हृदेश का शव खेत में बने कमरे में लटक रहा है। देखा तो पाया कि पुत्र के गले में फांसी लगी है और पैर जमीन में रखे हैं। उसने किसी व्यक्ति द्वारा पुत्र की हत्या कर फांसी पर लटकाने की आशंका जताई है। पीड़ित ने हत्या का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### फूलों की होली संग फाग की मची धूम

**बिवांर।** कस्बे के संस्कार धाम में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें राष्ट्रीय कलाकारों द्वारा बुंदेलखंड की प्रसिद्ध फाग गायन एवं फूलों की होली ने सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता राजदीप सिंह ने कहा कि होली का त्योहार हमारी संस्कृति की रीढ़ है। यह त्योहार हमको अनेकता में एकता का संदेश देता है। सभी बुराइयों को भुलाकर एक दूसरे को गले लगाने और आपसी भाईचारे को बढ़ाने वाला रंगों का त्योहार है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुस्करा ब्लाक प्रमुख वीर नारायण राजपूत, अजय पाल राजपूत, भाजपा मण्डल अध्यक्ष शक्ति चौरसिया, सचिन सिंह, पंकज शिवहरे, सिद्धार्थ मिश्रा, अभिनंदन सिंह भदौरिया, कामता सिंह जादौन, मृदुल कांत पाठक, सर्वर खान, भरत विश्वकर्मा मौजूद रहे।

# बेटियां मिलने पहुंचीं तो पिता का शव मिला

## डायट के सेवानिवृत्त कर्मचारी का सूने घर में फंदे पर लटका मिला शव, बेटे ने हत्या की आशंका जताई

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के सेवानिवृत्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का सूने घर में फंदे पर शव लटका मिला। मौत का खुलासा तब हुआ, जब सोमवार दोपहर बाद विवाहिता बेटियां अपने पिता से मुलाकात करने पहुंचीं। एक दिन पहले ही हादसे में घायल होने के बाद पत्नी गांव चली गई थी। बेटे ने हत्या की आशंका जताई है, जबकि पुलिस प्रथमदृष्ट्या आत्महत्या मान रही है। तह तक पहुंचने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

पंधरी गांव के रहने वाले शिवनारायन नामदेव (62) कस्बे में संचालित डायट में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। दो वर्ष पहले सेवानिवृत्त हुए थे। वह कस्बे में ही पेपर मिल के पास मकान बनाकर पत्नी के साथ रहते थे। रविवार को पत्नी ऊषा नामदेव (60) पंधरी वाले घर जा रही थीं, तभी रास्ते में ऑटो ने टक्कर मार दी थी, जिससे गंभीर चोटें आई थीं। हादसे में घायल होने के बाद पत्नी ऊषा नामदेव बेटे मनोज नामदेव के साथ पंधरी वाले घर पर थीं।



घटना के बारे में छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार



रोती-बिलखतीं सेवानिवृत्त कर्मचारी के परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

- एक दिन पहले हादसे में घायल हुई पत्नी चली गई थी पंधरी गांव
- घायल मां को देखने के बाद पिता से मिलने पहुंची थीं दोनों बेटियां

हादसे में मां के घायल होने की जानकारी मिलने पर सोमवार को दोनों विवाहिता पुत्रियां अभिलाषा और रीना मां को देखने के लिए पंधरी गांव पहुंची थीं। मां का हाल-चाल देने के बाद दोनों दोपहर बाद करीब एक बजे पिता शिवनारायन से मिलने के लिए पेपर मिल वाले मकान पहुंचीं। दरवाजा अंदर से बंद होने पर उन्होंने काफी देर तक आवाज लगाई, परंतु कोई भी उत्तर नहीं मिलने पर उन्होंने भाई मनोज को सूचना दी। सूचना पाकर मनोज ग्रामीणों के साथ पहुंचा और दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया।

इसके बाद छत पर चढ़ने के बाद घर के अंदर जाकर दरवाजा खोला तो पिता को फंदे पर लटका देखा। यह मंजर देखकर सभी लोगों के होश उड़ गए और चीख-पुकार मच गई। पुत्र की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुत्र ने हत्या की आशंका जताई है। थाने के एसआई संजय राय ने बताया कि प्रथमदृष्टया आत्महत्या का मामला है। फिर भी शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का कारण पता चल सकेगा। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# नाला अधूरा होने से मकानों के सामने जमा हो रहा पानी

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के बांदा मार्ग के किनारे धर्मेश्वर बाबा मोहल्ले में नगर पंचायत की ओर से बनाए गए नाले को अधूरा छोड़ देने से नाले से आने वाले गंदा पानी लोगों के रिहायशी मकानों के सामने भर रहा है। इसकी शिकायत करने के बाद नगर पंचायत प्रशासन समस्या का समाधान नहीं कर रहा है।

कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मोहल्ले में रेलवे क्रॉसिंग से लेकर नागास्वामी डिग्री कॉलेज के समीप तक नगर पंचायत द्वारा बांदा मार्ग के दोनों तरफ नाले का निर्माण कराया है। धर्मेश्वर बाबा मुहाल निवासी सपा व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष अजय पाल साहू का आरोप है कि अधूरा निर्माण होने के कारण नाले का गंदा पानी रिहायशी मकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सामने भर रहा है। इससे लोगों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

लोगों का कहना है कि शिकायत करने के बाद नगर पंचायत प्रशासन समस्या का समाधान नहीं कर रहा है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य ने बताया कि शेष नाला निर्माण के लिए कार्य योजना तैयार कर ली गई है। जल्द ही टेंडर कराकर नाला निर्माण को पूरा करके जलभराव की समस्या से निदान दिलाया जाएगा।



मकानों के सामने जमा हो रहा गंदा पानी।

# अपर जिलाधिकारी ने सुमेरपुर ब्लाक कार्यालय का देखा हाल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- बोले, सरकारी कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता बनाए रखें
- ब्लॉक कार्यालय के निरीक्षण के दौरान अभिलेख जांचे-परखे

**अमृत विचार।** अपर जिला अधिकारी (नमामि गंगे) सुरेश चंद्र यादव ने सोमवार को सुमेरपुर ब्लॉक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय के विभिन्न पटलों का बारीकी से अवलोकन करते हुए अभिलेखों की स्थिति की जांच की।

अपर जिलाधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अभिलेखों को सुव्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से रखा जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें आसानी से देखा जा सके। उन्होंने कार्यालय की साफ-सफाई और कार्यप्रणाली को बेहतर बनाए रखने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान कई अभिलेखों को देखकर उन्होंने आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए और कहा कि सरकारी कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता बनाए रखना बेहद जरूरी है।



सुमेरपुर ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण करते एडीएम। अमृत विचार

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव और खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। ब्लाक प्रमुख ने उनको आश्वस्त किया कि शासन के निर्देशों के अनुसार सभी कार्यों को व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जाएगा और कार्यालय व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगा।

## 4 लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट

**बिवांर।** नलकूप में रहकर खेतों की रखवाली कर रहे युवक को गांव के चार लोगों ने जमकर लाठी डंडे से मारापीटा। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

क्षेत्र के बिगहना गांव निवासी बाबू उर्फ प्रेम पाल पुत्र प्रीतम ने बताया कि नलकूप में रहकर फसल की रखवाली कर रहा था। पत्नी सत्यवती खेत में हरियाली ले रही थी। शाम को गांव के दीपक, सुशील पुत्र बलदेव, श्रीपाल पुत्र राम अवतार व राहुल पुत्र राजा भैया लाठी-डंडा लेकर नलकूप आ गए। चारों युवक अभद्रता कर गाली गलौज करने लगे। भतीजे देवीदीन के मना करने पर लाठी-डंडों हमला कर मारपीट करने लगे। पत्नी सत्यवती बीचबचाव करने आई तो उसे भी पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि चारों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर चारों युवकों की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

# लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद निस्तारित करें

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देशन में आगामी लोक अदालत 14 मार्च के सफल आयोजन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा सभी विभागों द्वारा आगामी लोक अदालत में निस्तारण के लिए चिन्हित वादों की समीक्षा की गई।

समीक्षा में यह तथ्य सामने आया कि कुछ विभागों द्वारा लोक अदालत के लिए अच्छी संख्या में वादों को चिन्हित किया गया है। परन्तु कुछ विभागों के द्वारा लोक अदालत में निस्तारित किए जाने के लिए अत्यन्त कम वादों को चिन्हित किया गया है। सचिव ने उपस्थित सभी अधिकारियों से लोक अदालत में निस्तारण करने के लिये अधिक से अधिक संख्या में वादों को चिन्हित करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही जिला मुख्यालय तथा विभिन्न तहसीलों में ऐसे स्थान जहां जनसामान्य की अधिकाधिक संख्या मौजूद हो जैसे न्यायालय, कलेक्ट्रेट, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, हाट बाजार तहसील मुख्यालय, बैंक आदि जगहों पर लोक अदालत की भव्य सफलता सुनिश्चित किए जाने के लिए व प्रचार-प्रसार के लिए प्रयास करें। बैठक में एसडीएम राजकुमार गुप्ता, लीड बैंक मैनेजर संगम लाल मिश्रा, परिवहन विभाग के वरिष्ठ सहायक सत्यम बाजपेई, प्रभारी तहसीलदार राठ दिलीप कुमार, एओ अमर महरोत्रा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित हुए।



समीक्षा बैठक करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेंद्र कुमार पांडेय।

- आगामी लोक अदालत को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई

## इंटर की परीक्षा देने जा रहे छात्र को बस ने मारी टक्कर

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के धनौरी गांव के पास तेज रफ्तार बस ने एक बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे हुए हादसे में बाइक पर सवार एक छात्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र इंटरमीडिएट की परीक्षा देने के लिए कस्बा से मुस्करा थाना क्षेत्र के गहरौली गांव जा रहा था। राहगीरों ने घायल छात्र को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज किया गया।

कस्बे के फरसौलियाना निवासी युवक शोएब पुत्र मोहम्मद इस्लाम सोमवार को इंटरमीडिएट कक्षा की परीक्षा देने के लिए अपने घर से मुस्करा थाना क्षेत्र के गहरौली गांव बाइक से जा रहा था। तभी रास्ते में कोतवाली क्षेत्र के धनौरी गांव के पास तेज रफ्तार एक बस ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हुए हादसे में बाइक सवार छात्र शोएब सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक कनिष्क माहुर ने घायल छात्र का प्राथमिक उपचार कर उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे उरई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# खेत से ट्रैक्टर निकालने पर दबंगों ने किसान को पीटा

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मसूर की फसल कतराई कराने जा रहे किसान को खेत से निकलने पर पिता-पुत्र ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। किसान ने पिता-पुत्र के खिलाफ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मवईजार निवासी किसान दीपक कुमार यादव ने बताया कि सुबह 11:30 बजे ट्रैक्टर लेकर मसूर की कतराई कराने के लिए खेत जा रहा था। खेत से ट्रैक्टर न निकालने की बात कहते हुए संदीप व उसका पिता कालका प्रसाद अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने मिलकर लाठी-डंडों मारपीट की। खेत में काम कर रहे पड़ोसियों ने बीच बचाव किया। थाने में शिकायत करने की बात पर कुलदीप तमंचा लेकर जान से मारने की धमकी देने लगा। किसान ने दोनों के खिलाफ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने किसान को छानी सीएचसी में डॉक्टरी परीक्षण कराकर उपचार कराया है। हल्का इंचार्ज एसआई मोहम्मद सुल्तान ने बताया कि किसान की तहरीर पर पिता पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। किसान ने तमंचा का वीडियो दिखाया है। जांच का कार्य कर पिता पुत्र पर कार्रवाई की जाएगी।

### दबंगों ने मां-बेटे को बेरहमी से पीटा

**राठ।** क्षेत्र के औंडेरा निवासी अरविंद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 5 मार्च की शाम करीब 6 बजे गांव के सुरेंद्र, जितेंद्र, कुलदीप और सुनील ने उसके घर में घुसकर लाठी-डंडों से पिटाई की। जब मां कलावती उसे बचाने दौड़ी तो उसके साथ भी मारपीट की। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## गलती का प्रायश्चित करना जरूरी

**मौदहा।** कस्बे के मराठीपुरा के छोटी मन्दिर श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन सोमवार को कथा व्यास भागवत प्रसाद ने कहा कि मनुष्य से गलती होना बड़ी बात नहीं, लेकिन समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है। उन्होंने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया। कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास जाते हैं। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है। परीक्षित सावित्री जगदीश धुरिया सहित रिंकू चौरसिया, रमेश, मोहन धुरिया, अशोक धुरिया सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का आनन्द लिया।

## गौशाला में विचलित करतीं तस्वीरें

**मौदहा।** विकास खंड के कुनेहटा स्थित गौशाला में गायों की दुर्दशा की विचलित कर देने वाली तस्वीरें वायरल हो रही हैं। जिसने गौशाला में लगभग आधा दर्जन गोवंश मृत अवस्था में इधर उधर पड़े दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं तस्वीरों के साथ कुछ वीडियो भी वायरल हुए हैं, जिनमें ग्राम प्रधान और कुछ युवकों के बीच नोकझोंक होती दिखाई दे रही है। हालांकि अभी तक इस मामले को लेकर किसी जिम्मेदार अधिकारी ने कोई बयान जारी नहीं किया है।

# सूने घर से कैश व सोने चांदी के जेवरात चोरी

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के बहगांव में चोरों ने मजदूर के सूने घर को निशाना बनाते हुए सोने चांदी के जेवरात व नकदी चोरी कर ली है। पीड़ित मजदूर ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

बहगांव निवासी रामचंद्र पुत्र मूलचंद्र ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। एक माह में घर आकर साफ सफाई करके चला जाता है। दूसरे मकान में उसके माता पिता रहते हैं। बताया कि बीते 19 फरवरी की सुबह करीब सात बजे वह दिल्ली से घर आया। घर के अंदर देखा तो बक्सा व अन्य सामान बिखरा पड़ा था और बक्से का ताला टूटा था। बताया कि बक्से से चांदी की हाफ पेटी, कमरबंद, सोने का गुच्छा, सोने की बेंदी, चार सोने की चूड़ी, तीन मंगलसूत्र, दो जोड़ी झुमकी, एक सोने की अंगूठी, हाथ फूल, बिछिया, चांदी की पायल, सोने की दो नाक कील, दो सिक्के चांदी, चांदी की चम्मच, कटोरी, चांदी की मूर्ति और पांच हजार रुपये नगदी गायब थी। बताया कि उसने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराते हुए चोरी की घटना के खुलासे की गुहार लगाई है।

**CARBON SPECIALITIES LIMITED**
CIN: L65929UP1985PLC111401
REGD OFF: 7/181 A, Duplex Bunglow Unit No. 4, Swaroop Nagar, Kanpur-208002 (UP)
Email: carbonspecialities85@gmail.com Contact: +91-9838823600 Website: http://carbon.in.net/

**NOTICE TO SHAREHOLDERS**

Shareholders of the Company are hereby informed that pursuant to Section 110 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Management and Administration) Rules, 2014, to the extent notified, the Company as on 09TH March, 2026 completed the dispatch of Postal Ballot Notice dated February 23, 2026 with the proposed resolution and explanatory statement thereto along with a Postal Ballot Form and a self-addressed, prepaid postage envelope, to the shareholders of the Company whose names appear in the Register of shareholders as on February 27, 2026 seeking their consent to the voluntary delisting of the equity shares of the Company from The Calcutta Stock Exchange Limited, which it proposes to pass through Postal Ballot including voting by electronic means.

Shareholders shall note that the option of e-voting is also available which the voting period begins at Tuesday, March 10, 2026 at 9.00 am IST and ends on Wednesday, April 08, 2026 at 5.00 pm IST.

The Board of Directors of the Company has appointed Md. Tausif, Proprietor of M/s. Tausif and Associates, Practicing Company Secretary (C.P. No. 18170) as the Scrutinizer for conducting the Postal Ballot process in a fair and transparent manner. Shareholders are requested to kindly note that the duly completed and signed Postal Ballot Form should reach the Scrutinizer not later than 5.00 p.m. on or Wednesday, April 08, 2025. All Postal Ballot Forms and E-Votes received after the said date and time will be treated as if replies from such shareholders have not been received.

Any shareholder who has not received Postal Ballot Form may request for a duplicate Postal Ballot Form to the Company. In case of any grievances connected with the voting through Postal Ballot, shareholders are requested to contact at 22301043, 22430153 at E-mail: absconsultant99@gmail.com.

By order of the Board of Directors
**Carbon Specialities Limited**
**Sd/-**
**Prabha Kaya**
Managing Director

Place: Kanpur
Date: 10.03.2026

**चैंबर विस्तार की मांग** — नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने शपथ के साथ अहम समस्याएं भी उठाई

# बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ली शपथ

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** तहसील सभागार में सोमवार को बार एसोसिएशन सरीला की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी बलराम गुप्ता ने पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

समारोह में ब्रजमोहन प्रजापति को जनवरी से जून तक के लिए अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। जबकि जुलाई से दिसंबर तक जय कुमार को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। महामंत्री पद की शपथ ब्रजनन्दन सिंह सन्यासी, उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार यादव, मंत्री महेंद्र कुमार राजपूत, कोषाध्यक्ष बालस्वरूप यादव तथा ऑडीटर मकरंद सिंह राजपूत ने ली। सदस्य के रूप में सुनीता प्रजापति, कौशलेंद्र कुमार, आदर्श कुमार, शिवचरण सिंह और ओमप्रकाश यादव को भी शपथ दिलाई गई।



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते सरीला एसडीएम बलराम गुप्ता। अमृत विचार

उपजिलाधिकारी बलराम गुप्ता ने कहा कि बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय से न्याय व्यवस्था मजबूत होती है। प्रशासन अधिवक्ताओं के सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहेगा। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट रामसेवक सिंह यादव ने किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में चैंबर विस्तार, सरीला-छिबौली व सरीला-खेड़ा शिलाजीत मार्ग के चौड़ीकरण, नगर की पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराने सहित विभिन्न समस्याएं उठाईं। इस मौके पर तहसीलदार रविंद्र सिंह पाल, नायब तहसीलदार अखिलेश कुमार और उपनिबंधक सुशील कुमार गुप्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

## ई-रिक्शा पलटने से पांच लोग घायल

**महोबा।** एक ई-रिक्शा दिदवारा से पनवाड़ी आते समय रास्ते में पलट गया, जिससे एक बच्ची सहित पांच लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को पनवाड़ी सीएचसी में भर्ती कराया। हमीरपुर के मझगवां थाना क्षेत्र के नौरंगा निवासी जयवंती (30) पत्नी सुरेंद्र, उनकी (7) वर्षीय पुत्री शानवी, रामकुमारी (30) पत्नी विश्वनाथ निवासी दिदवारा, खुशी (13) पुत्री लखन निवासी दिदवारा, शांति (65) ई-रिक्शा से पनवाड़ी जा रहे थे। कस्बे पहुंचते ही झांसी मिर्जापुर हाईवे पर गड्ढे होने के कारण ई-रिक्शा असंतुलित होकर पलट गया। ईरिक्शा पलटते ही उसमें सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। शोरशराबा सुन स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और ई-रिक्शा में फंसे लोगों को बाहर निकालकर पनवाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां घायलों उपचार किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाईवे पर हरपालपुर रोड पर लंबे समय से बड़े-बड़े गड्ढों हो गए हैं। इस संबन्ध में अधिकारियों से कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन सड़क सुधारने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया।

## पुलिस ने पशु चोर को किया गिरफ्तार

**महोबा।** अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के पर्यवेक्षण एवं कुलपहाड़ सीओ रविकान्त गोंड के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को कुलपहाड़ पुलिस ने एक पशु चोर को बेचे गए पशुओं के रुपयों के साथ गिरफ्तार किया है। कस्बे के नेताजी वार्ड निवासी भगवानदास ने 22 फरवरी को सूचना दी थी कि रामलला मंदिर के पीछे उनके बाड़े में बंधी तीन भैंस एवं एक पड़िया को चोर पिकअप वाहन से ले गए। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू की थी। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने पुलिस टीम का गठन किया। टीम ने मुखबिर की सूचना पर कस्बे की एक चाय की दुकान के पास से हमीरपुर जिले के राठ कोतवाली क्षेत्र के पथनौड़ी निवासी रोशन रैकवार पुत्र प्यारेलाल को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किए गए पशुओं को बेचकर हिस्से में प्राप्त 14,000 रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस टीम के उपनिरीक्षक हरीशंकर यादव, उपनिरीक्षक श्रीकृष्ण वैश्य व कांस्टेबल विक्की चौधरी ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए चालान भेज दिया है।

# मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मीना इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल जैतपुर में 11वां एनुअल ग्रेजुएशन डे धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने गीत संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति किया, जिसे देखकर उपस्थित लोगों ने खूब सराहना की। कार्यक्रम दौरान मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया साथ ही इस साल मिस एमआईपीएस अन्नया पाल और मिस्टर एमआईपीएस के रुप में आरव का चयन किया गया।

एनुअल ग्रेजुएशन डे की शुरुआत स्कूल के चेयरमैन कृष्ण कुमार अग्रवाल एवं ब्लॉक प्रमुख संदीप राजपूत ने दीप प्रज्ज्वलन कर की। रविवार देर शाम तक चले कार्यक्रम में नगर के प्रतिष्ठित लोगों की उपस्थिति में बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इस दौरान पिछले वर्ष की शैक्षणिक उपलब्धियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया साथ ही इस साल र् मिस एमआईपीएस के लिए अनन्या पाल और मिस्टर एमआईपीएस के लिए आरव का चयन किया गया।

स्कूल की प्रिंसिपल स्वाती अग्रवाल ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। पढ़ाई के साथ साथ खेल, आर्ट एंड क्राफ्ट और साइंस एग्जीबिशन जैसी गतिविधियों में भी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल और नगर का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों और अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन जिगर व्यास और आरव अग्रवाल ने किया।

# फूल-गुलाल संग भक्ति संगीत की फुहार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- रंग पंचमी समारोह में गीत-संगीत संग झांकियों के साथ झूमे श्रद्धालु
- विधायक ने गुमान बिहारी की पूजा कर फूल-गुलाल से खेली होली

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड का कश्मीर कहे जाने वाले चरखारी कस्बे में गुमान बिहारी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार की रात मंदिर परिसर में रंग पंचमी समारोह का आयोजन किया गया। मिनी वृंदावन के नाम से प्रसिद्ध इस नगरी में 108 श्रीकृष्ण मंदिरों के बीच उत्सव का ऐसा माहौल बना, जिसने ब्रज की होली की याद ताजा कर दी। कार्यक्रम में कानपुर से आए हीलियंस ग्रुप के कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण और भोलेनाथ की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं। कलाकारों की प्रस्तुति और होली के पारंपरिक गीतों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। रंग, गुलाल और भक्ति संगीत के बीच श्रद्धालु देर तक झूमते नजर आए।


रंग पंचमी पर राधा-कृष्ण संग होली खेलते चरखारी विधायक। अमृत विचार

रंग पंचमी दौरान क्षेत्रीय विधायक बृजभूषण राजपूत भी मंदिर प्रांगण पहुंचे। उनके पहुंचते ही स्थानीय नागरिकों, महिलाओं और युवाओं का उत्साह और बढ़ गया। विधायक बृजभूषण राजपूत ने सबसे पहले भगवान गुमान बिहारी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर देश प्रदेश की खुशहाली की कामना की। पूजा के बाद मंदिर परिसर में फूलों और गुलाल की होली शुरू हुई। महिलाएं, बच्चे और युवा विधायक को रंग लगाने के लिए उत्साहित दिखे। विधायक ने भी लोगों को अबीर गुलाल लगाकर रंग पंचमी की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जनप्रतिनिधि और जनता के बीच आत्मीयता का माहौल दिखाई दिया।

समारोह में हीलियंस ग्रुप ने होली के लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी। संगीत की धुन पर विधायक बृजभूषण राजपूत भी खुद को रोक नहीं पाए और स्थानीय लोगों के साथ जमकर थिरके। राधा कृष्ण के स्वरूपों के साथ फूलों की होली खेलते हुए हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि चरखारी की गौरवशाली धार्मिक परंपराओं को जीवित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति और स्थानीय परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी हैं। रंग पंचमी का यह उत्सव एक बार फिर साबित करता है कि चरखारी आस्था का प्रमुख केंद्र और बुंदेलखंड की सांस्कृतिक धरोहर है।

# बुंदेलों ने 51वीं बार खून से खत लिख प्रधानमंत्री मोदी को भेजा

## बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाने के लिए चलाया गया खून से खत लिखो अभियान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- बुंदेलखंड दिवस के रूप में मनाया शंकरलाल मेहरोत्रा का जन्मदिन
- यूपी-एमपी के 14 जिलों को जोड़ कर अलग राज्य बनाने की मांग

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड राज्य निर्माण आंदोलन के जनक स्व. शंकरलाल मेहरोत्रा के 79वें जन्मदिन पर सोमवार को बुंदेलों ने बुंदेलखंड दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर खून से खत लिखो अभियान चलाकर बुंदेलों ने अपने खून से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 51वीं बार खत लिखकर भेजा, जिसमें उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के 14 जिलों को पुनः मिलाकर पृथक बुंदेलखंड राज्य बनाने की मांग को एक बाद फिर से दोहराई गई।



खून से खत लिखने के लिए आंबेडकर पार्क में एकत्र हुए बुंदेले। अमृत विचार

आल्हा चौक के आंबेडकर पार्क में आयोजित खून से खत लिखो अभियान में बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य निर्माण के मुद्दे पर राजनीति दलों की चुप्पी बेहद चिंताजनक है। इसके लिए सांसद, विधायक दोषी हैं, जो पार्टी नेतृत्व के सामने प्रभावी तरीके से मुद्दा उठाने से डरते हैं। तेलंगाना की तरह बुंदेलखंड के सांसद, विधायकों को भी साहस दिखाना होगा। वहां राज्य निर्माण के लिए एक महीने में 96 जनप्रतिनिधियों ने इस्तीफे दे दिये थे। इसलिए अब बिना कुर्बानी दिये आंदोलन में गति आने वाली नहीं।

उन्होंने बताया कि बुंदेलों ने अपने खून से अब तक दो हजार से अधिक खत लिख चुके हैं। हम लोग आंदोलन को अपने खून से सींच रहे हैं। जूते-चप्पल त्याग कर वर्ष 2015 से लगातार नंगे पैर चल रहे हैं। इसी आल्हा चौक पर कोरोना काल के पहले 635 दिन तक अन्न त्याग सत्याग्रह कर चुके हैं। महामंत्री डा. अजय बरसैंया ने कहा कि आंदोलन के लिए जितनी कुर्बानी शंकर लाल मेहरोत्रा ने दी, किसी ने नहीं दी। अगर 22 नवंबर 2001 को उनका निधन नहीं हुआ होता तो बहुत पहले बुंदेलखंड राज्य बन गया होता। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप जैन, कृष्णा शंकर जोशी, कैप्टन देवीदीन यादव, गया प्रसाद कोस्टा, हरीओम निषाद, अमरचंद विश्वकर्मा, कुक्कू शिवहरे, देवेन्द्र, नीरज पुरवार, महेन्द्र, प्रेम चौरसिया, सुधीर दुबे, सिद्धे सेन, भटका गुरू, कमलेश श्रीवास्तव, सुरेश आदि ने रक्त से प्रधानमंत्री को खत लिखे।

## दबंगों ने ग्रामीण की भूमि पर किया कब्जा

**बेलाताल।** थाना क्षेत्र के बिजोरी गांव में एक ग्रामीण के पट्टे की भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर लिया। पीड़ित ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन भूमि को मुक्त नहीं कराया गया और न ही कब्जाधारकों पर कोई कार्रवाई की गई। पीड़ित ने कुलपहाड़ एसडीएम से न्याय की गुहार लगाई है।

बिजोरी निवासी गोविंदास पुत्र रामचरन ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी पट्टे की भूमि गाटा संख्या 214/3, रकबा 0.0810 हेक्टेयर पर गांव के ही कुछ दबंगों ने कब्जा कर लिया है। उसने कब्जा हटवाने के लिए प्रशासन से कई बार गुहार लगाई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हो सका। उसने 2 अगस्त को तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिया था, इसके बावजूद कब्जाधारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उसने 18 अक्टूबर को शिकायत की, उसके बाद भी जमीन पर दबंगों का कब्जा है। पीड़ित का कहना है कि पट्टे की जमीन ही उसकी आजीविका का साधन है। जांच कराकर कब्जा हटवाने और दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

# पंखा लगा सोते समय करंट से युवक की मौत

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

- पंखे के तार में चिपका, जाल तोड़ कमरे तक पहुंचे परिवार वाले

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के लमौरा गांव में रविवार की रात घर में सोते समय फर्राटा पंखे से चिपक कर युवक की मौत हो गई। सुबह देर तक न उठने पर परिजनों ने खिड़की से झांककर देखा तो वह पंखे से चिपका पलंग के नीचे पड़ा था। शोर शराबा करने के बाद भी कोई जवाब न मिलने पर परिजनों ने छत के ऊपर का जाल तोड़कर प्रवेश किया, जहां युवक पंखे के तार से चिपकने के बाद नीचे गिरा था। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।


रोहित।

लमौरा गांव निवासी पन्नालाल कुशवाहा का 19 वर्षीय रोहित रोज की तरह खाना खाकर अंदर से कमरे का दरवाजा बंद करके फर्राटा पंखा चलाकर पलंग में सो गया था। सुबह काफी देर तक उसके न जागने पर परिजनों ने कुंडी खटखटाने और दरवाजा पीटने के बाद कोई जवाब न मिलने पर दूसरी तरफ लगी खिड़की से जाकर देखा तो वह पलंग के नीचे पड़ा हुआ था। यह देखकर परिवार के लोग घबरा गए। परिजनों ने छत पर जाकर जाल को काटकर आंगन में उतरने के बाद कमरे में प्रवेश किया, जहां पर रोहित बिजली के तार से चिपका हुआ पड़ा था। यह देखकर परिजनों के होश उड़ गए, चीख पुकार सुनने के बाद आपास के ग्रामीण दौड़ पड़े। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के आने से पहले ही परिजन उसे जिंदा समझ कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलाताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ने घटना स्थल का जायजा लेने के बाद शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। उपनिरीक्षक रमाकांत त्रिपाठी का कहना है कि परिजन सोते समय बिजली के तार से चिपकर करंट लगने से मौत हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण ज्ञात हो सकेगा।

# पुलिस ने बैंकों में जांचे सुरक्षा इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों ने सोमवार को सुरक्षा जांचने के लिए अभियान चलाया । अभियान में जिले के समस्त थाना प्रभारियों ने अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया साथ ही वहां लगे विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति को देखा।



बैंक के बाहर लोगों से पूछताछ करती पुलिस टीम। अमृत विचार

जिला पुलिस बल ने क्षेत्र अन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहां से हटाया गया। बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया।

निरीक्षण दौरान शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी और ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों से सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी और उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी। टीम ने बैंकों के बाहर खड़े आड़ी तिरछी व सड़क पर खड़ी बाइकों को उनके चालाकों को मौके पर बुलाकर क्रमबद्ध तरीके से लगाकर भविष्य में इस तरह के कार्य न करने की चेतावनी भी दी गई। पुलिस टीम ने बैंक में आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखाधड़ी, जालसाजी, ठगी, टप्पेबाजी से बचाव के लिए जागरूक किया गया।

## एसपी ने दफ्तर में सुनीं जनसमस्याएं

**महोबा।** एसपी प्रबल प्रताप सिंह ने सोमवार को कार्यालय में जनसुनवाई की और उन्हें न्याय का आश्वासन दिया। बड़ी संख्या में फरियादियों ने एसपी के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा।

जनसुनवाई दौरान पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुना। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध ढंग से किया जाएगा साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों में पूर्ण पारदर्शिता रखते हुए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला पुलिस सदैव आमजन की सुरक्षा, न्याय और सेवा के लिए समर्पित है।

# गेहूं खरीद के लिए जिले में बनाए गए 39 क्रय केंद्र

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में सोमवार को रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं खरीद समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने अगले 02 कार्य दिवस में केन्द्र प्रभारियों को अपने अपने केन्द्रों पर सभी तैयारियां पूर्ण कराकर समय से केन्द्र खोलने तथा केन्द्रों पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए साथ ही स्थानीय कृषकों से संपर्क कर पंजीकरण में प्रगति कराने के लिए निर्देशित किया गया है।


डीएम ने केंद्र प्रभारियों को तैयारियों में जुटने के निर्देश दिए। अमृत विचार

बैठक में बताया कि खरीद 17 मार्च, 2026 से प्रारम्भ होकर 15 जून, 2026 तक की जाएगी। जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं खरीद के लिये जिलाधिकारी ने 39 गेहूँ कय केन्द्र अनुमोदित किये गये है। जिसमें खाद्य विभाग के 05, पीसीएफ के 29. भारतीय खाद्य निगम के 4 एवं मण्डी समिति का 01 गेहूं क्रय केन्द्र अनुमोदित किये गये हैं। इस प्रकार 39 केन्द्रों में से सदर तहसील में 15, चरखारी तहसील में 11 एवं कुलपहाड़ तहसील में 13 कय केन्द्र अनुमोदित किये गये हैं। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में भारत सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य में 160 रुपये प्रति क्विटल की बढ़ोत्तरी करते हुये न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विटल निर्धारित किया गया है, जिसका भुगतान 48 घंटे में किसान के आधारलिंक्ड बैंक खाते में किया जाएगा।

बताया गया कि गेहूं खरीद के लिए कृषकों का पंजीकरण प्रारम्भ हो गया है तथा जनपद में अभी तक 768 कृषकों की ओर से अपना पंजीकरण कराया जा चुका है। इसमें महोबा तहसील में 104, चरखारी तहसील में 122 और कुलपहाड़ तहसील में 542 किसानों द्वारा पंजीकरण कराये जा चुके हैं। किसान अपने गेहूं के विक्रय के लिए अपना पंजीकरण खाद्य विभाग की निर्धारित वेवसाइट पर खतौनी, आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर के आधार पर स्वयं या जनसेवा केन्द्र, इन्टर नेट कैफे अथवा किसान मित्र एप से करा सकते है तथा अपने निकटतम गेहूं क्रय केन्द्र पर अपने गेहूं का विक्रय कर सकेंगे।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (नमामिगंगे), जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, जिला प्रबन्धक पीसीएफ, एवं सचिव, कृषि उत्पादन मंडी समिति, महोबा, चरखारी के अलावा समस्त केन्द्र प्रभारी उपस्थित रहे।

बंपर पैदावार की उम्मीद

पेड़ों में अमराई देखकर खिल रहे आम उत्पादक किसानों के चेहरे, बौर लदे होने से झुक गए आम के पेड़

# इस बार हर किसी को खूब स्वाद चखाएगा फलों का राजा आम

नईमुर्रहमान, महोबा

**अमृत विचार।** फलों का राजा आम इस दफा आम आदमी तक पहुंच सकेगा। आम के पेड़ों में अभी तक की अमराई देखकर तो यही लगता है कि इस बार रिकार्ड तोड़ आम की पैदावार होगी। आम के पेड़ों में अच्छी बौर लदी देखकर आम किसान खासे गदगद हैं। आम उत्पादक किसानों का कहना है कि यदि सब कुछ ठीकठाक रहा तो गरीब वर्ग के लोग भी इस दफा आम का स्वाद ले सकेंगे।

पिछली दफा आम की कम पैदावार होने के कारण सिर्फ खास लोगों तक ही आम पहुंच सका था। इस बार आम की अच्छी पैदावार को देखते हुए आम भी सस्ते दामों पर बिकेंगे। बाग मालिकों का कहना है कि इतनी अमराई पिछले कई साल बाद पहली बार आई है। आम किसानों का मानना है कि अगर फसल को नुकसान न पहुंचा तो आम बाजार में चारो तरफ नजर आएगा। आम की अधिक पैदावार होने से फलों की पैकिंग की समस्या भी खड़ी हो सकती है। पिछले साल इस साल के मुकाबले आम का कम उत्पादन होने के बाद भी पैकिंग की पेटियों की किल्लत आड़े आ गई थी।


आम के पेड़ों में लदी अमराई।

गर्मी की दस्तक के साथ ही जिस कदर आम के पेड़ों पर बौर (अमराई) आई है, उससे रिकार्ड तोड़ फसल का अंदाजा लगाया जा रहा है। हालत यह है कि पेड़ बौर का बोझ नहीं उठा पा रहे हैं। अमराई के आगे कुछ नहीं दिख रहा है। इसी के बोझ से पेड़ झुके जा रहे हैं। फल आने पर पेड़ों के लिए उनका वजन संभाल पाना मुश्किल हो जाएगा। जानकार बुजुर्ग बताते हैं कि इतनी ज्यादा अमराई 90 के दशक की याद ताजा कर रही है। इस साल मौसम भी दया दृष्टि बनाए है। आम पर किसी भी तरह की बीमारी भी नजर नहीं आ रही है। आम के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि सबसे खतरनाक जाला इस बार फसल को नहीं छू सका है।

कृषि विज्ञान केंद्र बेलाताल के पूर्व वैज्ञानिक ओमप्रकाश सोनकर का मानना है कि यदि आम की बौर के लिहाज से 60 फीसदी भी आम की फसल बच जाती है, तो इतना आम खपना मुश्किल हो जाएगा। आम की पैदावार अच्छी होने से फलों का राजा आम इस बार 40 से 50 रुपये किलो बिकेगा। गौरतलब है कि पिछले सीजन में बौर काफी कम आई थी, जिससे उत्पादन भी सीमित हुआ था, जिसके चलते आम 60 से 70 रुपये किलो बिका था। इस दफा आम आदमी आम का स्वाद ले सकेगा।

### देसी आम का जमाना गया

अपनी खास खुशबू और सोंधेपन के जलवे बिखेरने वाला देसी आम अब गुजरे जमाने की बात हो गई है। बागों की अंधाधुंध कटान और संरक्षण में लापरवाही ने देसी आम की तमाम नस्लों को विलुप्त बना दिया है। यूं तो आम की तमाम किस्में हैं, लेकिन देसी आम चूसने का मजा ही कुछ और है, पर सरकारी उपेक्षा और गलत फैसलों के चलते देसी आम की कई कई प्रजातियां धीरे धीरे विलुप्त हो गई हैं। आम की फसल बढ़ाने, पेड़ों के संवर्द्धन तथा पुरानी प्रजातियों को बचाए रखने के सरकारी प्रयास न काफी लग रहे हैं। नतीजतन देसी आम के बाग या तो साफ हो चुके हैं या फिर साफ होने की कगार पर हैं।

### जिले में आम की कई प्रजातियां खत्म

जिले में एक दशक पहले तक देसी आम के पेड़ों की भरमार थी, लेकिन दस साल के अंदर शुरू हुई अंधाधुंध कटान से बीते वर्षों में इसकी गोला, करैला, भदैला, खदुआ, लंबुआ, सिंदूरी, चपटी प्रजातियों करीब करीब खत्म हो गईं हैं। देसी आम को देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी खूब पसंद किया जाता था। इसकी बेलहा प्रजाति का फल को आधा किलो वजन तक का होता था, लेकिन अब नाम मात्र देसी आम के पेड़ रह गए हैं।

# भारत की जीत पर जिले भर में मनाया गया जश्न

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- चरखारी विधायक ने विजय होली के रूप में जीत का जश्न मनाया

**अमृत विचार।** भारत की टी-20 क्रिकेट विश्वकप में शानदार जीत पर जिले में जश्न का माहौल रहा। चरखारी के गुमान बिहारी मंदिर परिसर में विधायक ब्रजभूषण राजपूत के नेतृत्व में डीजे की धुन पर जीत का जश्न मनाया गया।

भारत की शानदार जीत के बाद गुमान बिहारी मंदिर चरखारी परिसर में युवाओं ने डीजे की धुन पर तिरंगा लहराते हुए नृत्य किया। इस दौरान आतिशबाजी और पुष्प वर्षा भी की गई। जश्न के मौके पर बीजेपी के चरखारी विधायक युवाओं के बीच पहुंचकर देशभक्ति गीतों और डीजे की धुन पर उनके साथ नृत्य किया। इस दौरान मंदिर परिसर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से गूंज उठा। विधायक ने कहा कि यह जीत टीम इंडिया की कड़ी मेहनत और करोड़ों भारतीयों की प्रार्थनाओं का परिणाम है। उन्होंने देशभक्ति गीत गाकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और लोगों के साथ इस ऐतिहासिक जीत की खुशी साझा की।

शहर के कई चौराहों पर युवाओं की टोलियां तिरंगा लेकर सड़कों पर निकलीं। देर रात तक चले इस जश्न में लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और गले मिलकर जीत की बधाई दी। मंदिर परिसर में फूलों की वर्षा भी की गई, जो इस जीत के प्रति लोगों के उत्साह और गर्व को दर्शा रही थी।

## न्यूज ब्रीफ

### आज होगी सिंचाई बंधु की समीक्षा बैठक

**चित्रकूट।** अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रखंड प्रथम एसके प्रसाद ने बताया कि सिंचाई बंधु की समीक्षा बैठक 10 मार्च को प्रातः 11 बजे से होगी। इसकी अध्यक्षता उपाध्यक्ष सिंचाई बंधु दिनेश पटेल करेंगे। बैठक न्यू सिंचाई कालोनी के मीटिंग हाल में की जाएगी। उन्होंने बैठक के लिए नामित सदस्यों और संबंधित अधिकारियों से समय से बैठक में पहुंचने का अनुरोध किया है।

### रानीपुर टाइगर रिजर्व में महिला शक्ति का सम्मान

**चित्रकूट।** रानीपुर टाइगर रिजर्व की बरगढ़ रेंज अंतर्गत हरदिहा पौधशाला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम प्रधान ऊंचाडीह उषा देवी मौजूद रहीं। इस मौके पर जमीरा, कल्चिहा आदि पौधशालाओं में कार्य कर रहीं महिला श्रमिकों का सम्मान किया गया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### ग्रामीणों को बताई जल संरक्षण की उपयोगिता

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत धान में जल महोत्सव एवं जल अर्पण कार्यक्रम किया गया। इसमें ग्रामीणों को जल संरक्षण, सुरक्षित पेयजल, जल स्रोतों की स्वच्छता एवं सामुदायिक सहभागिता के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया।

### 12 को चित्रकूट आएगी विशेषाधिकार समिति

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति सभापति गोविंद नारायण शुक्ल के सभापतित्व में 12 मार्च को चित्रकूट आएगी। 13 मार्च को पूर्वाह्न 10 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में चित्रकूट, बांदा, महोबा तथा हमीरपुर के अधिकारियों के साथ बैठक करेगी।

### लक्ष्मण झूला रोपवे पर आपदा बचाव अभ्यास

**सीतापुर (चित्रकूट)।** तीर्थक्षेत्र के लक्ष्मण झूला रोपवे पर सोमवार को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) एवं नागरिक सुरक्षा विभाग (सिविल डिफेंस) के स्वयंसेवकों ने विशेष आपदा प्रबंधन एवं बचाव अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया। बताया गया कि इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य रोपवे में तकनीकी खराबी अथवा किसी आपात स्थिति के दौरान फंसे हुए यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने की कार्यकुशलता तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की क्षमता का परीक्षण करना था। इस अभ्यास कार्यक्रम में स्वयंसेवक सौरभ मिश्रा, रविशंकर पांडेय, अस्मित सिंह आदि मौजूद रहे।

### युवक की टोपी उतारी विरोध पर मारपीट

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के जाफर नगर निवासी मोहम्मद शोएब हाफिज के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे नवाबगंज में फल खरीदने आए शोएब की टोपी एक युवक ने उतारकर फेंक दी। शोएब ने जब इसका विरोध किया, तो युवक और उसके तीन-चार साथियों ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान शोएब का मोबाइल फोन भी तोडक़र नाली में फेंक दिया गया। मोहम्मद शोएब ने इस संबंध में थाना पुलिस को युवक और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ तहरीर दी है।

# महिलाओं की समस्या निस्तारण में देरी न हो

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने अफसरों को दी हिदायत

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



समीक्षा बैठक करतीं महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने सोमवार को विकास भवन कार्यालय सभागार में महिला जनसुनवाई व समीक्षा बैठक की। पिछली जनसुनवाई में आई शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने हिदायत दी कि आइंदा कोई भी शिकायत लंबित न रहे।

कार्यक्रम में लगभग 25 महिलाओं ने अपने प्रार्थनापत्र दिए। आयोग सदस्य ने पांच समस्याओं का तत्काल निस्तारण करते हुए अन्य का निस्तारण अधिकारियों को जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। विगत तीन माह में आई सभी महिला संबंधी समस्याओं से संबंधित निस्तारण की आख्या प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। महिला आयोग की सदस्य ने समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों से उनके तीन माह में किए गए कार्यों की लिखित आख्या देने के लिए कहा व समीक्षा की गई। इसी दौरान तीन माह से चल रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का समापन भी किया गया। टीम चाइल्डलाइन व हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वीमेन के प्रतिनिधियों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सम्मानित किया गया।

### गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम

- कंपोजित विद्यालय तरौंहा में आंगनबाड़ी केंद्र में गोद भराई व अन्नप्राशन का कार्यक्रम किया गया। इसमें उन्होंने दो महिलाओं की गोद भराई व दो शिशुओं का अन्नप्राशन किया। महिलाओं को आश्वासन दिया कि समस्या बताएं, निस्तारण तुरंत किया जाएगा। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वीमेन की टीम से डीएमसी प्रिया माथुर, जेंडर स्पेशलिस्ट मीनू सिंह, अभिषेक शुक्ला, अर्चना साहू, रंजीत पांडेय, चाइल्डलाइन प्रभारी विशेष कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### खुली नाली में गिरी गाय, ग्रामीणों ने बचाई जान

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** मानिकपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत डोडा माफी में एक अधूरी और खुली नाली में एक गाय गिर पड़ी। इसे कुत्तों ने घेर लिया। किसी तरह ग्रामीणों ने उसकी जान बचाई। ग्रामीणों का आरोप है कि नमामि गंगे योजना के तहत करीब 15 दिन पहले इस नाली की खोदाई की गई थी लेकिन अब तक इसमें न तो पाइप डाले गए और न ही इसे बंद किया गया। यह नाली ग्रामीणों और पशुओं के लिए खतरा बन गई है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार जिम्मेदारों को इसकी सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने ठेकेदार और संबंधित विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अधूरे निर्माण कार्य के कारण आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उनका कहना है कि यदि समय रहते नाली को बंद नहीं किया गया तो किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं, ग्रामीणों ने यह भी बताया कि क्षेत्र में गौशाला के कई गौवंश खुले में घूमते रहते हैं।



खंड विकास अधिकारी महिमा विद्यार्थी को ज्ञापन देते किसान। अमृत विचार

# नहरों में पानी नहीं होने से सूख रही गेहूं की फसल : भाकियू

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- भाकियू की पंचायत में किसानों ने जताई नाराजगी

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन की जिला इकाई की किसान पंचायत सदर ब्लॉक परिसर में हुई। इसमें किसानों ने इस बात पर नाराजगी जताई कि अधिकारियों को समस्याएं बताने के बाद भी निराकरण नहीं हो रहा।

ब्लॉक अध्यक्ष नरेश सिंह ने बताया कि ओहन बांध से संचालित नहरों में पानी नहीं होने से गेहूं की फसल सूख रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंपों को दुरुस्त कराया जाए। संग्रामपुर के किसान संतगोपाल भारतीय ने बताया कि पीने के लिए पानी आधा किलोमीटर दूरी से लाना पड़ता है। खंड विकास अधिकारी को एक साल से पत्र दे रहे हैं कि घर के पास में ही खराब हैंडपंप लगा है, जिसका रिबोर करा दिया जाए पर सुनवाई नहीं की जा रही। किसानों ने बंदरों की समस्या उठाई। कहा कि बंदरों द्वारा हमला किया जा रहा है पर वन विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। रेहुंटा गांव के किसानों ने बताया कि मनरेगा से किए काम का भुगतान मजदूरों को नहीं किया जा रहा है। बार बार गुमराह कर परेशान किया जा रहा है। ब्लाक अध्यक्ष ने खंड विकास अधिकारी महिमा विद्यार्थी को ज्ञापन देते हुए समस्याओं पर निदान कराए जाने की अपील की। इस मौके पर किसान रामशरण राजपूत, शिवसंपत सिंह, छेदीलाल सिंह, दिनेश सिंह, कमलेश कुमार, शिवभवन वर्मा, शिव सिंह, श्रीकेशन राजपूत, रामलखन, राममिलन, रमाशंकर मिश्र, मोहन लाल, अवधबिहारी सिंह, मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



एसपी से गुहार लगाने पहुंचे घायल। अमृत विचार

### जमीन के विवाद में दंपती समेत चार घायल

**चित्रकूट।** भरतकूप थाना क्षेत्र के दुगवा गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में एक दंपती समेत चार लोग घायल हो गए। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि घटना चार मार्च को होली के दिन हुई। घायल महिला उमा पत्नी अवधेश ने आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोगों ने पुराने विवाद को लेकर घर पहुंचकर गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने अवधेश के साथ मारपीट की। परिजनों के अनुसार, बीच-बचाव करने पहुंची उनकी बेटी नीतू और बेटा जितेंद्र को भी आरोपियों ने पीट दिया। पीड़ित परिवार का कहना है कि घटना के बाद उन्होंने भरतकूप थाने में तहरीर दी थी लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे परेशान परिवार ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और न्याय की मांग की। वहीं, इस मामले में भरतकूप थाना पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से बातचीत की जा रही है और जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पृथक राज्य आंदोलन के लिए युवा चलाएं हैशटैग मुहिम

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार ।** पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को नई धार देने के लिए बांदा में शुरू हुई गांव -गांव पांव -पांव यात्रा में जिले से भी बुंदेली सेना के कार्यकर्ता शिरकत करेंगे । यह जानकारी बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि राजा बुंदेला के नेतृत्व में शुरू इस यात्रा का चित्रकूट में समापन होगा1 अजीत ने युवाओं से आंदोलन का समर्थन करने के लिए हैशटैग मुहिम चलाने की अपील की है ।

अजीत ने बताया कि राजा बुंदेला के नेतृत्व में ललितपुर से यात्राओं का दौर शुरू हुआ । बुंदेलखंड में घूमने के बाद अब यात्रा बांदा पहुंची है । छह मार्च को जसपुरा से शुरू हुई यात्रा का 15 मार्च को समापन होगा । इस दौरान जिले से भी बुंदेली सेना के कार्यकर्ता यात्रा में शामिल होंगे । बताया कि अगले चरण में यात्रा जिले में आएगी और यहीं पूरे बुंदेलखंड की यात्रा का समापन होगा । बताया कि यात्रा के दौरान समूचे बुंदेलखंड में न केवल लोगों को जागरूक किया गया बल्कि पंचायत प्रतिनिधियों के बड़े पैमाने पर समर्थन पत्र जुटाए गए। इन पत्रों को आंदोलन के अगुवा राजा बुंदेला प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को सौंपेंगे । बुंदेलखंड राज्य के मुद्दे पर युवाओं से आगे आने और सोशल मीडिया में हैशटैक मुहिम चलाने का आह्वान किया है । बताया कि इस आंदोलन में अब वैचारिक मुहिम ही जरूरी है । यदि चाहते हैं कि बुंदेलखंड अलग राज्य बने तो हमें चाहिए बुंदेलखंड राज्य लिखकर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को बताएं।

### भागवत सुनने से होता है मनुष्य का कल्याण

**मऊ।** लालता रोड के पास पुरा गांव में स्थित श्री गणेश मंदिर मे आचार्य संजय दास के सानिध्य में चल रहा श्री गणेश महायज्ञ के दूसरे दिन श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य तरंग महाराज ने महाभारत की कथा, परीक्षित का जन्म एवं पांडवों के स्वर्गारोहण की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि भागवत की कथा सुनने से मनुष्य के जीवन की कीर्ति बढ़ती है एवं मनुष्य का कल्याण होता है। गणेश महायज्ञ में आचार्य प्रभाकर एवं उनके सहयोगियों ने वेद मित्रों का उच्चारण किया। इसमें सुधीर पांडेय, आंकित पांडेय, तिलक पांडेय, बडकऊ शुक्ला, आदित्य पांडेय, विवेक पांडेय, बालमुकुंद पांडेय, उमेश पांडेय, कैलाश त्रिपाठी, राजा त्रिपाठी, रंजय द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# अंतिम अभिलेख 15 तक पूरे करें, अन्यथा नोटिस मिलेगी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** सोमवार को चकबंदी प्रक्रियाधीन ग्रामों की समीक्षा की गई। बैठक में आगाह किया गया कि अंतिम अभिलेख 15 मार्च तक पूरे करें अन्यथा नोटिस जारी होगी।

बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल वर्धन ने बताया कि चित्रकूट में धारा 7 (भूचित्र पुनरीक्षण) के अंतर्गत पांच ग्रामों में से तीन ग्रामों में काम किया जा रहा है। दो ग्रामों में जनविरोध से काम बाधित है। धारा 8 पर दो ग्रामों में पड़ताल का काम चल रहा है। धारा 9 के अंतर्गत कुल पांच ग्रामों में सहायक चकबंदी अधिकारियों द्वारा विनिमय अनुपात का निर्धारण किया जा रहा है। गढ़वारा व तहसील राजापुर में जनविरोध के कारण कार्य बाधित है। धारा 20 के अतंर्गत छह में से तीन में चक सृजन का काम प्रारंभ है। तीन में जनविरोध से काम बाधित है। धारा 24 के अंतर्गत ग्राम डुडौली, तेरा बुजुर्ग व सिकरीसालिस का माह अप्रैल से जुलाई तक चक सीमांकन कराया जाना प्रस्तावित है। बैठक में खरौंध, ऐंचवारा, मिर्जापुर, लठागुठऊपुर तथा महरुछ के अंतिम अभिलेखों के निर्माण में बरती जा रही लापरवाही पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा प्रत्येक दशा में 15 मार्च तक अंतिम अभिलेखपूर्ण व भूचित्र पूर्ण कर धारा 52 का प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। आगाह किया गया कि अन्यथा की स्थिति में सहायक चकबन्दी अधिकारी को दंडात्मक कार्यवाही की नोटिस जारी की जाएगी।

# ग्राम प्रधान व पुलिस ने महिलाओं को अधिकारों की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कमालगंज स्थित भोजपुर ग्राम पंचायत में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता पर सोमवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पंचायत घर में संपन्न हुआ, जिसमें ग्राम प्रधान और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान भुवन चंद्र, बरतरिया चौकी इंचार्ज अखिलेश कुमार, महिला कांस्टेबल शालिनी चौहान और उषा देवी उपस्थित थे। इस दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों और 'मिशन शक्ति' अभियान के उद्देश्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

चौकी इंचार्ज अखिलेश कुमार ने महिलाओं को किसी भी समस्या या उत्पीडऩ की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी। उन्होंने 1090 और 112 जैसे हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया और महिलाओं को निडर होकर अपनी बात रखने के लिए प्रोत्साहित किया। ग्राम प्रधान भुवन चंद्र ने जोर देकर कहा कि ग्राम पंचायत में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने आश्वासन दिया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे। इस जागरूकता कार्यक्रम में गांव की अनेक महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की।

# कार्रवाई न होने से किशोरी ने खाया जहर, रेफर

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कंपिल में आरोपितों पर कार्रवाई न होने से क्षुब्ध एक किशोरी ने रविवार रात्रि जहरीला पदार्थ खा लिया। स्वजन उसे कायमगंज सीएचसी ले गए, जहां से उपचार के बाद उसे रेफर किया गया। पुलिस ने दो नामजद समेत सात आरोपितों पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है।

किशोरी ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व वह अपने पिता को खेत पर खाना देने गई थी। खेत के पास एक बाग में शौच के लिए जाने के दौरान पड़ोसी गांव के दो युवक सुमित और प्रभात ने उसके साथ दुष्कर्म किया। चीख-पुकार सुनकर पिता मौके पर पहुंचे तो आरोपित फरार हो गए। पीडि़ता ने स्वजनों के साथ थाने में तहरीर दी थी, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। किशोरी के स्वजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस मामले में समझौते का दबाव बना रही थी। कार्रवाई न होने से किशोरी ने शनिवार देर शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस के अनुसार, यह घटना चार दिन पूर्व की है। दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसमें दूसरे पक्ष का एक युवक घायल हो गया था। पुलिस ने तब पीडि़त पक्ष से चार और दूसरे पक्ष से दो लोगों का शांति भंग में चालान किया था।सोमवार सुबह पीडि़ता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद (सुमित और प्रभात) और पांच अज्ञात आरोपितों के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र आकाश सिंह (राजा) के गलत चाल–चलन के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मैं व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का उसके किसी कृत्य अथवा लेन–देन के जिम्मेदार नहीं हैं। - **सुबोध कुमार पुत्र स्व0 रामलाल मौर्य निवासी मोहल्ला नगलादीना, फतेहगढ़, जिला फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD AFJAL SIDDIQUI से बदलकर MOHD AFZAL SIDDIQUI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MO. JAKIR ADD-7, VIRDHA ASHRAM, GANNA PURWA, ADIL NAGAR, PO-VIKAS NAGAR DIST-LUCKNOW -226022 (U.P.)

**सूचना**

मैं मो0 असद पुत्र मो0 यासीन निवासी मो0 पुरानी बाजार कस्बा, परगना व तहसील महमूदाबाद जिला – सीतापुर, मेरा एक सिविल वाद न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त न्यायिक प्रथम– लखनऊ के न्यायालय में विचाराधीन है। यह कि उपरोक्त मुकदमे में दोनो पक्षो की हाजिरी हेतु अग्रिम तारीख 12–03–2026 नियत है जिसका उनवान मोहम्मद असद आदि बनाम अली अब्बास आदि है।

**सूचना**

मैंने दिनांक 29.11.2009 को नयन श्रीवास्तव से विवाहोपरांत अपना नाम पल्लवी तिवारी से बदलकर पल्लवी श्रीवास्तव रख लिया है। भविष्य में मुझे पल्लवी श्रीवास्तव के नाम से जाना व पहचाना जाए। पता– 6478/I–148, जानकीपुरम गार्डन, जानकीपुरम, लखनऊ।

**सूचना**

मैं **आरती सिंह पत्नी उदय प्रताप सिंह, निवासी 69A/14 योजना संख्या 40 ब्लाक** EWS **दबौली कानपुर नगर** उपरोक्त प्रापर्टी का मूल कब्जा पत्र एवं मूल डीड दिनांक 05.04.1999 का प्रथम पृष्ठ कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। **मो.7408855556**

**सूचना**

मैं अथर्व सिंह पुत्र श्री सुजीत कुमार सिंह, निवासी 660/7/P2/29, फूल बाग कालोनी, कुर्सी रोड, लखनऊ–226026, मेरे विद्यालय ICSE के अभिलेखों में मेरा नाम अथर्व सिंह सुयश अंकित है। जबकि मेरा सही एवं वर्तमान नाम अथर्व सिंह और मेरी सही जन्मतिथि 28–11–2005 है, जैसा कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। जबकि मेरे विद्यालय अभिलेखों में अंकित जन्मतिथि 28–11–2004 त्रुटिवश दर्ज हो गई थी। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**सूचना**

मैं **राजेश कुमार रावत पुत्र स्व0 बरातीलाल रावत निवासी म0नं0 2/138, मार्टिन पुरवा, हजरतगंज, थाना गौतम पल्ली, लखनऊ** मेरी चार संताने निम्नलिखित है मेरे दूसरे नम्बर की संतान आकाश दीप रावत व पुत्रवधू चाँदनी को उनके गलत आचरण के चलते अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति तथा अपने समस्त सरोकार से बेदखल कर दिया गया है। उक्त पुत्र अपने किये गए कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय कुम्भी, विकास खण्ड शिवगढ़, जनपद रायबरेली में दिनांक 13 मार्च 2026 को प्रातः 10:30 बजे यूकेलिप्टस के 32 पेड़ों की नीलामी होनी है, इच्छुक व्यक्ति आकर बोली लगा सकते हैं।

**प्रधानाध्यापक**
**पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कुम्भी,**
**विकास खण्ड शिवगढ़**
**जनपद–रायबरेली**

**सूचना**

मैं रजनीश कुमार बरनवाल पत्नी शिवांगी बरनवाल, अपनी पुत्री का नाम मेधावी (MEDHAVI) से मेधावी बरनवाल ( MEDHAVI BARANWAL) रख रहा हूँ। अतः मेरी पुत्री का नाम भविष्य में मेधावी बरनवाल ( MEDHAVI BARANWAL) से जाना व पहचाना जाए। D/O Rajneesh Kumar Baranwal R/O H-N- 175 G-N- Road Civil Line, Parkinsganj, Sultanpur City Thana – Kotwali Nagar Post – Sultanpur (U.P.) Pin – 228001


# रुपये के विवाद में देवर देवरानी ने महिला को पीटा

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कंपिल थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर तिहईया गांव में 20 रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में सोमवार को एक महिला और उसकी बेटी को पीटा गया। आरोप है कि महिला के देवर और देवरानी ने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

पीडि़त महिला ममता पत्नी ईश्वर दयाल ने बताया कि उसके देवर और देवरानी ने 20 रुपये के लेनदेन को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी थी। जब ममता ने 20 रुपये वापस कर दिए, तब भी वे गाली-गलौज करते रहे। ममता द्वारा गाली-गलौज का विरोध करने पर देवर और देवरानी ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आई ममता की बेटी को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा और उसके साथ भी मारपीट की। यह घटना शनिवार शाम की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

पीडि़त पक्ष की तहरीर पर घायल महिला ममता का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। उसे वहीं उपचार भी दिया गया। कंपिल थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर घायल महिला का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

राजनीति — अपना दल (एस ) के नेता व कैबिनेट मंत्री का जिले में आगमन पर हुआ स्वागत

# कार्यकर्ता हर बूथ में जोड़ें 20 यूथ : आशीष पटेल

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



मंत्री आशीष पटेल का स्वागत करते विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का जिला आगमन पर स्वागत किया गया । बाद में डाक बंगला कर्वी में उन्होंने कार्यकर्ताओं से भेंट की और आगामी पंचायत चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए । साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक बूथ में 20 युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य दिया।

कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल जिले में एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे । इस दौरान भरतकूप में उनका मानिकपुर विधायक अविनाशचंद्र द्विवेदी और अपना दल (एस ) के जिलाध्यक्ष हेमराज सिंह के संयुक्त नेतृत्व में स्वागत किया गया । इसके बाद लोनीवि निरीक्षण गृह कर्वी पहुंचे मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की । बैठक में उन्होंने आगामी पंचायत चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से बात की। जिताऊ उम्मीदवारों को चिह्नित करने और चुनाव में दम दिखाने के साथ ही विधानसभा चुनाव के लिए जिले के प्रत्येक बूथ में 20 युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य दिया । कहा कि पंचायत चुनाव में प्रतिनिधित्व मिलना ही चाहिए प्रधान, बीडीसी और डीडीसी सदस्य के पदों पर कार्यकर्ता चुनाव फतेह करें । बाद में ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने में वह भरपूर मदद करेंगे । इस दौरान कार्यकर्ताओं ने तमाम समस्याएं बताई जिस पर उन्होंने अधिकारियों को फोन पर दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर नाथूराम पटेल, जब्बर सिंह, फ़ौजी रामसिया सिंह, केशव प्रसाद, महेंद्र पटेल, पंकज सिंह, विष्णु प्रताप सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे 1 बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह के साथ पहुंचे कर्वी माफ़ी प्रधान प्रतिनिधि बद्री सिंह, अशोक पटेल, राजकुमार सिंह, रामदास सिंह आदि ने डाक बंगला में कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया ।



जिंदगी में दो तरह की ट्रेजडी हैं। एक है अपने दिल की ख्वाहिश खो देना और दूसरी है उसे पा लेना।
-जॉर्ज बर्नाड शॉ, आयरिश लेखक



## क्रिकेट शिखर पर तिरंगा

भारतीय क्रिकेट ने वह कर दिखाया, जो अब तक इस क्षेत्र में असंभव माना जाता था। 2024 में बारबाडोस की जीत के बाद, 2026 में खिताब को सफलतापूर्वक डिफेंड करना न केवल भारतीय टीम के कौशल को दर्शाता है, बल्कि यह विश्व क्रिकेट में भारत के पूर्ण वर्चस्व की घोषणा भी है। 2007, 2024 और 2026 के तीन टी-20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने वाला पहला देश बनकर टीम इंडिया ने विश्व क्रिकेट के शिखर पर अपना तिरंगा गहराई तक गाड़ दिया है। विश्व विजेता बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बधाई मात्र शिष्टाचार नहीं, उस 'स्पोर्टिंग कल्चर' की स्वीकारोक्ति और सराहना है, जिसे देश ने हाल के वर्षों में आत्मसात किया है।

भारत का यह वर्चस्व रातों-रात नहीं आया है। इसके पीछे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की कुशल प्रबंधन रणनीति और सरकार का खेल-अनुकूल दृष्टिकोण रहा है। आज भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट ढांचा है। बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी, 40 एकड़ में फैली 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' जो दुनिया का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट प्रशिक्षण केंद्र है, जिसमें 45 पिचें, इनडोर सुविधाएं और रिकवरी सिस्टम हैं। इसके अलावा छोटे शहरों तक फैले अत्याधुनिक स्टेडियमों, स्तरीय कोचिंग केंद्रों ने भी प्रतिभाओं को निखारने का काम किया है। आईपीएल ने भारतीय खिलाड़ियों को दबाव सोखने और अंतर्राष्ट्रीय दिग्गजों के साथ खेलने का जो अनुभव प्रदान किया, उसी का परिणाम है कि आज भारत के पास एक नहीं, बल्कि तीन अलग-अलग 'ए' श्रेणी की टीमें तैयार हैं। इन्ही सब के चलते 19 बरस से कम क्रिकेटरों के भी विश्वविजेता हम ही हैं तथा महिला क्रिकेट भी बेहद तेजी से प्रगति कर रहा है। उसके पास भी विश्व खिताब है। आज आक्रामक क्रिकेट और डाटा एनालिटिक्स के इस्तेमाल ने भारत को आधुनिक क्रिकेट का अगुआ बना दिया है। यह नया खिताब इस बात की तस्दीक करता है कि भारतीय टीम अब केवल प्रतिभा पर नहीं, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था पर टिकी है, जो चैंपियंस पैदा करना जानती है। भारत अब क्रिकेट का सबसे बड़ा बाजार ही नहीं, वह विश्व क्रिकेट का 'पॉवर हाउस' है। भारत के दमदार और आकर्षित करने वाले प्रदर्शनों ने एशियाई उपमहाद्वीप में ही नहीं संसार भर में इस खेल के प्रति लोगों का आकर्षण और लोकप्रियता को बढ़ाया है। भारत की सफलता ने ओलंपिक जैसे वैश्विक मंचों पर क्रिकेट को शामिल करने की राह को और अधिक पुख्ता किया है, जिससे 2028 के ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी पक्की हुई। यह कहना उचित ही है कि भारतीय क्रिकेट वित्तीय शक्ति और मैदानी वर्चस्व का दुर्लभ संगम है।

यह जीत छोटे शहरों के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और इससे निचले स्तर पर भी इस खेल में निवेश तेजी से बढ़ेगा। निःसंदेह इससे भारतीय क्रिकेट की आर्थिक स्थिति और मज़बूत होगी। उसकी ब्रांड वैल्यू भी बढ़ेगी। कुल मिलाकर 'विजेता मानसिकता' की स्थापना करने वाली यह जीत आने वाले कई दशकों तक क्रिकेट और अन्य भारतीय खेलों के लिए मार्गदर्शक बनी रहेगी, इसके मार्गदर्शन में ऐसी विश्वस्तरीय उपलब्धियां हासिल होती रहेंगी।

### प्रसंगवश

## मां न बनने का साहस व मातृत्व का नया विमर्श

जिस दिन कोई युवती यह कह देती है, 'मुझे मां नहीं बनना', उस दिन समाज की सबसे सुरक्षित मान्यता असुरक्षित हो जाती है। यह वाक्य भावनाओं से नहीं, चेतना से पैदा होता है, इसलिए डराता है। यह उस अदृश्य स्क्रिप्ट को जला देता है, जिसमें स्त्री का भविष्य जन्म के साथ ही लिख दिया गया था। लोग चौंकते इसलिए हैं कि पहली बार स्त्री अपनी देह को विरासत नहीं, निर्णय का क्षेत्र घोषित करती है। यह इंकार न तो आक्रामक है, न ही विद्रोही दिखता है, फिर भी यह सबसे गहरी बगावत है, क्योंकि यह बिना चीखे, बिना अनुमति मांगे, व्यवस्था के केंद्र में सीधा सवाल खड़ा कर देता है।

सदियों से स्त्री को यह पाठ पढ़ाया गया कि उसका अस्तित्व स्वयं के लिए नहीं, दूसरों की जरूरतों के लिए है। पहले परिवार, फिर पति और अंततः संतान के लिए। मातृत्व को इतना ऊंचा उठाया गया कि उसके भार तले स्त्री की पहचान दबकर रह गई। उसे सिखाया गया



कृति जैन
लेखिका

कि त्याग उसका सौंदर्य है और सहनशीलता उसका स्वभाव। आज की बेटियां इसी शिक्षा को जांच की निगाह से देख रही हैं। वे पूछ रही हैं, यदि त्याग ही स्त्री की नियति है, तो पुरुष की नियति क्या है? यह प्रश्न किसी एक भूमिका पर नहीं, बल्कि पूरी सामाजिक संरचना पर सीधा प्रहार करता है।

शिक्षा ने इन सवालों को भाषा दी है और चेतना ने उन्हें निडरता। आज की युवा महिलाएं जीवन को केवल निभाने की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीने का अधिकार मानती हैं। वे जानती हैं कि मातृत्व भावनाओं का उत्सव भी हो सकता है, लेकिन प्रायः यह अदृश्य श्रम, लगातार थकान और स्वयं से मिटते जाने की प्रक्रिया भी बन जाता है। वे साफ देखती हैं कि बराबरी के दावे संकट के समय सबसे पहले टूटते हैं। जब मातृत्व की कीमत एकतरफा वसूली जाए, तब उससे इंकार स्वार्थ नहीं, बल्कि न्याय की मांग बन जाता है।

आर्थिक यथार्थ इस निर्णय को और ठोस बना देता है। आज का समय महंगा है, अनिश्चित है और अस्थिर है। एक बच्चे का पालन-पोषण अब केवल प्रेम का विस्तार नहीं, बल्कि वर्षों तक चलने वाला आर्थिक दबाव है। नौकरी छोड़ना, अवसर खोना और निर्भरता स्वीकार करना अब भी ज़्यादातर स्त्रियों के हिस्से आता है। युवा महिलाएं इस गणित को भावनाओं से नहीं, विवेक से हल करती हैं। वे पूछती हैं, क्या मातृत्व का अर्थ आर्थिक असुरक्षा को स्थायी बनाना होना चाहिए? यह सवाल सुंदर नहीं, लेकिन सच है।

मानसिक स्वास्थ्य वह सच है जिसे सबसे लंबे समय तक दबाया गया। मां को देवी बनाकर उसकी थकान को अदृश्य कर दिया गया। प्रसवोत्तर अवसाद, अकेलापन और हर हाल में 'अच्छी मां' बने रहने का दबाव वर्षों तक मौन में छिपा रहा। नई पीढ़ी की महिलाएं इस चुप्पी को तोड़ रही हैं। वे स्वीकार कर रही हैं कि हर स्त्री मां बनने के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं होती और यह स्वीकार करना कमजोरी नहीं, बल्कि साहस है। वे साफ कहती हैं, यदि मातृत्व के नाम पर स्वयं को खोना पड़े, तो स्वयं को बचाना अधिक ज़रूरी है।

'बेटियां जो मां नहीं बनना चाहतीं' कोई क्षणिक फैशन नहीं, बल्कि चेतना की नई क्रांति है। यह बदलाव असहज है, क्योंकि यह उन गहरी और पक्की मान्यताओं को चुनौती देता है जिनमें समाज ने सदियों तक स्त्री को बाँध रखा था। इतिहास सिखाता है कि हर बड़ा परिवर्तन पहले बेचैनी और अव्यवस्था लाता है। आज की बेटियां केवल इतना पूछ रही हैं, क्या स्त्री का मूल्य उसकी कोख से तय होगा, या उसके विचार, उसकी चेतना और उसकी स्वतंत्रता से? इसका जवाब समय ही देगा।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# टीम इंडिया ने पूरे भारत को दिया जश्न का मौका





अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

टीम इंडिया आज विश्व की सफलतम टीमों में से एक है। इसने दो क्रिकेट विश्व कप, तीन टी-20 विश्व कप, तीन चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर अपनी झोली भरी है। टीम इंडिया वर्ष 1984 से वर्ष 2025 तक कुल नौ बार एशिया कप भी जीत चुकी है।

शाबाश! चैंपियन टीम इंडिया। एकतरफा फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को हराकर टी20 का विश्व कप लगातार दूसरी व कुल तीसरी बार जीतने वाली टीम को हार्दिक बधाई। भारत को गौरवान्वित करने वाले हमारे क्रिकेटरों को दिल से सलाम। हर तरह की पिच पर विश्व स्तरीय बॉलिंग-बैटिंग और फुर्तीली फील्डिंग कर आपने क्रेजी भारतीय दर्शकों का 'मन मयूर' कर दिया। आपने मैदान पर अपने धैर्य, आक्रमण व जुझारूपन की मिसाल पेश की। आपकी जांबाजी का लोहा क्रिकेट जगत आंख मूंद कर मानने को अब बेबस है। भारतीय टीम बेशक 'चैंपियन आफ चैंपियंस' है। टी20 विश्व कप का खिताब पुनः दिलाकर आपने भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को इतराने का सुनहरा अवसर देने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

यह खिताबी जीत भारतीय जोश व एकता की विजय का प्रतीक है, जिसने पूरे देश को गर्व तथा उन्माद से भर दिया। न्यूजीलैंड पर जीत के बाद भारत खुशी से सराबोर है। पूरे देश में जश्न मनाते क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह तो देखते ही बन रहा। टीम इंडिया के जांबाजों ने मैदान पर क्रिकेट को जीवंत तो किया ही, टी20 क्रिकेट को नई राह भी दिखा दी है। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में हुए टी20 विश्व कप के लगातार दो मैचों में 250 रन से ऊपर का स्कोर बना। टीम इंडिया ने पूरे जहान को बता दिया कि वह इस प्रारूप को अभी और ऊपर ले जाएगी।

फटाफट क्रिकेट की धार और पैनी करेगी। क्रिकेट भले ही इंग्लैंड का राष्ट्रीय खेल है, लेकिन इसका असल जादू तो भारत में ही सिर चढ़कर बोलता है। यहां क्रिकेट की सनक वैसे ही है, जैसे लैटिन अमेरिका व यूरोप के देशों में फुटबाल। अमेरिका में बॉस्केटबाल व बेसबाल, क्यूबा में मुक्केबाजी, न्यूजीलैंड व दक्षिण अफ्रीका में रग्बी तथा कैरेबियाई देश जमैका में ट्रैक एंड फील्ड को जिस प्रकार 'अनौपचारिक धर्म' माना जाता है। उसी प्रकार क्रिकेट को भारत में धर्म सरीखा ही माना जाता है।

हमारे देश में क्रिकेट महज एक खेल ही नहीं, वरन एक सांस्कृति स्वरूप है, धर्म मानिंद है। कश्मीर से कन्याकुमारी तथा सिलचर से लेकर काठियावाड़ तक यह खेल करोड़ों भारतीयों में एका का भाव भरता है। भाषा व रहन-सहन के अंतर को मिटाकर यह खेल एकजुटता की राह दिखाता है। वर्ष 1983 में कपिलदेव की कप्तानी वाली भारतीय टीम की वेस्टइंडीज पर खिताबी जीत को भला भारत का कौन क्रिकेट प्रेमी नहीं जानता होगा? उक्त वर्ष विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम ने देश में क्रिकेट के प्रति दीवानगी को एक नया आयाम दिया था। विश्व स्तरीय टूर्नामेंट्स जीतने तथा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने इस 'अनौपचारिक धर्म' वाले खेल को भारत में घर-घर तक पहुंचा दिया है।

यह कहना समीचीन है कि क्रिकेट हमारे देश को एकजुट करने वाली शक्ति बन चुका है। यह खेल हमें अटूट बंधन में बांधता है। अपनेपन, भाईचारे व सच्चे प्रेम के भाव से ओतप्रोत करता है... और हो भी क्यों न? क्रिकेट मैच देखते समय कोई भारतीय आपसे आपके धर्म या पेशे के बारे में नहीं पूछता, क्योंकि क्रिकेट देखते समय आप में सिर्फ और सिर्फ राष्ट्र भक्ति की भावना ही रहती है। हमारे देश में क्रिकेट घावों को भरने, क्षमा करने व एकजुट करने की अद्भुत शक्ति प्रदान करता है।

यह कहना अतिश्योक्ति नहीं कि टीम इंडिया आज विश्व की सफलतम टीमों में से एक है। इसने दो क्रिकेट विश्व कप, तीन टी-20 विश्व कप, तीन चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर अपनी झोली भरी है। टीम इंडिया वर्ष 1984 से वर्ष 2025 तक कुल नौ बार एशिया कप भी जीत चुकी है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में दो बार उपविजेता रही है। हमारे पुरुष खिलाड़ी तो कमाल के हैं ही, हमारी महिला खिलाड़ियों ने भी पिछले वर्ष महिला क्रिकेट विश्व कप जीतकर आह्लादित करने का मौका दिया है। जान लें, वर्ष 1932 में इंग्लैंड के दौरे पर टेस्ट क्रिकेट खेलने वाली छठी राष्ट्रीय टीम बनी थी इंडिया। सीके नायडू की कप्तानी में भारत ने अपना पहला टेस्ट मैच इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला था।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय क्रिकेट टीम के दो यादगार पलों को याद करना यहां ठीक रहेगा। पहला, वर्ष 1952 में मद्रास में उसने इंग्लैंड को एक पारी से हराकर अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की थी। दूसरा, भारत ने वर्ष 1971 में इंग्लैंड में पहली बार टेस्ट सीरीज जीती थी। 1970 के दशक से लेकर आजतक भारतीय क्रिकेट टीम अनेकानेक दौर से गुजरी है। परंपरागत क्रिकेट का स्थान आज पेशेवर क्रिकेट ने ले लिया है। आज क्रिकेट के लिए भारतीय बाजारों ने भी अपने खजाने का मुंह खोल दिया है। कभी पैसों की राह ताकने वाला बीसीसीआई आज दुनिया की सबसे बड़ी अर्थ प्रधान खेल संस्थाओं में से एक बन चुकी है। बाजार हमारे उम्दा क्रिकेटरों को धन संपन्न बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा।

आईपीएल व आईसीसी टूर्नामेंट जैसे बड़े क्रिकेट आयोजन करोड़ों प्रशंसकों को आकर्षित करते हैं, जिससे उपभोग, मीडिया में दर्शकों की संख्या में वृद्धि होती है और निवेशकों के व्यवहार पर भी इसका असर पड़ता है। अरबों डालर के मीडिया अधिकार, विज्ञापन की होड़, उपभोक्ता खर्च में उछाल भारत में क्रिकेट की व्यावसायिकता के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। खैर, क्रिकेट पंडितों के सारे कयासों को धता बताने वाली टीम इंडिया की टी20 विश्व कप की ऐतिहासिक जीत पर ढेरों शुभकामनाएं। सूर्य कुमार यादव के कुशल नेतृत्व, संजू सैमसन समेत मध्य क्रम के बैट्समैन की धाकड़ बल्लेबाजी, जसप्रीत बुमराह की धारदार गेंदबाजी तथा टीम के अन्य खिलाड़ियों के फलदायी योगदान ने समूचे भारत का मान पुनः बढ़ाया है।

### आमने सामने



मैं यह बात सभी से कह रही हूं कि जो लोग अब टीएमसी के साथ नहीं हैं, वे बंगाली नहीं हैं। उन्हें बंगाल में रहने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि ममता दीदी बंगाल की जनता के लिए यह लड़ाई लड़ रही हैं।
-महुआ मोइत्रा
टीएमसी नेता
पश्चिम बंगाल

टीएमसी का मतलब तानाशाही, मानसिकता और संस्कृति है। महुआ मोइत्रा के बयान से इंदिरा गांधी की उसी तानाशाही मानसिकता की बू आती है। इंदिरा गांधी ने एक बार कहा था, भारत इंदिरा है, इंदिरा भारत है। आज महुआ मोइत्रा कह रही हैं, टीएमसी बंगाली है, बंगाली टीएमसी है।
-शहजाद पूनावाला
भाजपा प्रवक्ता



# कैसे बदला बिहार की राजनीति का केंद्र



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना सत्ता संतुलन, गठबंधन की मजबूरियां और बदलती रणनीतियों के बीच बिहार की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत है।

भारतीय राजनीति के कैनवास पर कुछ घटनाएं ऐसी होती हैं, जो एक पूरे युग के अवसान की समाप्ति का संकेत बन जाती हैं। बिहार की सत्ता के शिखर पर लगभग दो दशकों तक अडिग रहने वाले नीतीश कुमार का अचानक राज्यसभा की ओर रुख करना राजनीति के उसी बदलते अध्याय का एक निर्णायक संकेत है। होली के अगले दिन सोशल मीडिया पर एक संक्षिप्त पोस्ट के माध्यम से उन्होंने घोषणा की कि वे राज्यसभा जा रहे हैं। उन्होंने इसे अपनी 'व्यक्तिगत अभिलाषा' बताते हुए कहा कि वे लोकसभा, विधानसभा और विधानपरिषद का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और अब उच्च सदन में जाने की इच्छा रखते थे, परंतु राजनीति केवल इच्छाओं से संचालित नहीं होती। सत्ता की गलियारों में फैसले अक्सर उन समीकरणों से तय होते हैं, जिनकी परछाई जनता को बहुत देर से दिखाई देती है, इसलिए यह प्रश्न स्वाभाविक है कि महज तीन महीने पहले बहुमत के साथ दसवीं बार मुख्यमंत्री बने नीतीश कुमार आखिर अचानक बिहार की सत्ता क्यों छोड़ रहे हैं?

सतह पर दिखने वाली कहानी और वास्तविक राजनीतिक कथा में अक्सर गहरा अंतर होता है। यदि केवल औपचारिक बयान को सच मान लिया जाए तो एक वरिष्ठ नेता का उच्च सदन में जाना एक सामान्य राजनीतिक निर्णय लगता है, लेकिन जब घटनाक्रम की परतें खोली जाती हैं, तो एक अलग तस्वीर उभरती है। होली से दो दिन पहले तक न तो जदयू में और न ही बिहार की राजनीति में यह चर्चा थी कि नीतीश कुमार राज्यसभा जा सकते हैं। पार्टी की ओर से जिन दो नामों पर सहमति बन चुकी थी, उनमें एक रामनाथ ठाकुर का था और दूसरा नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार का। निशांत के राजनीति में प्रवेश की चर्चा पिछले एक वर्ष से चल रही थी और हाल के दिनों में जदयू के वरिष्ठ मंत्रियों ने भी सार्वजनिक रूप से संकेत दिए थे कि होली के बाद वे सक्रिय राजनीति में उतर सकते हैं।

ऐसा लग रहा था कि नीतीश अपनी राजनीतिक विरासत को धीरे-धीरे अपने पुत्र के हाथों में सौंपने की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन तीन मार्च की दोपहर के बाद अचानक राजनीतिक माहौल बदलने लगा। जदयू की राज्यसभा उम्मीदवारों की सूची जारी होने में देरी हुई और सत्ता के गलियारों से खबर आने लगी कि भाजपा की ओर से स्पष्ट संदेश दिया गया है कि अब समय आ गया है कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद छोड़ दें। यही वह क्षण था, जब बिहार की राजनीति की दिशा बदल गई। बताया जाता है कि इस संदेश के बाद मुख्यमंत्री आवास में गहन मंथन शुरू हुआ। सत्ता हस्तांतरण की संभावना पहले से मौजूद थी, लेकिन जिस तरह से यह अचानक हुआ, उसके लिए शायद खुद नीतीश भी तैयार नहीं थे।

इस राजनीतिक बदलाव की जड़ें कहीं अधिक गहरी हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव के बाद ही यह स्पष्ट हो गया था कि बिहार की राजनीति में शक्ति संतुलन बदल चुका है। उस चुनाव में जदयू को केवल 43 सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा 74 सीटों के साथ बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। फिर भी भाजपा ने उस समय नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाए रखा। यह निर्णय राजनीतिक शिष्टाचार से अधिक रणनीतिक था। भाजपा जानती थी कि बिहार में अभी भी नीतीश का सामाजिक आधार मजबूत है, विशेषकर अति पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के बीच, इसलिए सत्ता का औपचारिक नेतृत्व उन्हें सौंपकर भाजपा ने अपने राजनीतिक विस्तार की रणनीति जारी रखी, लेकिन साथ ही यह भी स्पष्ट था कि यह व्यवस्था स्थायी नहीं है।

समय के साथ संकेत मिलने लगे कि सत्ता का वास्तविक केंद्र धीरे-धीरे बदल रहा है। गृह विभाग भाजपा के पास चला गया, राज्य सरकार में भाजपा की भूमिका बढ़ती गई और जदयू के भीतर भी नेतृत्व का संतुलन बदलने लगा। सम्राट चौधरी को उपमुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने यह संकेत भी दे दिया कि भविष्य की राजनीति में उसकी भूमिका निर्णायक होगी। यही कारण है कि कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना किसी आकस्मिक निर्णय का परिणाम नहीं, बल्कि लंबे समय से तैयार हो रही राजनीतिक पटकथा का अंतिम दृश्य है।

बिहार में इस परिवर्तन ने प्रदेश की राजनीति में नई बहस को जन्म दिया है। एक महत्वपूर्ण प्रश्न जदयू के भविष्य से जुड़ा है। पार्टी लंबे समय तक नीतीश कुमार के व्यक्तित्व के इर्द-गिर्द संगठित रही है। पार्टी के भीतर ऐसा कोई दूसरा नेता नहीं उभर पाया, जो समान प्रभाव रखता हो। यदि नीतीश सक्रिय राजनीति से धीरे-धीरे दूरी बनाते हैं, तो जदयू के सामने नेतृत्व संकट पैदा होना स्वाभाविक है। निशांत कुमार इस चुनौतीपूर्ण राजनीतिक वातावरण में कितनी दूर तक जा पाएंगे यह अभी स्पष्ट नहीं है। राजनीति का एक कठोर सत्य यह है कि कोई भी दौर स्थायी नहीं होता। कभी बिहार की राजनीति लालू प्रसाद यादव के इर्द-गिर्द घूमती थी, फिर वह केंद्र नीतीश कुमार बन गए। अब एक नए दौर की शुरुआत हो रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## बदल गए युद्ध के वार



युद्ध के हथियार नही बदले... युद्ध के वार भी बदल गए हैं।

पहला विश्वयुद्ध सीमाओ पर लड़ा गया। ट्रेंच में, बंदूकों और शेल से। दूसरा विश्वयुद्ध शहरों के अंदर आ गया। लोगों ने अपने चौक-चौराहों पर विदेशी बूट बजते देखे।



रिबोर्न मनीष
ब्लॉगर

और जब राजधानी तक पंहुचा तो युद्ध खत्म हो गया।

अब युद्ध राजधानी से ही शुरू होता है।

प्रिसिजन बॉम्बिंग, जीपीएस, और ड्रोन ने इंडिविजुअल किलिंग को महज वीडियो गेम बना दिया है।

शत्रु किसी देश की जनता नहीं होती, राजनेता होते हैं। तमाम टेक्नोलॉजी के बावजूद यह मॉरल बंधन बना हुआ था कि केवल सैनिक ठिकाने पर निशाना लगाया जाएगा। नेता बचे रहते थे। इस युद्ध ने सिविलियन और राजनीतिक ठिकानों पर भी प्रिसिजन अटैक की परिपाटी बिठाई है।

आने वाले दौर में युद्ध लड़ने वाले हर नेता पर, हत्या का खतरा बना रहेगा और सिर्फ खामनेई के लोग कंप्रोजमाइज्ड थे, बाकी के नही होंगे। ऐसा सोचना खामख्याली है।

हर देश में, हर राजधानी के, हर नेता के गिर्द कंप्रोजमाइज्ड लोग रहते है। ये उन्ही के विश्वासपात्र लोग होते हैं और जिन्हें नेता के मरने में लाभ मिलना है।

तो आने वाले दौर के हर युद्ध में राजधानी पर बम गिराकर 'सांप का फन कुचलने' का जुमला सुना दिया जाएगा। दूसरा करे, उसके पहले खुद करने की कोशिश रहेगी।

नेगोशियेशन्स का अंडर टोन कुछ यह होगा, साइन कर, वरना तुझे मरवा दूंगा। युद्ध, बहादुरी और शौर्य का मसला कम, विपक्षी नेता की हत्या का कंपटीशन बनकर रह जाना है। इसे हम सिविलाइज्ड वर्ल्ड ऑर्डर कहते रहेंगे।

गुंडे, मवाली, माफिया और व्यापारी को नेता बनाने का अंजाम यही है।

-फेसबुक वॉल से



### सामयिकी

## ऊर्जा का महत्व, बदलती जरूरतें और मजबूरियां

हाल ही में दुनिया में एक बार फिर ऊर्जा क्षेत्र को लेकर विस्तार से चर्चा हो रही है। यह ऊर्जा क्षेत्र के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। दुनिया के कई देश इस बात पर एक राय हो रहे हैं कि जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम की जाए और ऊर्जा के बदलते स्रोतों को अपनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जाएं। कहा जा रहा है कि साल 2035 तक कोयला आधारित बिजली उत्पादन में कटौती की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

सवाल यह है कि आखिर क्यों बार-बार एनर्जी सेक्टर पर इतनी गंभीरता से बातचीत की जा रही है? क्यों वैश्विक मंचों पर इस मुद्दे को उठाया जा रहा है? असल में दुनिया ऊर्जा के क्षेत्र में संकटों का सामना कर रही है। सभी इस बात को समझ चुके हैं कि इस क्षेत्र पर अभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाला समय



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

चुनौतीपूर्ण होगा। उभरते ऊर्जा संकट, घटते जीवाश्म ईंधन संसाधनों और उच्च तेल की कीमतों के साथ जलवायु परिवर्तन की चिंताओं ने बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय, वैकल्पिक, पर्यावरण अनुकूल और कार्बन तटस्थ ईंधन के विकास की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। अधिकांश ऊर्जा संकट स्थानीय कमी, युद्ध और बाजार में हेरफेर के कारण हुए हैं। कुछ लोगों ने तर्क दिया है कि कर वृद्धि, ऊर्जा कंपनियों का राष्ट्रीयकरण और इस क्षेत्र के विनियमन जैसी सरकारी कार्रवाई ने इस संकट को बढ़ाया है।

जहां तक भारत की बात है, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और वह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है। वहीं कोयला भंडार कमजोर है और उनके निष्कर्षण एवं उपयोग से महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चिंताएं जुड़ी हुई हैं। परिणामस्वरूप भारत ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है, जैसे कि सौर, पवन और जल विद्युत। देश के ऊर्जा क्षेत्र में अभी अपर्याप्त निवेश है।

भारत विश्व के सबसे बड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जकों में से एक है और इसका ऊर्जा क्षेत्र इन उत्सर्जनों का एक प्रमुख योगदानकर्ता है। वहीं जलवायु परिवर्तन देश की ऊर्जा अवसंरचना को भी प्रभावित कर रहा है, क्योंकि मौसमी घटनाओं की आवृत्ति बढ़ती जा रही है। एक अध्ययन के अनुसार, देश में एलईडी बल्ब एवं ट्यूबलाइट के इस्तेमाल से उजाले के लिए खर्च होने वाली बिजली में करीब 75 फीसदी की कमी आई है। भवनों में बिजली की खपत को लेकर भी कई अध्ययन हुए हैं, जो बताते हैं कि ऊर्जा दक्ष उपकरणों के इस्तेमाल से करीब 30 फीसदी बिजली खपत कम की जा सकती है। यानी भवनों में 1.20 लाख गीगावाट बिजली बचाए जाने की संभावनाएं मौजूद हैं।

ऊर्जा दक्षता के मानकों को लागू कर घरेलू और आवासीय भवनों में बड़े पैमाने पर बिजली को बचाया जा सकता है। यदि भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानक लागू हो जाएं, तो अतिरिक्त 30 फीसदी बिजली बच सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में उद्योग जगत सबसे ज्यादा करीब 42 फीसदी बिजली खर्च करता है। दूसरे नंबर पर घरेलू क्षेत्र 24 फीसदी बिजली खर्च करता है। व्यावसायिक भवनों में बिजली की खपत आठ फीसदी है। भवन क्षेत्र की कुल खपत 32 फीसदी है, लेकिन भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानकों का क्रियान्वयन सबसे कम हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

अमृत विचार
अंतस्

# नाथ नगरी में इतिहास का पुनर्जागरण

नाथ नगरी बरेली एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक क्षण की साक्षी बनने जा रही है। देशव्यापी यात्रा के अंतर्गत, पावन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के 1000 वर्षों तक संरक्षित रहे अवशेष, 30 मार्च 2026 को उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेंगे और 10 अप्रैल को बरेली में इस विराट यात्रा का समापन होगा। यह आयोजन केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता और आध्यात्मिक विजय का प्रतीक माना जा रहा है।



श्वेता
वीडीएस स्टेट को-ऑर्डिनेटर
यूपी, आर्ट ऑफ लिविंग



## सहस्राब्दी की गाथा (1026 से 2026)

इतिहास के पन्नों में दर्ज है कि 1026 ईसवी में आक्रमणकारी महमूद गजनवी ने मूल सोमनाथ मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। परंतु आस्था की लौ बुझी नहीं। मंदिर के कुछ पवित्र अंश अग्निहोत्री पुजारियों द्वारा गुप्त रूप से सुरक्षित रखे गए। पीढ़ी-दर-पीढ़ी इन अवशेषों की पूजा होती रही और उन्हें दुनिया की नजरों से दूर रखा गया। सन् 1924 में तत्कालीन कांची शंकराचार्य ने भविष्यवाणी की थी कि इन अवशेषों को एक शताब्दी तक सुरक्षित रखा जाए और समय आने पर एक योग्य आध्यात्मिक नेतृत्व को सौंपा जाए।




## आध्यात्मिक सेतु: सोमनाथ और आर्ट ऑफ लिविंग

गुरुदेव श्री श्री रविशंकर और आर्ट ऑफ लिविंग वर्षों से भारतीय आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने का कार्य कर रहे हैं। आर्ट ऑफ लिविंग का मूल दर्शन 'तनावमुक्त मन, हिंसामुक्त समाज' केवल आधुनिक जीवनशैली तक सीमित नहीं, बल्कि प्राचीन आध्यात्मिक मूल्यों की पुनर्स्थापना से भी जुड़ा है। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के अवशेषों को देशभर के ज्योतिर्लिंगों की यात्रा पर ले जाने का निर्णय इसी दृष्टि का विस्तार है। यह यात्रा किसी संस्था का आयोजन भर नहीं, बल्कि राष्ट्रव्यापी आध्यात्मिक एकता का अभियान बन चुकी है। गुरुदेव ने इसे 'आस्था की अखंड ज्योति' बताते हुए कहा कि यह भारत की आत्मा के पुनर्जागरण का प्रतीक है।

## 2025: भविष्यवाणी की पूर्णता

जनवरी 2025 में परंपरा के अंतिम संरक्षक सीतारामन शास्त्री ने ये पवित्र अवशेष बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर को सौंपे। महाशिवरात्रि 2025 के पावन अवसर पर इनका सार्वजनिक अनावरण किया गया। श्रद्धालुओं के अनुसार इन अवशेषों में विशिष्ट चुंबकीय और आध्यात्मिक ऊर्जा अनुभव की जाती है। यह क्षण केवल हस्तांतरण नहीं, बल्कि 100 वर्षों पुरानी भविष्यवाणी की पूर्ति और 1000 वर्षों की साधना का फल था।



## सांस्कृतिक अस्मिता की विजय

सोमनाथ की यह यात्रा केवल अतीत का स्मरण नहीं, बल्कि यह संदेश है कि भारत की आध्यात्मिक धरोहर को कोई भी शक्ति समाप्त नहीं कर सकती। 1000 वर्षों का संरक्षण, 100 वर्षों की प्रतीक्षा और आज का पुनरुत्थान यह कथा श्रद्धा, धैर्य और सांस्कृतिक चेतना की विजय है। 10 अप्रैल 2026 को बरेली में होने वाला यह आयोजन इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों में दर्ज होगा। अब झुमका नहीं, सोमनाथ की ज्योति यहां दमकेगी।

## बरेली क्यों बनेगा ऐतिहासिक पड़ाव?

उत्तर प्रदेश में 30 मार्च को प्रवेश के बाद यह यात्रा 10 अप्रैल 2026 को बरेली पहुंचेगी। नाथ नगरी बरेली, जो अपने सात प्राचीन शिव मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। इस ऐतिहासिक अवसर की साक्षी बनेगी। वर्षों तक बरेली झुमके के लिए पहचानी जाती थी, परंतु अब यह नगरी सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेषों के स्वागत के लिए जानी जाएगी। यह आयोजन बरेली के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान देगा।

---

**पौराणिक कथा**

## निष्काम प्रेम व अटूट निष्ठा की शक्ति



एक बार वृंदावन में ऐसा समय आया जब नंदलाल अचानक गंभीर रूप से बीमार पड़ गए। उनकी बीमारी देखकर पूरे ब्रज में चिंता का वातावरण फैल गया। अनेक प्रकार की दवाएं और जड़ी-बूटियां आजमाई गईं, लेकिन किसी भी उपाय से कृष्ण की तबीयत में सुधार नहीं हो रहा था। सभी लोग असहाय होकर किसी चमत्कार की प्रतीक्षा कर रहे थे। तभी श्रीकृष्ण ने स्वयं एक अनोखा उपाय बताया। उन्होंने गोपियों से कहा कि यदि कोई ऐसा व्यक्ति, जो उनसे अत्यंत प्रेम करता हो और उनकी सच्ची चिंता करता हो, अपने पैरों को धोकर उस जल को उन्हें पिला दे, तो वे अवश्य स्वस्थ हो जाएंगे।

यह सुनते ही वहां उपस्थित सभी गोपियां गहरी दुविधा में पड़ गईं। वे सभी कृष्ण से अपार प्रेम करती थीं और उनकी भक्ति में पूरी तरह समर्पित थीं, लेकिन इस उपाय को अपनाने का साहस कोई नहीं जुटा पा रही थी। गोपियों के मन में एक भय था कि यदि किसी ने अपने पैरों का जल कृष्ण को पिला दिया और किसी कारणवश वे स्वस्थ न हुए, तो यह बहुत बड़ा अपराध माना जाएगा। ऐसी स्थिति में नर्क का दंड भी भोगना पड़ सकता था। वे कृष्ण के लिए चिंतित तो थीं, लेकिन संभावित परिणामों के विचार से उनके कदम ठिठक रहे थे। इसी बीच वहां राधा पहुंचीं। जैसे ही उन्होंने अपने प्रिय कृष्ण को उस अवस्था में देखा, उनका हृदय व्याकुल हो उठा। गोपियों ने उन्हें कृष्ण द्वारा बताया गया उपाय समझाया। राधा ने बिना एक पल गंवाए अपने पैरों को धोकर उसी जल से चरणामृत तैयार किया और उसे कृष्ण को पिलाने के लिए आगे बढ़ गईं। राधा को यह भली-भांति ज्ञात था कि वह क्या कर रही हैं। उनके मन में भी वही भय था, जो अन्य गोपियों के मन में था, लेकिन उनके लिए कृष्ण का जीवन और स्वास्थ्य सबसे अधिक महत्वपूर्ण था।

यदि उनके इस कार्य के कारण उन्हें नर्क भी जाना पड़े, तो भी वे इसके लिए तैयार थीं। उनके प्रेम और समर्पण के सामने अपने भविष्य की चिंता नगण्य थी। जैसे ही कृष्ण ने वह चरणामृत ग्रहण किया, उनकी अवस्था तुरंत सुधरने लगी और थोड़ी ही देर में वे पूर्णतः स्वस्थ हो गए। यह राधा के निष्काम प्रेम और अटूट निष्ठा की शक्ति थी, जिसने इस चमत्कार को संभव बना दिया। इस घटना ने यह सिद्ध कर दिया कि सच्चा प्रेम वही है, जिसमें प्रियजन की भलाई के लिए स्वयं के सुख-दुख की चिंता भी त्याग दी जाए।

---

**बोधकथा**

## कालदेव और समय का वरदान

प्राचीन काल की बात है। हिमालय की तराई में एक छोटा-सा नगर था, जहां सत्यपाल नाम का एक साधारण किंतु परिश्रमी व्यक्ति रहता था। वह अत्यंत धर्मपरायण था, पर उसके मन में एक दुर्बलता थी। वह दूसरों की उन्नति देखकर भीतर-ही-भीतर ईर्ष्या से भर उठता था। यद्यपि वह किसी का प्रत्यक्ष अहित नहीं करता था, पर उसके विचार सदैव नकारात्मक रहते थे। एक दिन सत्यपाल वन मार्ग से गुजर रहा था। मार्ग में उसने एक वृद्ध ब्राह्मण को प्यास से व्याकुल देखा। बिना कुछ पूछे उसने अपने कमंडल से जल निकालकर उसे पिला दिया। जल पीते ही उस वृद्ध का स्वरूप दिव्य हो गया। वे स्वयं कालदेव थे- समय और कर्म के अधिष्ठाता देव। कालदेव बोले, "वत्स, तुम्हारे इस निः स्वार्थ कर्म से प्रसन्न होकर मैं तुम्हें एक अद्भुत वरदान देता हूं। तुम्हें एक घंटे का ऐसा समय दिया जाता है, जिसमें तुम जो भी काम करोगे, उसका फल तुरंत मिलेगा। पर ध्यान रहे- यह समय फिर कभी लौटकर नहीं आएगा।"

यह कहकर कालदेव अंतर्धान हो गए। सत्यपाल का मन उत्साह से भर उठा। उसने सोचा- अब तो मैं अपने भाग्य को बदल दूंगा। वह नगर लौटा और सबसे पहले अपने धनी पड़ोसी के घर गया। मन में आया कि यदि उसका धन नष्ट हो जाए, तो मेरा सम्मान बढ़ेगा। जैसे ही उसने यह विचार किया, पड़ोसी का धन हानि में बदल गया। यह देखकर सत्यपाल के मन में अजीब-सी तृप्ति हुई। फिर वह अपने प्रतिद्वंद्वी के पास गया और उसके पतन की कामना की। वह भी पूरी हो गई। एक के बाद एक, वह दूसरों के अहित की योजनाएं बनाता रहा और समय बीतता गया। उसे लगा जैसे शक्ति उसके हाथ में है और वही सब कुछ है। अचानक सूर्य अस्त होने लगा। सत्यपाल चौंका। उसे याद आया कि उसने



अपने लिए कुछ भी नहीं मांगा। वह दौड़ता हुआ अपने घर पहुंचा और मन ही मन दीर्घायु, सुख और शांति की कामना करने लगा। तभी आकाश में कालदेव की वाणी गूंजी- "वत्स, समय समाप्त हो चुका है। तुमने जो शक्ति पाई थी, उसका उपयोग दूसरों को गिराने में किया, जो मनुष्य समय को द्वेष में गंवाता है, समय उसे ही लील लेता है।" क्षणभर में सत्यपाल का शरीर दुर्बल हो गया। उसे अपनी भूल का बोध हुआ, पर अब बहुत देर हो चुकी थी। यह कथा सिखाती है कि ईश्वर द्वारा दिया गया समय और सामर्थ्य अमूल्य होता है, जो उसका उपयोग दूसरों के कल्याण में करता है, वही वास्तव में धन्य होता है। द्वेष और ईर्ष्या में किया गया प्रत्येक कर्म अंततः स्वयं के पतन का कारण बनता है।

---

**महत्वपूर्ण त्योहार**

### शीतला अष्टमी

तिथि : 11 मार्च, बुधवार 2026

- चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को शीतला अष्टमी के रूप में मनाया जाता है। कई स्थानों पर इस पर्व को बसोड़ा या बसोड़ा अष्टमी भी कहा जाता है। यह त्योहार विशेष रूप से उत्तर भारत के राज्यों जैसे गुजरात, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। मान्यता है कि यह पर्व रोग और संक्रमण से रक्षा की कामना के साथ मनाया जाता है। इस दिन परंपरा के अनुसार अंतिम बार बासी भोजन ग्रहण किया जाता है।



- शीतला अष्टमी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और पूजा की तैयारी करें। एक थाली में पुआ, दही, रोटी, बाजरा और सप्तमी के दिन गुड़ से बनाए गए मीठे चावल रख लें। दूसरी थाली में आटे से बना दीपक रखें और उसके साथ रोली, वस्त्र, अक्षत, हल्दी, मेहंदी और कुछ सिक्के रखें। दोनों थालियों के साथ ठंडे पानी से भरा एक लोटा भी रखें। इसके बाद माता शीतला की पूजा करें और उन्हें बारी-बारी सभी सामग्रियां अर्पित करें।

---

## शक्ति उपासना का केंद्र शक्तिपीठ मां देवीपाटन मंदिर

उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जनपद के तुलसीपुर तहसील के पाटन गांव में स्थित मां देवीपाटन मंदिर हिंदू धर्म के प्रसिद्ध 51 शक्तिपीठों में से एक है, जहां माता सती के शरीर का पवित्र भाग गिरा था और यही कारण है कि यह स्थल शक्ति का धाम, आस्था का केंद्र और तीर्थस्थल के रूप में अत्यंत प्रतिष्ठित है। शक्ति पीठों का पौराणिक चरित्र देवी भागवत पुराण, स्कंद पुराण, कलिका पुराण और शिव पुराण में वर्णित है।

देवीपाटन शक्तिपीठ के संदर्भ में माना जाता है कि यहीं पर माता सती का बायां स्कंध (कंधा) वस्त्र सहित गिरा था और इसी कारण से इसे शक्तिपीठ का स्थान प्राप्त हुआ। यहां माता को "पाटेश्वरी" के नाम से पूजा जाता है अर्थात वह देवी, जिसका संबंध उस पाट वस्त्र से स्थापित है। यह स्थल केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, अपितु सांस्कृतिक आस्था, शक्ति, भक्ति और दैवीय शक्ति का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि देवी के गिरने वाले भाग के कारण यहां शक्ति की ऊर्जा सदियों से जीवित है। श्रद्धालु पवित्र सूर्यकुंड में स्नान कर मंदिर के भीतर स्नानादि अनुष्ठान के माध्यम से स्वयं को दिव्य शक्ति से जोड़ते हैं।



नमिता वैश्य
प्रधानाध्यापक

**महारथी कर्ण ने यहां ली थी दिव्यास्त्रों का दीक्षा:** एक लोक विश्वास के अनुसार द्वापर युग में यहां सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्यकुंड में स्नान करने के बाद परशुराम से दिव्यास्त्रों की दीक्षा प्राप्त की थी। इसी कारण से इस स्थान की महिमा और भी बढ़ जाती है। यहां पर शिव-दुर्गा की शक्ति की अनुभूति अलग-सी होती है। गर्भगृह से नीचे पाताल तक प्राचीन सुरंग की कथा कही जाती है और आज भी माना जाता है कि त्रेतायुग से जलती हुई अखंड ज्योति देवी की शक्तिमत्ता का प्रमाण है। देवीपाटन शक्ति पीठ ऐतिहासिक रूप से उत्तर भारत में शक्ति की उपासना का मुख्य केंद्र रहा है। इस पीठ की स्थापना नाथ संप्रदाय के आदिगुरु गोरखनाथ ने की थी। यहां के आसपास ऋषि-मुनियों के तप और साधना की कहानियां प्रचलित हैं, जिनमें गुरु गोरखनाथ और सिद्ध रत्ननाथ (नेपाल) जैसे संतों का नाम उल्लेखनीय है, जिन्हें यहीं सिद्धि प्राप्त हुई थी, जिससे इस स्थान की आध्यात्मिक महत्ता और भी स्पष्ट होती है।

**भारत-नेपाल का सांस्कृतिक सेतु:** यह शक्तिपीठ दो देशों भारत और नेपाल के सांस्कृतिक सेतु के रूप में भी प्रसिद्ध है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इसे भारत-नेपाल के बीच एक सांस्कृतिक सेतु बताया है, जो देवी के सान्निध्य में सामाजिक एवं आध्यात्मिक जुड़ाव को मजबूती प्रदान करता है। देवीपाटन मंदिर को श्रद्धालु केवल पूजा-स्थल के रूप में नहीं देखते, अपितु यह एक ऐसा स्थान है, जहां देवी की कृपा से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, ऐसी मान्यता प्रचलित है। भक्त मानते हैं कि मां पाटेश्वरी के दर्शन तथा पूजा से जीवन की इच्छाएं, स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

**मुख्य आकर्षण :** शक्ति पीठ के मुख्य आकर्षणों में सूर्यकुंड, अखंड धूनी (जहां निरंतर धूना जलाई जाती है) तथा गोपनीय पूजा-अर्चना शामिल हैं। चैत्र और शारदीय नवरात्र के समय



यहां विशेष रूप से भक्तों का भारी आस्था-ज्वार उमड़ता है। नवरात्रि पर करीब 15 दिनों तक राजकीय मेला लगता है, जिसमें देश के विभिन्न प्रांतों समेत नेपाल के श्रद्धालु आराधना के लिए आते हैं। मंदिर परिसर में नौ दुर्गा रूपों की प्रतिमाएं, विधि-विधान से पूजा-पाठ, दीप प्रज्ज्वलन, हवन-पूजन और लाल चुनरी, सिंदूर, फूलों सहित अनेक भेंट-वस्तुओं का समर्पण इस पूजा परंपरा को और भी समृद्ध बनाते हैं। मां की पूजा अलौकिक एवं अद्वितीय है। अर्द्धरात्रि के दूसरे पहर एक से चार बजे तक पूजा का समय निश्चित है, इसका समय कभी नहीं बदलता। समय के साथ इस मंदिर की महत्ता मात्र धार्मिक ही नहीं रह गई, अपितु यह देश का एक आध्यात्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र भी बन गया है। मुख्यमंत्री का दूसरा घर कहे जाने वाले शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर को और भव्य बनाने के प्रयास प्रारंभ हो चुके हैं। अयोध्या धाम में आने वाले धार्मिक पर्यटक शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर की ओर उन्मुख हों, इसके लिए सरकार ने 42 करोड़ 50 लाख रुपये दिए हैं। बलरामपुर प्रशासन और उत्तर प्रदेश सरकार ने मंदिर के आसपास 50 एकड़ क्षेत्र का विकास करने की योजना बनाई है, जिससे यहां धार्मिक पर्यटन को और भी बढ़ावा मिले।

**इस तरह जा सकते हैं मंदिर :** मंदिर तक पहुंचने के लिए सबसे सरल रेल मार्ग सेवा है। लखनऊ तथा गोरखपुर ट्रेन के द्वारा आने पर तुलसीपुर रेलवे स्टेशन पर उतरना होगा। यहां से लगभग डेढ़ किलोमीटर मंदिर तक पहुंचने के लिए रिक्शा आदि की सुविधा है। बस से भी तुलसीपुर पहुंचा जा सकता है। लखनऊ से गोरखपुर की दूरी लगभग 300 किलोमीटर है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,5662.16 | 24,028.05 |
| बढ़त | 1352.74 | 422.50 |
| प्रतिशत में | 1.713 | 1.73 |

सोना 1,64,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,68,300 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, मंगलवार, 10 मार्च 2026
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बिजनेस ब्रीफ

### एश्योरेंस भारत में दोबारा उतारेगी एसीडेल्को की बैटरी और लुब्रिकेंट

**नयी दिल्ली।** वाहनों के कलपुर्जे और लुब्रिकेंट बनाने वाली कंपनी एश्योरेंस इंटरनेशनल ने जनरल मोटर्स के स्वामित्व वाले ब्रांड एसीडेल्को के उत्पादों को भारतीय बाजार में उतारने के लिए उसके साथ करार किया है। जनरल मोटर्स के साथ आधिकारिक लाइसेंसिंग और रणनीतिक साझेदारी के तहत देश में वाहनों के लिए एसीडेल्को की बैटरियों और लुब्रिकेंट के विनिर्माण, विपणन और वितरण की जिम्मेदारी एश्योरेंस इंटरनेशनल संभालेगा। दोनों कंपनियों ने सोमवार को यहां एक कार्यक्रम में इसकी घोषणा की।

### रिलायंस रिटेल ने किया 'पहाड़ी लोकल' का अधिग्रहण

**नयी दिल्ली।** रिलायंस रिटेल लिमिटेड ने सोमवार को भारतीय सौंदर्य और सेहत से जुड़े ब्रांड पहाड़ी लोकल और उसके कारोबार का अधिग्रहण करने की घोषणा की। यह ब्रांड पहाड़ी गुडनेस प्राइवेट लिमिटेड के तहत संचालित होता था और हिमालयी प्राकृतिक सामग्री पर आधारित उत्पादों के लिए जाना जाता है। कंपनी ने कहा कि इस अधिग्रहण के जरिये रिलायंस रिटेल अपने सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों को मजबूत करेगी और ऐसे भारतीय ब्रांड को बढ़ावा देगी जिनकी पहचान पारंपरिक ज्ञान, प्राकृतिक सामग्री और टिकाऊ उत्पादन से जुड़ी है।

### रेमंड का मुंबई में 3,000 करोड़ की आवास परियोजना का करार

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी रेमंड रियल्टी लिमिटेड ने मुंबई में एक नई आवास परियोजना विकसित करने के लिए संयुक्त उद्यम पर हस्ताक्षर किए हैं। इस परियोजना से करीब 3,000 करोड़ रुपये की आय होने का अनुमान है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसने मुंबई के कांदिवली के एक प्रमुख स्थान में एक प्रतिष्ठित आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि, रेमंड रियल्टी ने उस भूस्वामी इकाई का नाम नहीं बताया है, जिसके साथ उसने संयुक्त विकास समझौते (जेडीए) किया है।

### नैसकॉम ने दी आईटी कंपनियों को साइबर सुरक्षा बढ़ाने की सलाह

**नयी दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उद्योग के प्रमुख संगठन नैसकॉम ने सोमवार को प्रौद्योगिकी कंपनियों को पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट को देखते हुए अपनी परिचालन तैयारियों और साइबर सुरक्षा ढांचे को और मजबूत करने की सलाह दी है। नैसकॉम ने आगाह किया है कि अनिश्चितता के इस माहौल में कामकाज में बाधा आने और साइबर खतरों का जोखिम काफी बढ़ सकता है। अपनी सदस्य कंपनियों के लिए जारी एक नए परामर्श में नैसकॉम ने कहा कि हालांकि वर्तमान में व्यावसायिक परिचालन स्थिर है, लेकिन कंपनियां अपनी आकस्मिक योजनाओं की सक्रिय रूप से समीक्षा कर रही हैं और झटकों को झेलने या उनसे उबरने की अपनी क्षमता को और मजबूत कर रही हैं, ताकि "समय के साथ स्थिति बदलने पर" होने वाले किसी भी संभावित व्यवधान को कम किया जा सके।

## 30 साल बेमिसाल




मुंबई में सोमवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया के हेडक्वार्टर में निफ्टी 50 इंडेक्स के 30 साल पूरे होने पर एक यादगार बुकलेट का विमोचन किया गया। पत्रिका के साथ दायें से सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडे, रिजर्व बैंक इंडिपेंडेंट डायरेक्टर स्वामीनाथन गुरुमूर्ति और एनएसई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार चौहान। ● फोटो : एजेंसी

## गिरते मार्केट में एसआईपी जारी रखना क्यों है समझदारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शेयर बाजार में सोमवार, 9 मार्च को भारी गिरावट देखने को मिली। दिन की शुरुआत से ही बाजार में दबाव बना रहा और निवेशकों के बीच घबराहट का माहौल दिखाई दिया। बीएसई सेंसेक्स करीब 2300 अंक तक टूट गया, वहीं एनएसई का निफ्टी-50 भी लाल निशान में कारोबार करता नजर आया। हालांकि बाद में गिरावट थोड़ी कम हुई, लेकिन बाजार की तेज कमजोरी ने निवेशकों को चिंता में डाल दिया।

ऐसे समय में म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले कई लोगों के मन में यह सवाल उठ रहा है कि क्या बाजार गिरने पर अपनी एसआईपी (सिस्टेमेटिक इंवेस्टमेंट प्लान) को रोक देना चाहिए।




**गिरावट में एसआईपी बंद करना सही नहीं :** बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार में गिरावट के दौरान एसआईपी बंद करना समझदारी नहीं है। दरअसल म्यूचुअल फंड का रिटर्न और उसका नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) सीधे तौर पर बाजार के उतार-चढ़ाव पर निर्भर करता है। जब बाजार गिरता है तो फंड का एनएवी भी कम हो जाता है।

एनएवी कम होने का मतलब यह है कि उसी रकम में निवेशक को ज्यादा यूनिट्स मिल जाती हैं। यानी गिरावट के समय निवेश करने से निवेशक कम कीमत पर अधिक यूनिट खरीद पाते हैं।

**तेजी आने पर मिलता है ज्यादा फायदा:** मान लीजिए कि बाजार में गिरावट के दौरान किसी म्यूचुअल फंड की 50 यूनिट आपने 1000 रुपये में खरीदीं। इस हिसाब से एक यूनिट की कीमत 20 रुपये हुई। बाद में जब बाजार में तेजी आती है और वही यूनिट 22 रुपये की हो जाती है, तो सिर्फ कीमत बढ़ने से ही आपकी 50 यूनिट पर 100 रुपये का फायदा हो सकता है।

यही कारण है कि लंबी अवधि के निवेश के लिए एसआईपी को बेहतर विकल्प माना जाता है। यह बाजार के उतार-चढ़ाव को संतुलित करते हुए निवेशकों को औसत लागत का फायदा ही देता है।

### लंबी अवधि के निवेशकों के लिए अवसर



सीए शरद मिश्रा बताते हैं कि बाजार में गिरावट भले ही आपदा लगती हो लेकिन अक्सर लंबी अवधि के निवेशकों के लिए अवसर बनकर आती है। एसआईपी एक लॉन्ग टर्म इंवेस्टमेंट प्लान होती है। बाजार में गिरावट के समय किया गया निवेश अधिक यूनिट दिलवाता है। इसी तरह चढ़ता बाजार उन यूनिट्स पर अधिक लाभ दिलवाता है। नियमित निवेश जारी रखने से भविष्य में बेहतर रिटर्न मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए मार्केट में गिरावट हो या उछाल दोनों ही स्थितियों में एसआईपी को चलते रहने देना चाहिए।

## अमेरिका ने किया अनुरोध-रूसी तेल खरीद रिफाइनरियों में भेजे भारत

### अमेरिकी ऊर्जा मंत्री ने इंटरव्यू में किया खुलासा, जिससे नियंत्रण में रहें कीमतें

न्यूयॉर्क/ वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने भारत से अनुरोध किया है कि वह समुद्री परिवहन में पहले से मौजूद रूसी कच्चे तेल को खरीदकर उसे भारतीय रिफाइनरियों की ओर मोड़ दे, ताकि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच आपूर्ति में संभावित कमी और कीमतों में उछाल की आशंकाओं को कम किया जा सके।

अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने कहा कि यह कदम बाजार को स्थिर रखने के लिए एक अल्पकालिक और व्यावहारिक प्रयास है। इसके साथ ही राइट ने स्पष्ट किया कि इस पहल का मतलब रूसी तेल को लेकर अमेरिका की नीति में किसी बदलाव का संकेत नहीं है।

उन्होंने रविवार को 'सीएनएन' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि उन्होंने वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के साथ मिलकर भारतीय अधिकारियों से बात की थी ताकि चीनी रिफाइनरियों में उतारे जाने की प्रतीक्षा कर रहे रूसी कच्चे तेल के कार्गो को भारत खरीद सके। राइट ने कहा कि भारत इस मामले में एक अच्छा सहयोगी रहा है।



मैंने और वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारतीय अधिकारियों से फोन पर बात की और कहा कि अभी बहुत सारा तेल चीन की रिफाइनरियों में उतारा जाना है।" वहां तेल को उतारने के लिए छह सप्ताह तक इंतजार कराने के बजाय, इसे पहले ही भारत खरीदकर अपनी रिफाइनरियों में भेजे ताकि तेल की कमी की आशंका, कीमतों में अचानक बढ़ोतरी और बाजार में व्याप्त चिंताओं को कम किया जा सके।" इसके साथ ही उन्होंने दोहराया कि रूस के प्रति अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है और "भारत इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट है।"

जब उनसे पूछा गया कि क्या रूसी तेल खरीद के लिए भारत को दी गई 30 दिनों की छूट से ट्रंप प्रशासन का रूस को अलग-थलग करने का लक्ष्य कमजोर होता है, उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है। यह केवल एक व्यावहारिक कदम है और इसका असर केवल अल्पकालिक है। रूस के प्रति नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वित्त मंत्रालय की तरफ से पिछले हफ्ते दी गई छूट के तहत भारत 30 दिनों तक रूस से कच्चा तेल खरीद सकता है। इसके पहले ट्रंप प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने पर भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगा दिया था। लेकिन पिछले महीने अंतरिम व्यापार समझौते पर बनी सहमति के तहत इस शुल्क को हटाने की बात कही गई थी।

राइट ने यह भी कहा कि भारत ने रूसी तेल आयात को पूरी तरह बंद कर दिया है और अमेरिका, वेनेजुएला और अन्य देशों से अपने आयात बढ़ा रहा है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने भी इस निर्णय का समर्थन करते हुए कहा कि यह एक अस्थायी और व्यावहारिक उपाय है।

## मीशो को 1,500 करोड़ की आयकर मांग का नोटिस

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** ई-कॉमर्स कंपनी मीशो को आयकर विभाग से लगभग 1,500 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस मिला है। कंपनी ने इस नोटिस को चुनौती देने का निर्णय लिया है। मीशो ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि उसे छह मार्च को आकलन वर्ष 2023-24 के लिए आयकर विभाग से यह नोटिस मिला। इसमें विभाग की आकलन इकाई ने ब्याज सहित कुल 1,499.73 करोड़ रुपये की कर मांग रखी है। नियामकीय सूचना के मुताबिक, यह कर मांग कंपनी द्वारा घोषित आय में कुछ बढ़ोतरी और समायोजन को आधार बनाते हुए जारी किया गया है।

मीशो ने कहा कि वह इस आकलन आदेश की समीक्षा कर रही है और उसमें की गई टिप्पणियों और समायोजनों से सहमत नहीं है।

कंपनी के पास इसे चुनौती देने के लिए पर्याप्त कानूनी एवं तथ्यात्मक आधार हैं और अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं। कंपनी ने बताया कि आकलन वर्ष 2022-23 के लिए भी इसी तरह की कर मांग रखी गई थी।

## लौटते जहाजों को उसी बंदरगाह पर लंगर की अनुमति जहां से गये थे

नयी दिल्ली, एजेंसी

- बंदरगाहों पर लौटने वाली निर्यात खेप के लिए सीमा शुल्क विभाग ने जारी किए नए नियम

सीमा शुल्क विभाग ने पश्चिम एशिया संकट के कारण समुद्री मार्गों में आए व्यवधान और हॉर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के बीच भारतीय बंदरगाहों पर लौटने वाली निर्यात खेप के प्रबंधन के लिए नियम जारी किए हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) द्वारा आठ मार्च को जारी किए गए और 15 दिन के लिए वैध ये नियम यह निर्धारित करते हैं कि माल के पारगमन के अलावा ऐसे सभी मामलों में जहाज को केवल उसी भारतीय बंदरगाह पर लंगर डालने की अनुमति दी जाएगी जहां से उसने प्रस्थान किया था।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के परिपत्र के अनुसार, बोर्ड के अधीन क्षेत्रीय कार्यालय ऐसी खेप पर दिए गए 'एकीकृत माल एवं सेवा कर' (आईजीएसटी), 'शुल्क वापसी' आदि सहित सभी निर्यात प्रोत्साहनों की स्वयं वसूली करेंगे यदि उनका भुगतान पहले ही किया जा चुका है। सीबीआईसी ने कहा कि उसे क्षेत्रीय कार्यालयों से ऐसे प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं जो संकेत देते हैं कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने और उसके परिणामस्वरूप समुद्री मार्गों में व्यवधान के कारण भारत से निर्यात कार्गो ले जाने वाले कुछ जहाज अपने गंतव्य बंदरगाहों तक पहुंचने में असमर्थ हैं और भारतीय बंदरगाहों पर लौट रहे हैं।

ऐसी खेप के प्रबंधन के लिए एक सरलीकृत प्रक्रिया निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है। वर्तमान हालात को अंतरराष्ट्रीय पोत परिवहन मार्गों और निर्यात लॉजिस्टिक को प्रभावित करने वाली एक असाधारण स्थिति बताते हुए, सीबीआईसी ने इस समस्या के समाधान और कारोबार को सुगम बनाने के लिए विशेष प्रक्रियाएं निर्धारित की हैं।

## बड़े निर्यात अवसर पैदा करेंगे एफटीए : गोयल

नयी दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि पिछले चार वर्षों में भारत द्वारा अंतिम रूप दिए गए नौ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) घरेलू फार्मा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों के लिए बड़े व्यावसायिक अवसर प्रदान करेंगे। भारत ने ब्रिटेन, मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय संघ, चार देशों के समूह यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए), ओमान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और न्यूजीलैंड के साथ एफटीए को अंतिम रूप दे दिया है। जबकि मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात और ईएफटीए के साथ समझौते लागू हो गए हैं, शेष जल्द ही लागू होने की संभावना है। बजट पर आयोजित एक वेबिनार में गोयल ने कहा कि ये समझौते फार्मा, स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा पर्यटन क्षेत्रों के लिए नए अवसर खोलते हैं। उन्होंने उद्योग जगत को सुझाव दिया कि वे इन समझौतों का पूरा लाभ उठाएं और मजबूत स्वास्थ्य परिवेश विकसित करें। उन्होंने यह भी कहा कि हमें एक समग्र, एकीकृत और व्यापक स्वास्थ्य प्रणाली विकसित करने की जरूरत है। मंत्री ने बताया कि खाड़ी सहयोग परिषद और यूरेशिया के साथ एफटीए वार्ता अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है।

## रुपया 53 पैसे टूटकर सबसे निचले स्तर 92.35 प्रति डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया के बिगड़ते हालात के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और डॉलर के मजबूत होने से सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 53 पैसे टूटकर 92.35 प्रति डॉलर (अस्थायी) के अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली के बीच विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से रुपये पर खासा दबाव देखा गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.22 पर खुला और थोड़ी देर के लिए मजबूत होकर 92.15 तक पहुंच गया। लेकिन बाद में लगातार गिरावट के बीच यह अंत में 92.35 के अपने रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।

## ऑडिट आदेशों को सार्वजनिक रखें प्राधिकरण

### वित्तीय रिपोर्टिंग में भरोसा बढ़ाने के लिए केंद्रीय सूचना आयोग की सलाह

नयी दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) को लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं और मानकों को प्रभावित करने वाले आदेशों, निर्देशों, परिपत्रों और नीतिगत निर्णयों को सार्वजनिक करने की सलाह दी है। यह टिप्पणी सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत दायर दूसरी अपील के निपटान के दौरान की गई। अपील में एनएफआरए द्वारा लेखापरीक्षकों या लेखापरीक्षा कंपनियों को मौखिक सुनवाई के दौरान कानूनी सलाहकारों के जरिये प्रतिनिधित्व की अनुमति देने से संबंधित दस्तावेजों की मांग की गई थी।

एनएफआरए की स्थापना सरकार ने 2018 में कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत की है। यह लेखापरीक्षकों को विनियमित करता है और कंपनियों द्वारा लेखांकन और लेखापरीक्षा मानकों के अनुपालन की निगरानी करता है। यह वित्तीय रिपोर्टिंग में विश्वसनीयता के लिए लेखापरीक्षा सेवाओं की गुणवत्ता की भी देखरेख करता है।

सूचना आयुक्त पी आर रमेश ने आदेश में कहा-'एनएफआरए वित्तीय विवरणों की विश्वसनीयता की रक्षा करता है, जिन पर निवेशक, कर्ज देने वाले और आम जनता भरोसा करते हैं।' आयोग ने प्राधिकरण को सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत उसके दायित्वों




की भी याद दिलाई। आदेश में कहा गया कि इस बात में कोई संदेह नहीं है कि सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा 4 के प्रावधानों के तहत प्रतिवादी का यह कर्तव्य है कि वह धारा 4(1)(ख) और 4(1)(ग) में उल्लेखित जानकारी को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करे ताकि जनता को जानकारी प्राप्त करने के लिए सूचना के अधिकार अधिनियम का सहारा कम-से-कम लेना पड़े।

इसी के अनुरूप, सीआईसी ने प्राधिकरण को सलाह दी कि वह जनहित में सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा चार के प्रावधानों के अनुसार अपने विभाग द्वारा जारी विभिन्न परिपत्रों/नीतिगत निर्णयों/आदेशों से संबंधित जानकारी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराए। सुनवाई के दौरान, एनएफआरए ने कहा कि अपीलकर्ता द्वारा मांगा गया दस्तावेज कोई आदेश नहीं था, बल्कि व्यक्तिगत मामलों में लेखा परीक्षकों या लेखापरीक्षा फर्मों को कार्यवाही का सामना करने के लिए जारी कारण बताओ नोटिस के साथ एक आंतरिक नोट था।

## काम की बात

जागरूकता की कमी से बिना बीमा चल रहे 50 फीसदी वाहन स्वामी

## जरूरी है थर्ड पार्टी इंश्योरेंस, जानिए! नियम और सजा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सड़क पर वाहन चलाने के लिए थर्ड पार्टी मोटर इंश्योरेंस बहुत जरूरी है। यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि कानूनन अनिवार्य सुरक्षा कवच है। इसके बावजूद बहुत बड़े अनुपात में वाहन स्वामी अभी भी इसके बिना वाहन चला रहे हैं। यदि आप भी उनमें से एक हैं तो एक छोटी सी लापरवाही भी आपको बड़े कानूनी और आर्थिक संकट में डाल सकती है।

दरअसल, मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 के तहत हर वाहन मालिक के लिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस जरूरी है। इसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित तीसरे पक्ष को आर्थिक सुरक्षा देना है। कई बार दुर्घटना में ऐसे लोग प्रभावित होते हैं जिनकी कोई गलती नहीं होती। ऐसे मामलों में यह बीमा उनके इलाज, नुकसान या मुआवजे की भरपाई करने में सहायक होता है।

इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईआरडीए) के जनवरी 2026 में जारी एक पत्र के अनुसार, देश में 50 प्रतिशत से अधिक वाहन मालिकों के



- अन्य व्यक्ति की मौत, चोट और सामने वाले के वाहन को हुआ नुकसान होता है कवर
- बहुत कम होती है प्रीमियम, लेकिन बीमा न होने पर हो सकता है चालान और भारी जुर्माना भी

पास थर्ड पार्टी इंश्योरेंस नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार जागरूकता की कमी से कई लोग इसे गैरजरूरी समझते हैं, जबकि यह कानूनी रूप से अनिवार्य है।

**क्या होता है कवर:** थर्ड पार्टी इंश्योरेंस में मुख्य रूप से किसी अन्य व्यक्ति की चोट या मृत्यु, सामने वाले वाहन को हुआ नुकसान और सार्वजनिक संपत्ति को हुई क्षति कवर होती है। हालांकि इसमें आपकी अपनी गाड़ी को हुआ नुकसान, चोरी या मेडिकल खर्च शामिल नहीं होते। यानी यह बीमा केवल तीसरे पक्ष को हुए नुकसान की जिम्मेदारी को कवर करता है।

**क्या है सजा या जुर्माना :** अगर कोई व्यक्ति बिना वैध थर्ड पार्टी इंश्योरेंस के वाहन चलाते हुए पकड़ा जाता है तो उसे कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। पहली बार पकड़े जाने पर लगभग 2,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। दोबारा गलती करने पर जुर्माना बढ़ सकता है, साथ ही जेल की सजा, ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन या रद्द होने का खतरा भी रहता है। इसके अलावा अगर ऐसी स्थिति में दुर्घटना हो जाती है तो पीड़ित को मुआवजा चालक को अपनी जेब से देना पड़ सकता है, जो कई बार लाखों रुपये तक पहुंच जाता है।

**कितना होता है प्रीमियम:** थर्ड पार्टी इंश्योरेंस का प्रीमियम सरकार तय करती है और यह वाहन के प्रकार के आधार पर अलग-अलग होता है। मोटरसाइकिल के थर्ड पार्टी प्रीमियम लगभग 550 से 900 रुपये और कार का थर्ड पार्टी बीमा करीब 2100 रुपये से 4000 रुपये तक होता है। बीमा प्रीमियम में ये अंतर वाहन के इंजन की क्षमता पर निर्भर करता है।


विशेषज्ञों का मानना है कि कानूनी जरूरत पूरी करने के लिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस पर्याप्त है, लेकिन बेहतर सुरक्षा के लिए कम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस (फर्स्ट पार्टी) लेना ज्यादा फायदेमंद रहता है। इसमें दूसरे के साथ ही अपने वाहन को हुए नुकसान, चोरी, आग, बाढ़ जैसी स्थितियों के साथ-साथ जीरो डेप्रिसिएशन और रोडसाइड असिस्टेंस जैसे अतिरिक्त लाभ भी मिल सकते हैं।

## सरकार ने अदला-बदली नीलामी में वापस खरीदे 6,309 करोड़ के बॉन्ड

मुंबई, एजेंसी

सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से आयोजित अदला-बदली नीलामी के तहत 6,309 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां (जी-सेक) वापस खरीद ली हैं और उनके बदले 6,431.79 करोड़ रुपये के नए बॉन्ड जारी किए हैं। सरकारी प्रतिभूति कम जोखिम वाले ऋण साधन होते हैं जिन्हें सरकार जारी करती है। सरकारी गारंटी वाली इन प्रतिभूतियों पर निश्चित प्रतिफल मिलता है।

सरकार की तरफ से दोबारा खरीदी गई प्रतिभूतियां अगले वित्त वर्ष में परिपक्व होने वाले निर्धारित बॉन्ड का हिस्सा थीं। इनमें 1,684 करोड़ रुपये मूल्य के 7.33 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड, 1,035 करोड़ रुपये मूल्य के 5.74 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड, 590 करोड़ रुपये मूल्य के 8.15 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड और 3,000 करोड़ रुपये के




8.24 प्रतिशत जीएस 2027 बॉन्ड शामिल हैं।

इन बॉन्ड के बदले सरकार ने 1,719.23 करोड़ रुपये मूल्य के 6.57 प्रतिशत जीएस 2033 बॉन्ड, 986.52 करोड़ रुपये मूल्य के 7.62 प्रतिशत जीएस 2039 बॉन्ड, 605.60 करोड़ रुपये मूल्य के 6.57 प्रतिशत जीएस 2033 बॉन्ड और 3,120.42 करोड़ रुपये के 7.40 प्रतिशत जीएस 2062 के बॉन्ड जारी किए। यह फरवरी के बाद से आरबीआई द्वारा आयोजित बॉन्ड अदला-बदली की चौथी नीलामी है। इस नीलामी के तहत सरकार निकट अवधि में परिपक्व होने वाले बॉन्ड की जगह लंबी अवधि के बॉन्ड जारी करती है।

### रिजर्व बैंक ने खरीदी 50 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूति

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकिंग तंत्र में नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सोमवार को खुले बाजार से 50 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की। केंद्रीय बैंक ने पिछले सप्ताह खुले बाजार से दो किस्तों में एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की घोषणा की थी। पहली किस्त के तहत आज खरीद की गयी है जबकि दूसरे किस्त की खरीद 13 मार्च को की जायेगी। आज खरीदी गयी सरकारी प्रतिभूतियों में चार साल, पांच साल, सात साल, आठ साल, नौ साल, 13 साल और 27 साल की मियाद वाली प्रतिभूतियां शामिल हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ताइवान की आजादी की मांग करने वालों को चीन में कड़ी सजा

**बीजिंग।** चीन ने 2025 में ताइवान की स्वतंत्रता की मांग करने वाले कट्टर अलगाववादियों को कड़ी सजा दी है। सुप्रीम पीपुल्स कोर्ट ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में जानकारी दी कि चीन में अलगाव रोधी कानून को सख्ती से लागू किया गया है। सुप्रीम पीपुल्स प्रोक्यूरेटोरेट ने उसी दिन समीक्षा के लिए जमा की गई अपनी वर्क रिपोर्ट में कहा कि राष्ट्रीय संप्रभुता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए अलगाववाद को भड़काने के अपराधों के लिए अलगाववादियों को कानून के अनुसार सजा दी गई है।

### बेंगलुरु के पास से अपहृत व्यक्ति का शव तमिलनाडु में मिला

**बेंगलुरु।** शहर के पास से अपहृत किए गए एक रियल एस्टेट कारोबारी का शव सोमवार को पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में मिला जिस पर गंभीर चोटों के निशान थे। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 30 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी गोपाल उर्फ गोपी के रूप में हुई है, जो बेंगलुरु शहर के बाहरी इलाके में आनेकल तालुक के होन्नाकलासापुरा गांव के निवासी थे। पुलिस ने मोहन बाबू नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसे मुख्य साजिशकर्ता माना जा रहा है। उसके दो साथियों को पकड़ने के प्रयास भी जारी हैं।

### ओडिशा : आइसक्रीम फैक्ट्री में विस्फोट, एक की मौत, तीन घायल

**ब्रह्मपुर।** ओडिशा के गंजाम जिले में सोमवार को आइसक्रीम बनाने वाली एक इकाई में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना धारकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत तलपटना गांव में हुई। मृतक की पहचान जगन्नाथ प्रसाद थाना अंतर्गत कुशापल्ली निवासी बिदेशी प्रधान (56) के रूप में हुई है। घायलों में इकाई का मालिक, उसका बेटा और पत्नी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि उन्हें यहां एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पाकिस्तानी निर्माता टैगोर की लघु कथा 'शास्ति' पर फिल्म बनाएंगे

- **मशहूर बांग्लादेशी फिल्मकार लीसा गाजी करेंगी निर्देशन**

**कराची।** पाकिस्तानी निर्माता आबिद मर्चेंट ने नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की 1893 की लघुकथा 'शास्ति' (सजा) पर आधारित एक अंतरराष्ट्रीय फिल्म की शुरुआत करने की घोषणा की है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना में पाकिस्तान, बांग्लादेश, अमेरिका, ब्रिटेन, हांगकांग और ऑस्ट्रेलिया के फिल्म पेशेवर शामिल होंगे।

फिल्म का निर्देशन बांग्लादेशी फिल्मकार लीसा गाजी करेंगी, जिन्हें उनकी 2025 की फिल्म 'ए हाउस नेम्ड शाहाना' के लिए जाना जाता है। मर्चेंट ने बताया कि वह अपनी संस्था 'सनात इनिशिएटिव' के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण करेंगे। फिल्म में बांग्लादेश की दो प्रमुख अभिनेत्रियां पोरी मोनी और चंचल चौधरी मुख्य भूमिका में हैं। सहलेखिका आनन सिद्दीका और ऑस्ट्रेलियाई-बंगाली अभिनेता अर्का दास भी इसमें शामिल हैं। मर्चेंट ने कहा कि यह फिल्म दो भाई और उनकी पत्नियों के इर्द-गिर्द घूमती है और इसमें हत्या और अदालत का कथानक भी है। हालांकि यह एक व्यावसायिक फिल्म है जिसे हम कई भाषाओं में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज करना चाहते हैं।

उनसे जब फिल्म में पाकिस्तानी कलाकारों की अनुपस्थिति के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, यह फिल्म बांग्लादेश की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर आधारित है, इसलिए प्रामाणिकता महत्वपूर्ण है।

# इजराइल का डिफेंस सिस्टम इतना भी अभेद्य नहीं



ईरान के खिलाफ 28 फरवरी से शुरू हुए ताजा युद्ध में इजराइल को भीषण जवाबी हमलों का सामना करना पड़ा है और इन हमलों ने एक बार फिर इस बहुप्रचारित दावे पर सवाल उठाए हैं कि इजराइल का एयर डिफेंस सिस्टम अभेद्य है। दरअसल, ईरानी मिसाइलों ने इजराइल की राजधानी तेल अवीव के साथ मध्य इजराइल के घनी आबादी वाले इलाकों को निशाना बनाया है जिनकी वजह से न सिर्फ तमाम लोगों की मौत हुई है बल्कि सैकड़ों लोग घायल भी हुए हैं। ईरान के हमलों से बचने के लिए इजराइल की बड़ी आबादी को बंकरों में शरण लेनी पड़ी है। तेल अवीव समेत प्रमुख शहरों में बार-बार लोगों को अलर्ट करने के लिए साइरन बज रहे हैं, जो यह बताने के लिए काफी है कि खुद इजराइल को भी यह एहसास है कि उसका एयर डिफेंस सिस्टम शत-प्रतिशत तौर पर दुश्मन की मिसाइलों को रोकने में सक्षम नहीं है।

### ईरान के हमलों के आगे यह है बड़ी चुनौती

- ईरान एक साथ बड़ी संख्या में मिसाइलें और ड्रोन दागकर इजराइल के रडार और इंटरसेप्टर की क्षमता को ओवरलोड करने की कोशिश कर रहा है।
- ईरान ने हाइपरसोनिक मिसाइलों का उपयोग किया है, जो अत्यधिक गति और दिशा बदलने की क्षमता के कारण डिफेंस सिस्टम को चकमा दे देती हैं।
- इजराइल के आयरन डोम की तामीर मिसाइल जैसी इंटरसेप्टर मिसाइलों की संख्या सीमित है। लगातार हमलों से इनका स्टॉक खत्म हो सकता है।
- एक आयरन डोम इंटरसेप्टर की लागत 40,000 से 50,000 डॉलर है, जबकि ईरान के ड्रोन बहुत सस्ते हैं। यह इजराइल के लिए महंगा पड़ रहा है।
- 9 मार्च को तेल अवीव में इजराइली नेताओं का अत्यंत गुप्त बंकर ईरानी मिसाइल ने तबाह कर दिया।

### इजराइल पर हमलों का असर

- मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक 28 फरवरी से 4 मार्च के बीच ईरान ने 90 से ज्यादा हमले किए। 9 मार्च को 12 घंटे से भी कम समय में बैलिस्टिक मिसाइलों की 5 बड़ी लहरें दागीं।
- तेल अवीव और मध्य इजराइल के घनी आबादी वाले इलाकों में ईरान की मिसाइलें गिरने से अब तक 24 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इसके साथ सैकड़ों घायल हुए हैं।
- रामत गन और तेल अवीव के आवासीय भवनों और नागरिक संरचनाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। ईरान ने इजराइल की हाइफा रिफाइनरी को भी निशाना बनाया गया है।
- तीन मार्च की रिपोर्टों के अनुसार ईरान की लगभग 20 मिसाइलें सीधे नागरिक क्षेत्रों में गिरीं जो साबित करता है कि कुछ मिसाइलें उसके रक्षा कवच को भेदने में सफल रही हैं।
- ईरान के मिसाइल हमले में जॉर्डन में तैनात एक अमेरिकी थाड सिस्टम का रडार (एएन/टीपीवाई-2) भी नष्ट होने की खबर है, इस रडार की कीमत लगभग 300 मिलियन डॉलर थी।

### अभेद्य नहीं

- ईरान के शक्तिशाली हमलों ने यह साबित किया है कि कोई भी सिस्टम 100 प्रतिशत अभेद्य और अचूक नहीं है। बस इतना ही कहा जा सकता है कि इजराइल की वायु रक्षा प्रणाली आयरन डोम, डेविड्स स्लिंग और एरो दुनिया में सबसे उन्नत है।

### बंकरों के भरोसे लोग

- पूरे देश में 12,000 सार्वजनिक बंकर हैं। ये बड़े भूमिगत हॉल होते हैं जिनमें एक साथ सैकड़ों लोग शरण ले सकते हैं।
- 1992 के बाद बने हर घर या अपार्टमेंट में एक सेफ रूम होना अनिवार्य है। ये मिसाइल हमलों के प्रति सुरक्षित माने जाते हैं।
- कई शॉपिंग मॉल, अस्पताल और होटलों के नीचे गहरे बंकर बने हैं, जिनमें जिम, डाइनिंग एरिया और वाशरूम भी होते हैं।

# नेपाल: सबसे युवा और पहले मधेसी पीएम होंगे बालेंद्र

## राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने अब तक 165 में से 124 सीटों पर हासिल की जीत, एक पर और आगे, चार सीटों की गिनती बाकी

**काठमांडू, एजेंसी**



नेपाल में हुए आम चुनाव में युवा नेता बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने 165 में से 124 सीट पर जीत हासिल कर ली है और एक सीट पर आगे चल रही है। संसद की कुल 275 सीटों में से बाकी बची 110 समानुपातिक (पीआर) सीटों के लिए भी मतगणना अंतिम चरण में है। प्रारंभिक रुझानों में आरएसपी को कुल मतों का लगभग 53 प्रतिशत हिस्सा मिलता दिख रहा है। यदि यही रुझान अंतिम परिणामों में तब्दील होता है, तो आरएसपी अकेले 185-186 सीट तक पहुंच सकती है, जो दो-तिहाई बहुमत (184 सीट) के जादुई आंकड़े से अधिक होगा।

चुनाव आयोग ने 165 में से 162 सीट के परिणाम घोषित कर दिए हैं। नेपाली कांग्रेस 18 सीट जीतकर दूसरे स्थान पर है, जबकि नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) ने आठ सीट जीती हैं और एक पर आगे चल रही है। नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को सात सीट हासिल हुई हैं। इन प्रमुख दलों के अलावा श्रम संस्कृति पार्टी के तीन, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी का एक प्रत्याशी और एक स्वतंत्र उम्मीदवार भी इन चुनावों में सफल रहा है। इस चुनाव का सबसे बड़ा और चौंकाने वाला परिणाम झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र से आया है। यहां आरएसपी के प्रधानमंत्री पद के चेहरे बालेंद्र शाह ने नेपाल के कद्दावर नेता और चार बार प्रधानमंत्री रहे केपी शर्मा ओली को करीब 50,000 वोटों के भारी अंतर से शिकस्त दी है। शाह को जहां 68,348 वोट मिले, वहीं ओली मात्र 18,734 वोटों पर सिमट गए।

### 165 सीटों में से 161 सीट के परिणाम अब तक घोषित

काठमांडू। अब तक प्रत्यक्ष मतदान के तहत 165 सीटों में से 161 सीट के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। शेष चार सीट के परिणाम दोपहर तक आने की संभावना है। आनुपातिक मतदान में आरएसपी को 40,49,604, एनसी को 13,60,281, सीपीएन-यूएमएल को 11,50,679, एनसीपी को 5,91,940, श्रम संस्कृति पार्टी को 2,91,965, जनता समाजवादी पार्टी को 1,16,463 और राष्ट्रीय परिवर्तन पार्टी को 2, 76,931 वोट मिले हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि 40 लाख से अधिक वोट हासिल करने के साथ ही आरएसपी को कम से कम 40 अतिरिक्त सीटें मिल सकती हैं, जिससे 275-सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में उसकी कुल संख्या लगभग 164 हो जाएगी। यह बहुमत के लिए आवश्यक 138 सीट से काफी अधिक है।

### नेपाल : ऊपरी सदन के नवनिर्वाचित 17 सदस्यों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

काठमांडू। नेपाल में निचले सदन प्रतिनिधि सभा के चुनाव की गहमागहमी के बीच संघीय संसद के ऊपरी सदन राष्ट्रीय सभा के नवनिर्वाचित सदस्यों ने सोमवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। काठमांडू के सिंह दरबार में आयोजित समारोह के दौरान राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष नारायण प्रसाद दहल ने 18 में से 17 सदस्यों को शपथ दिलाई। इन सदस्यों का निर्वाचन इसी वर्ष 25 जनवरी को हुआ था। नेपाल के संविधान के अनुसार, 59 सदस्यीय राष्ट्रीय सभा के सदस्यों का कार्यकाल छह वर्ष का होता है। सदन की निरंतरता बनाए रखने के लिए इसके एक-तिहाई सदस्यों का कार्यकाल प्रत्येक दो वर्ष में समाप्त हो जाता है और उनकी जगह नए चुनाव कराए जाते हैं। इस बार 19 सदस्यों का कार्यकाल 4 मार्च 2026 को समाप्त हुआ था।

**नेपाल की राजनीति में पुराने चेहरों के युग का अंत:** ओली की हार के साथ ही नेपाल की राजनीति में दशकों से दबदबा रखने वाले पुराने चेहरों के युग का अंत माना जा रहा है। बालेंद्र शाह अब नेपाल के इतिहास के सबसे युवा और पहले 'मधेसी' प्रधानमंत्री बनने की दहलीज पर खड़े हैं। शाह अगले महीने 27 अप्रैल को अपना 36वां जन्मदिन मनाएंगे। राजधानी काठमांडू की 10 सीटों सहित पूरी काठमांडू घाटी की 15 सीटों पर आरएसपी ने शानदार प्रदर्शन किया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि पिछले साल हुए भ्रष्टाचार विरोधी जेन जी प्रदर्शनों के बाद नेपाली युवाओं ने देश में नेपाली कांग्रेस, नेकपा-एमाले और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी जैसे पारंपरिक दलों को पूरी तरह नकार दिया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस जीत को नेपाल में एक नई युवा क्रांति के रूप में देखा जा रहा है, जो पड़ोसी देशों के साथ नेपाल के भावी संबंधों की नई दिशा तय करेगी।

# राज्यसभा चुनाव में तमिलनाडु के सभी छह उम्मीदवारों निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा से राज्यसभा की छह सीटों के लिए सत्तारूढ़ द्रमुक गठबंधन के चार और विपक्षी अन्नाद्रमुक-राजग के दो उम्मीदवारों को सोमवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि तक केवल इन्हीं छह उम्मीदवारों के नामांकन मान्य होने के कारण निर्वाचन अधिकारियों ने उन्हें विजयी घोषित किया और निर्वाचन प्रमाणपत्र भी सौंप दिए।

- **सत्तारूढ़ द्रमुक और विपक्षी अन्नाद्रमुक के प्रत्याशियों ने ही कराया था नामांकन**

चुनाव के लिए 16 मार्च को मतदान होना है लेकिन तमिलनाडु के लिए इसकी जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के अलावा किसी अन्य दल के उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ सके। राज्य विधानसभा में उम्मीदवार बनने के लिए कम से कम 34 विधायकों का समर्थन और 10 विधायकों की ओर से प्रस्तावित नामांकन आवश्यक था। निर्विरोध चुने गए उम्मीदवारों में तिरुचि एन शिवा (द्रमुक) शामिल हैं, जो लगातार छठी बार निर्वाचित हुए हैं। द्रमुक के प्रो. जे कॉन्स्टैंटाइन रविंद्रन, कांग्रेस के क्रिस्टोफर तिलक, डीएमडीके के कोषाध्यक्ष एलके सुदीश, अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता एम थंबीदुरई और पीएमके के एक धड़े के नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. अंबुमणि रामदास भी निर्विरोध निर्वाचित हुए। कुल 234 सदस्यीय तमिलनाडु विधानसभा में दलों की संख्या के आधार पर द्रमुक और अन्नाद्रमुक उम्मीदवारों की जीत पहले से ही तय मानी जा रही थी।

# कोलकाता में मुख्य निर्वाचन आयुक्त को दिखाए काले झंडे, नारेबाजी की

- **कालीघाट मंदिर पहुंचे थे ज्ञानेश कुमार, वापस जाओ के लगे नारे**

**कोलकाता, एजेंसी**

दक्षिण कोलकाता के प्रतिष्ठित कालीघाट मंदिर में सोमवार सुबह दर्शन करने पहुंचे मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को वापस जाओ के नारों और काले झंडों के साथ विरोध का सामना करना पड़ा। यहां मौजूद पुलिसकर्मियों को स्थिति को नियंत्रित करना पड़ा, जिसके बाद ज्ञानेश कुमार मंदिर में दर्शन के लिए आगे बढ़ पाए।

रविवार रात को भी ज्ञानेश कुमार के पहुंचने पर भी हवाई अड्डे के पास इसी तरह का विरोध किया गया था। जब उनका काफिला हवाई अड्डे से बाहर निकल रहा था, तब तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एसआईआर को लेकर विरोध करते हुए वापस जाओ के नारे लगाए और काले झंडे दिखाए। हवाई अड्डे के बाहर वाम दल कार्यकर्ताओं ने भी प्रदर्शन किया, जिससे इलाके में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले ज्ञानेश कुमार की तीन दिवसीय यात्रा के मद्देनजर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।




सीईसी ज्ञानेश कुमार को काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन करतीं महिलाएं।

### नाम विचाराधीन श्रेणी में देख महिला ने की आत्महत्या

**कोलकाता।** उत्तर 24 परगना जिले में 50 वर्षीय रीना रानी कुंदू एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूची में अपना नाम विचाराधीन श्रेणी में देखकर इतना व्यथित हुई कि सोमवार को आत्महत्या कर ली। उसके दो बेटों के नाम भी सूची से गायब थे। पुलिस के मुताबिक घटना बदुरिया उपमंडल के पश्चिम चांदीपुर गांव में हुई। निर्वाचन आयोग ने 28 फरवरी को जारी मतदाता सूची में 60 लाख से अधिक मतदाताओं को विचाराधीन श्रेणी में रखा था। आयोग की ओर से नियुक्त न्यायिक अधिकारी वर्तमान में गणना प्रपत्रों की 'तार्किक विसंगतियों' को लेकर जांच कर रहे हैं।

### अफसरों को धमका रहे सीईसी, ये दुस्साहस है: ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर एक बैठक के दौरान राज्य के अधिकारियों को धमकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर आसीन अधिकारियों का दुस्साहस दिखाना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ की बैठक के बाद यह टिप्पणी की है, जिसमें राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने अप्रैल में होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा की। कोलकाता में एसआईआर के विरोध में धरनास्थल पर पत्रकारों से बात करते हुए ममता बनर्जी ने ये आरोप लगाए।

### एसआईआर : नाम हटाने की याचिका पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उन मतदाताओं की नई याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमति जताई जिनके नाम पश्चिम बंगाल में एसआईआर के दौरान निर्वाचन आयोग ने हटा दिए थे। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमल्य बागची की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी के तर्क पर गौर किया कि यह याचिका मतदाता सूचियों से पूर्ववर्ती मतदाताओं के नाम हटाए जाने से संबंधित है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा, ये मतदाता हैं, इन्होंने पहले मतदान किया था, लेकिन अब उनके दस्तावेज स्वीकार नहीं किए गए। सीजेआई ने कहा हम न्यायिक अधिकारियों के निर्णयों के खिलाफ अपील को रोक नहीं सकते। एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि अपील विचारयोग्य है। इस पर पीठ ने कहा कि याचिका पर मंगलवार को सुनवाई होगी।

# राजौरी में नदी पार करने के अभ्यास के दौरान सैनिक लापता

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के सुंदरबनी सेक्टर में सोमवार को नदी पार करने के अभ्यास के दौरान सेना का एक जवान लापता हो गया। जवान का पता लगाने के लिए संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया गया है।

अधिकारियों ने कहा कि यह घटना खौर इलाके में मनावर नदी में हुई और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम जवान का पता लगाने के लिए सेना और पुलिस के साथ अभियान में शामिल है। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "सुंदरबनी में नदी पार करने के प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान, सिपाही अक्षित शर्मा के आज (सोमवार) दोपहर करीब 12 बजे लापता होने की सूचना मिली। सैनिक का पता लगाने के लिए व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

# हादी के हत्यारोपियों के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू

**ढाका।** बांग्लादेश ने सोमवार को कहा कि उसने छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के आरोपी दो संदिग्ध हमलावरों को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एक दिन पहले पश्चिम बंगाल के रास्ते अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाले संदिग्धों को भारतीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने सोमवार को उत्तर-पश्चिमी कॉक्स बाजार में पत्रकारों से कहा, दोनों आरोपियों को प्रत्यर्पित करने की पहल की गई है। ढाका में एक अलग संवाददाता सम्मेलन में बांग्लादेश के पुलिस प्रमुख मोहम्मद अली हुसैन फाकिर ने कहा कि संदिग्धों फैसल करीम मसूद और आलमगीर हुसैन को वापस लाने के लिए राजनयिक प्रयास जारी हैं। इंकलाब मंच के प्रवक्ता और भारत के कट्टर आलोचक रहे हादी जुलाई-अगस्त 2024 के जनांदोलन के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हुए थे। इन आंदोलनों के कारण शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार गिर गई थी।

# पूर्वी प्रशांत महासागर में नाव पर अमेरिकी हमले में छह की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने रविवार को कहा कि पूर्वी प्रशांत महासागर में कथित मादक पदार्थ तस्करी में शामिल एक नाव पर किए गए हमले में छह लोगों की मौत हो गई। यह कार्रवाई मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ अमेरिकी प्रशासन के अभियान का हिस्सा बताई गई है।

रविवार के इस हमले के साथ ही सितंबर की शुरुआत से छोटे जहाजों को निशाना बनाने के अभियान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 157 हो गई है। ट्रंप प्रशासन इन लोगों को नार्को-आतंकवादी बताता रहा है। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने कहा कि पूर्वी प्रशांत महासागर और कैरेबियाई सागर में किए गए 40 से अधिक हमलों की तरह इस कार्रवाई में भी मादक पदार्थ तस्करों को उनके तस्करी मार्गों पर निशाना बनाया गया। हालांकि सेना ने यह सबूत नहीं दिया कि संबंधित नाव में मादक पदार्थ ले जाए जा रहे थे।

# राष्ट्रपति प्रोटोकॉल मामले में केंद्र को भेजी रिपोर्ट

- **मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति का कारण बताया, दस्तावेज भी भेजे**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सिलीगुड़ी दौरे के दौरान कथित प्रोटोकॉल के उल्लंघन के संदर्भ में परिस्थितियों को स्पष्ट करते हुए सोमवार को केंद्र सरकार को रिपोर्ट सौंपी। राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती की ओर से केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन को भेजी गई रिपोर्ट में घटनाक्रम का विवरण देने के लिए सहायक दस्तावेज भी शामिल हैं।

पश्चिम बंगाल सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी देने वाली रिपोर्ट संबंधित दस्तावेजों के साथ केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेज दी गई है। उन्होंने कहा, हमने हर चरण में किए गए प्रशासनिक निर्णयों को रिकॉर्ड में रखा है। रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कार्यक्रम में क्यों उपस्थित नहीं हुईं। इसके अलावा, राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे के दौरान अंतरराष्ट्रीय आदिवासी और संथाल सम्मेलन का स्थल बदलने संबंधी निर्णय से जुड़े कारणों के बारे में जानकारी दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सात मार्च को राष्ट्रपति के राज्य दौरे के दौरान प्रोटोकॉल उल्लंघन के आरोपों के बाद पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी थी। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में राष्ट्रपति के आगमन के दौरान राज्य मेंमुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक की अनुपस्थिति पर प्रतिक्रिया मांगी गई थी, और इसे ब्लू बुक नियमों का गंभीर उल्लंघन बताया गया था।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज मित्रों के साथ अनबन हो सकती है। व्यर्थ के खर्चों में बढ़ोतरी होगी। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

**तुला** – आज अपनी कमियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ने वाला है। किसी से अधिक अपेक्षा न रखें।

**वृष** – आज सफलता मिलने के योग हैं। मन में नए और रचनात्मक विचार आते रहेंगे। नए लोगों के साथ संपर्क विकसित होंगे।

**वृश्चिक** – आज नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। साझेदारी से जुड़े हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। अपने काम पर विश्वास बनाए रखें।

**मिथुन** – आज आप कार्यक्षेत्र में काफी मेहनत करेंगे। व्यवसाय में सुधार करने की आवश्यकता है। बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

**धनु** – आज आपको यात्रा करनी पड़ सकती हैं। स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है। बाजार के भोजन से आपको बचना चाहिए।

**कर्क** – आज आप छोटी-छोटी बातों को महत्व न दें। बुरे लोगों की संगत से बचें। कमीशन संबंधी कार्यों में धन हानि हो सकती है।

**मकर** – आज शेयर मार्केट में धन निवेश लाभकारी होगा। परिजनों पर धन खर्च करेंगे। गैरकानूनी कार्यों में रुचि ले सकते हैं।

**सिंह** – आज नए कार्यों की शुरुआत करना उचित नहीं है। वाणी पर नियंत्रण रखें। वाहन चलाते समय सावधानी रखनी चाहिए।


**कुंभ** – आज प्रबंधन संबंधी कार्यों के लिए दिन विशेष है। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती हैं।

**कन्या** – आज राजनीतिक संबंधों के लिए दिन अच्छा है। आप कठिन काम को सूझबूझ से सुलझा लेंगे। व्यवसाय में बड़ी उपलब्धि मिल सकती है।

**मीन** – आज किसी को उधार में धन न दें। कार्यशैली में सुधार कर सकते हैं। आपको इच्छित परिणाम मिलने में कठिनाई होगी।

### आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 10 मार्च, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 11 मार्च 01.54 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अनुराधा 19 .05 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

### सुडोकू - 83 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 6 |
| 6 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 1 | 3 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 | 4 | 9 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 8 | 3 |

### सुडोकू -84

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 7 | | 5 | | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 1 | | | |
| 2 | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | | 2 | 5 | 4 | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | 6 | 1 | | | 8 | | |
| 5 | | | | 7 | | | | 2 |
| 4 | | | 9 | | 3 | | 6 | |
| | | | | 1 | 8 | | 9 | |

## तनातनी

## दोनों सदनों में जानकारी दे चुके हैं जयशंकर, विपक्ष की मांग मानने के मूड में नहीं सरकार

# पश्चिम एशिया पर संसद में चर्चा होने की संभावना नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में मौजूदा संकट पर संसद में चर्चा कराने संबंधी विपक्ष की मांग को सरकार की ओर से स्वीकार किए जाने की संभावना नहीं है क्योंकि विदेश मंत्री एस जयशंकर दोनों सदनों को इस मुद्दे पर जानकारी दे चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक सरकार लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा करना चाहती है, जिस पर मंगलवार को चर्चा होने की संभावना है क्योंकि पश्चिम एशिया पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के प्रदर्शन के कारण कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

सूत्रों के अनुसार, पश्चिम एशिया में स्थिति पर संसद में कोई चर्चा नहीं होगी क्योंकि विदेश मंत्री दोनों सदनों को इस बारे में जानकारी दे चुके हैं। पश्चिम एशिया में स्थिति पर चर्चा की मांग को लेकर सोमवार को लोकसभा में हुए हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद तीसरी बार दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। सरकार ने विपक्ष पर सदन के नियमों का पालन न करने का आरोप लगाया।

विदेश मंत्री एस जयशंकर पश्चिम एशिया में स्थिति पर बयान देने के लिए जैसे ही खड़े हुए, विपक्षी सदस्यों ने सरकार के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए और पश्चिम एशिया में जारी संकट पर विस्तृत चर्चा की मांग की। पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने विपक्षी सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा, आप लोग सदन में तख्तियां लेकर आए हैं, आप यह पहले से तय करके आएं है कि सदन नहीं चलने देना है।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कांग्रेस पर गैरजिम्मेदार विपक्षी दल होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लगता है कि विपक्ष असमंजस में है क्योंकि पहले वह खुद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अनावश्यक प्रस्ताव लेकर आया और अब दूसरा विषय लेकर आ गया। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने पश्चिम एशिया में संघर्ष और इसकी वजह से भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों पर सोमवार को उच्च सदन में संक्षिप्त चर्चा कराने की मांग की।

### असलियत सामने न आ जाए इसलिए डर रहे हैं मोदी : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार संसद में पश्चिम एशिया मामले पर चर्चा नहीं करना चाहती क्योंकि यह बात सामने आएगी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ब्लैकमेल किया जा रहा है और वह कम्प्रोमाइज्ड हो चुके हैं। राहुल गांधी ने यह दावा भी किया, आपने देखा कि प्रधानमंत्री संसद से भाग गए हैं। अब वह सदन के अंदर नहीं आ पाएंगे। राहुल ने कहा, पश्चिम एशिया में आमूलचूल परिवर्तन की लड़ाई चल रही है, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था को बहुत नुकसान होने वाला है। पश्चिम एशिया एक जरूरी मुद्दा है, क्योंकि उसका असर ईंधन की कीमत और भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। वहीं, नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका से व्यापार समझौता कर लिया है और हमने स्टॉक बाजार का हाल देख लिया है।



> विश्व कप खिताब का बचाव करने के लिए जज्बा चाहिए और सूर्यकुमार की अगुआई वाली इस टीम ने सबसे बड़े मंच पर असली जज्बे के साथ खेला। संजू ने मौके मिलने पर फिर से दिखाया कि वह मैच विजेता क्यों हैं। अभिषेक शर्मा फाइनल में शानदार थे।
>
> –युवराज सिंह



# सूर्यकुमार का विश्व कप ट्रॉफी के साथ अडालज बावड़ी में हुआ फोटोशूट

अहमदाबाद, एजेंसी

- ऐतिहासिक स्मारक परिसर और आसपास की सड़कों पर बड़ी संख्या में प्रशंसकों की उमड़ी भीड़
- अष्टकोणीय आकार की इस मध्यकालीन बावड़ी को देखने आते हैं देश-विदेश के पर्यटक

भारतीय टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के सोमवार को अडालज बावड़ी में विशेष फोटोशूट के लिए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ पहुंचते ही उत्सव जैसा माहौल बन गया।

इस ऐतिहासिक स्मारक परिसर और आसपास की सड़कों पर बड़ी संख्या में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई प्रशंसक सूर्यकुमार की एक झलक पाने के लिए आसपास की दीवारों और छतों पर भी चढ़ गए। जैसे ही कप्तान ट्रॉफी के साथ पहुंचे, प्रशंसकों ने 'इंडिया इंडिया'' के नारों से माहौल को और भी जोशीला बना दिया।

भारत ने रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप खिताब को अपने नाम किया। अधिकारियों ने बताया कि अडालत बावड़ी का यह दौरा भारतीय कप्तान और विश्व कप ट्रॉफी के साथ आयोजित एक प्रमोशनल फोटोशूट का हिस्सा था। इससे पहले भी इस ऐतिहासिक स्मारक पर इसी तरह के फोटोशूट आयोजित किए जा चुके हैं। बड़ी भीड़ को देखते हुए बावड़ी परिसर और आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। अडालज नी वाव के नाम से प्रसिद्ध यह बावड़ी गुजरात के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों में से एक है और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करती है। अहमदाबाद से लगभग 18 किलोमीटर दूर स्थित इस बावड़ी का निर्माण वर्ष 1499 में वाघेला शासक राणा वीर सिंह की पत्नी रानी रुदाबाई ने करवाया था। पांच मंजिला यह संरचना अपनी बारीक नक्काशी और विशिष्ट भारतीय-इस्लामिक वास्तुकला शैली के लिए प्रसिद्ध है। अष्टकोणीय आकार की यह बावड़ी मध्यकालीन दौर में पानी के स्रोत के साथ-साथ यात्रियों के विश्राम स्थल के रूप में भी उपयोग में लाई जाती थी। खूबसूरती से तराशी गई दीवारें गुजरात के सबसे आकर्षक विरासत में एक है।



## हाईलाइट

### जीत की हकदार है पूरी टीम : सचिन



नई दिल्ली। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारत को 'पूरी तरह से जीत का हकदार' बताया जबकि इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने उन्हें 'सीमित ओवरों की सर्वश्रेष्ठ टीम' का तमगा किया। क्रिकेट जगत ने इस तरह से भारतीय टीम की ऐतिहासिक तीसरी टी20 विश्व कप खिताबी जीत को सराहा। तेंदुलकर ने टीम के प्रदर्शन की सराहना की और मुंबई में अपने घर के बाहर जश्न की एक झलक साझा की। तेंदुलकर ने लिखा लगातार दो बार विश्व कप जीतना, पहली बार किसी टीम ने टी-20 प्रारूप में ऐसा किया है। ट्रॉफी के पूरी तरह से हकदार।

### यह जीत हमारी ताकत दिखाती है : गांगुली



नई दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि यह जीत हर स्तर पर भारतीय क्रिकेट की ताकत दिखाती है। गांगुली ने पोस्ट किया टी20 विश्व कप जीतने के लिए भारत को बधाई... बहुत मजबूत टीम... बड़े मुकाबलों में बेहतर हुई... भारतीय क्रिकेट शानदार जगह पर है। महिला चैंपियन, अंडर-19 चैंपियन और अब पुरुष टी20 चैंपियन।

### आपकी मुस्कान अच्छी लगती है : धोनी

अहमदाबाद। भारत की इतिहास रचने वाली टी20 विश्व कप जीत ने लगभग दो साल बाद महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को सोशल मीडिया पर फिर से सक्रिय कर दिया और उन्होंने इस मौके का फायदा उठाते हुए मुख्य कोच गौतम गंभीर को बताया कि उनके गंभीर चेहरे पर मुस्कान कितनी अच्छी लगती है। धोनी ने इंस्टाग्राम पर पिछला पोस्ट 2024 में किया था। उन्होंने यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल देखने के बाद पोस्ट किया अहमदाबाद में इतिहास बना, टीम और सहयोगी स्टाफ तथा दुनिया भर में भारतीय क्रिकेट टीम के सभी प्रशंसकों को बहुत-बहुत बधाई। आप सभी को खेलते हुए देखकर बहुत खुशी हुई।

# बारबेडोस से अहमदाबाद तक : क्रिकेट में भारत के दबदबे की अभूतपूर्व दास्तान

## टी-20 में भारतीय टीम को अब हरा पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन भी

नई दिल्ली, एजेंसी

वेस्टइंडीज के बारबेडोस में मिली जीत ने जहां बरसों की नाकामी का कलंक मिटाया तो अहमदाबाद में नई बादशाहत कायम हुई। वाकई क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में इस भारतीय टीम को हरा पाना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन सा लगने लगा है। न्यूजीलैंड को फाइनल में 96 रन से हराकर भारतीय टीम ने लगातार दूसरी बार चैम्पियन बनने का रिकॉर्ड ही नहीं बनाया बल्कि ताबड़तोड़ क्रिकेट में भारत की बादशाहत की तस्दीक भी कर दी। मैदान पर भारत का प्रदर्शन इस कदर शानदार रहा कि टूर्नामेंट से पहले सुरक्षा कारणों से बांग्लादेश के बाहर होने और भारत के खिलाफ मैच को लेकर पाकिस्तान की बहिष्कार की धमकी को लोग भूल ही गए।

भारत तीन टी20 विश्व कप (2007, 2024 और 2026) जीतने और लगातार दो बार खिताब अपने नाम करने वाली पहली टीम बन गई है। क्रिकेट की आर्थिक धुरी तो बीसीसीआई पहले ही से है। भारतीय क्रिकेट की प्रतिभा ने मिलकर सत्ता और प्रतिभा का बेहतरीन कॉकटेल बना दिया है।



टी-20 विश्व कप जीतने के बाद देर रात तक जश्न मनाती रही भारतीय टीम। एजेंसी

यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि दो दशक पहले शुरू हुए खेल के इस प्रारूप में मौजूदा भारतीय टीम अब तक की सर्वश्रेष्ठ टीम है।

भारत का वर्चस्व कुछ उसी तरह का है जैसे 70 या 80 के दशक में वेस्टइंडीज का और मिलेनियम के पहले दशक में आस्ट्रेलिया का हुआ करता था। भारत की जीत के अंदाज और अंतर ने इस प्रारूप में टीम की श्रेष्ठता तो साबित की है लेकिन जिन खिलाड़ियों को टीम में जगह बनाने का मौका नहीं मिल सका, उन पर दृष्टिपात करें तो भारतीय क्रिकेट में प्रतिभा की गहराई का पता चलता है। संजू सैमसन, ईशान किशन, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, हार्दिक पंड्या , शिवम दुबे सभी ने जीत में योगदान दिया । लेकिन यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, शुभमन गिल जैसे खिलाड़ी जो बाहर रहे, वे दुनिया की किसी भी टीम में जगह पाने के हकदार थे । चौदह वर्ष के वैभव सूर्यवंशी को कैसे भुलाया जा सकता है। क्रिकेट पंडितों का मानना है कि भारत अपनी 'ए' टीम खड़ी करके भी विश्व कप जीत सकता है। भारत की सफलता के पीछे टीम प्रबंधन के साहसिक फैसले, विकेट बचाने की बजाय तेजी से खेलने की रणनीति, मैदान पर उस पर सटीक अमल शामिल है।

दूसरी तरफ एक बार फिर आईसीसी के सफेद गेंद के टूर्नामेंट के नॉकआउट में आसानी से घुटने टेककर लगता है कि न्यूजीलैंड ने 'चोकर्स' का ठप्पा दक्षिण अफ्रीका से ले लिया है। कीवी टीम 2015 से 13 आईसीसी टूर्नामेंटों में से छह के फाइनल में पहुंची लेकिन सिर्फ एक 2021 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जीती।

इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान क्रिकेट का लंबे समय से चला आ रहा खराब दौर जारी रहा। बार बार कप्तान बदलना, टीम में एकता का अभाव और खिलाड़ी विकास कार्यक्रम की कमी साफ नजर आई।

वहीं एसोसिएट टीमों ने अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी हालांकि उन्हें अभी लंबा सफर तय करना है। अमेरिका ने भारत को कड़ी चुनौती दी जबकि इंग्लैंड टीम नेपाल के खिलाफ उलटफेर का शिकार होने से बची। कनाडा के युवराज सामरा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जमाया और जिम्बाब्वे ने आस्ट्रेलिया को ग्रुप चरण में हराकर बाहर किया।

# निजी उपलब्धियों का नहीं मनाया जाएगा जश्न : गंभीर

अहमदाबाद, एजेंसी

- आईसीसी के फाइनल में दो बार अपनी टीम के लिए शीर्ष स्कोरर रहे गौतम गंभीर का छलका दर्द

गौतम गंभीर इस एक बात को कहते हुए कभी नहीं थकते। असल में वह इसे हर मौके पर उन लोगों के लिए दोहराते हैं जिन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया है और वह यह है कि मुख्य कोच के तौर पर उनके कार्यकाल में निजी उपलब्धियों का जश्न नहीं मनाया जाएगा। इस सिद्धांत की सबसे नवीनतम झलक तब दिखी जब भारत ने रविवार को यहां फाइनल में बेजोड़ प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर अपना तीसरा टी20 विश्व कप खिताब जीता।

आईसीसी के वैश्विक फाइनल में दो बार अपनी टीम के लिए शीर्ष स्कोरर रहे गंभीर ने जोर देते हुए कहा मुझे लगता है कि सूर्या (भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव) के साथ मेरा सामान्य सा फलसफा हमेशा से यही रहा है कि उपलब्धियां मायने नहीं रखती। ट्रॉफी मायने रखती हैं। भारतीय क्रिकेट में बहुत लंबे समय से हम उपलब्धियों के बारे में बात करते आ रहे हैं। और मुझे उम्मीद है कि जब तक मैं हूं हम उपलब्धियों के बारे में बात नहीं करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद ने क्रिकेट मीडिया से 'उपलब्धियों' नहीं बल्कि 'ट्रॉफी' का जश्न बनाने की अपील की। उन्होंने दोहराया उपलब्धियों का जश्न मनाना बंद करो, ट्रॉफी का जश्न मनाओ। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि टीम खेल का बड़ा उद्देश्य ट्रॉफी जीतना है, ना कि व्यक्तिगत रन बनाना। यह मेरे लिए कभी मायने नहीं रखता था और ना ही कभी रखेगा। गंभीर ने कहा मैं बहुत खुशकिस्मत रहा हूं कि सूर्या और मेरी राय एक ही है, विशेषकर इस मामले में। किसी का नाम नहीं लिया गया लेकिन यह समझना अधिक मुश्किल नहीं है कि वह किन 'उपलब्धियां हासिल करने वालों' की बात कर रहे थे। गंभीर ने संजू सैमसन की पारियों का जिक्र करते हुए कहा कि टीम खेल कैसे खेला जाता है ये पारियां इसका सबसे अच्छा उदाहरण है।

### नहीं मिला श्रेय

भारतीय क्रिकेट में यह एक खुला राज है कि गंभीर को हमेशा से लगता रहा है कि 2011 विश्व कप फाइनल में मैच का रुख बदलने वाली उनकी 97 रन की पारी या 2007 टी20 विश्व कप फाइनल में उनकी 75 रन की पारी को कमतर आंका गया। दोनों ही मामलों में महेंद्र सिंह धोनी का मैच जिताने वाला छक्का (2011) और जोगिंदर शर्मा को आखिरी ओवर देने का उनका मास्टरस्ट्रोक (2007) भारतीय क्रिकेट की लोककथाओं का हिस्सा बन गया।

# आईपीएल में पहली बार उतरेंगे लखनऊ के नमन व अमेठी के प्रशांत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



नमन तिवारी व प्रशांत वीर।

- आईपीएल में यूपी का जलवा, 12 खिलाड़ी अलग-अलग टीमों में
- धोनी के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करेंगे प्रशांत वीर
- एलएसजी में नमन तिवारी को मौका मिलने की उम्मीद

**अमृत विचार।** 28 मार्च से शुरू होने जा रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें संस्करण में इस बार यूपी के खिलाड़ियों का जलवा देखने को मिलेगा। खास तौर पर लखनऊ के बाएं हाथ के मीडियम पेसर नमन तिवारी और अमेठी के प्रशांत वीर पर सभी की निगाहें रहेंगी।

दोनों खिलाड़ी पहली बार आईपीएल में पदार्पण कर रहे हैं और अपने प्रदर्शन से पहचान बनाने को तैयार हैं। नमन तिवारी पहले भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा रह चुके हैं और उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने अपनी टीम में शामिल किया है। टीम में पहले से मौजूद मोहसिन खान के साथ नमन को भी इस सीजन में अपनी धारदार गेंदबाजी दिखाने का मौका मिल सकता है। वहीं अमेठी के प्रशांत वीर ने यूपी लीग में शानदार प्रदर्शन कर सुर्खियां बटोरी थीं। मिनी ऑक्शन में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने उन्हें खरीदा, जिसके बाद वे पहली बार आईपीएल का हिस्सा बनेंगे। इस दौरान उन्हें टीम के कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करने का मौका मिलेगा, जो उनके लिए बड़े अनुभव की तरह होगा।

**यूपी के एक दर्जन खिलाड़ी अलग-अलग टीमों में :** इस सीजन में उत्तर प्रदेश के करीब एक दर्जन खिलाड़ी विभिन्न फ्रेंचाइजी टीमों का हिस्सा बनकर मैदान में उतरेंगे। खेल प्रेमियों को उम्मीद है कि ये खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से न सिर्फ टीमों को मजबूती देंगे बल्कि खिताब की दौड़ में भी अहम भूमिका निभाएंगे। रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु की गेंदबाजी की जिम्मेदारी मेरठ के भुवनेश्वर कुमार और प्रयागराज के यश दयाल के कंधों पर होगी। वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए अलीगढ़ के रिंकू सिंह और हापुड़ के कार्तिक त्यागी मैदान में उतरेंगे। दिल्ली कैपिटल्स में कानपुर के कुलदीप यादव, मेरठ के समीर रिजवी और बाराबंकी के विप्रज निगम को जगह मिली है। इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ के जीशान अंसारी और नोएडा के शिवम मावी पर भरोसा जताया है।

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ :** पूर्व भारतीय खिलाड़ी ज्ञानेंद्र पाण्डेय का कहना है कि आईपीएल ऐसा मंच है जहां दुनिया भर के खिलाड़ी एक साथ खेलते हैं। यहां अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भारतीय टीम के दरवाजे तक पहुंच सकते हैं। इकाना स्टेडियम के सीनियर एमडी उदय सिन्हा के मुताबिक प्रदेश के खिलाड़ियों की बढ़ती मांग यूपी क्रिकेट के लिए सकारात्मक संकेत है और इससे नई प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। वहीं उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की जूनियर चयन समिति के चेयरमैन और पूर्व रणजी खिलाड़ी कमलकांत कनौजिया का कहना है कि यूपी के खिलाड़ियों की मौजूदगी से युवा क्रिकेटरों को प्रेरणा मिलेगी और भविष्य में प्रदेश से और भी खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखाई देंगे।

### किन टीमों में यूपी के कौन-कौन खिलाड़ी

- **दिल्ली कैपिटल्स :** विप्रज निगम (बाराबंकी), कुलदीप यादव (कानपुर), समीर रिजवी (मेरठ)
- **कोलकाता नाइट राइडर्स :** रिंकू सिंह (अलीगढ़), कार्तिक त्यागी (हापुड़)
  लखनऊ सुपर जायंट्स – मोहसिन खान (संभल), नमन तिवारी (लखनऊ)
- **रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु :** भुवनेश्वर कुमार (मेरठ), यश दयाल (प्रयागराज)
  सनराइजर्स हैदराबाद – जीशान अंसारी (लखनऊ), शिवम मावी (नोएडा)
- **चेन्नई सुपर किंग्स :** प्रशांत वीर (अमेठी)

# अब नजरें ओलंपिक स्वर्ण पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- 14-30 जुलाई 2028 तक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक होगा लॉस एंजिलिस में

टी-20 विश्व कप जीतने वाली टीम की औसत उम्र तीस के करीब है लिहाजा आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2028 में होने वाले अगले टी20 विश्व कप में भी उनके खेलने की पूरी संभावना है। लेकिन इससे पहले खिलाड़ियों के पास लॉस एंजिलिस में ओलंपिक स्वर्ण जीतने का भी मौका होगा चूंकि क्रिकेट की 128 साल बाद ओलंपिक में वापसी हो रही है।

भारत की विश्व कप विजेता इस टीम में सिर्फ कप्तान सूर्यकुमार यादव ही 35 साल के हैं लेकिन उनका इरादा 2028 में ये दोनों टूर्नामेंट खेलने का है। अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में मिली जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस में सूर्यकुमार ने कहा एक टीम के रूप में हमने जो कुछ हासिल किया है, वह काफी खास है। अगला लक्ष्य ओलंपिक है। ओलंपिक स्वर्ण और उसी साल टी20 विश्व कप भी है। उन्होंने कहा 2024 के बाद से जिस तरह से सफर तय किया गया है, हम काफी रोमांचित हैं । हमने तीन आईसीसी ट्रॉफी (वनडे चैम्पियंस ट्रॉफी समेत) लगातार जीती । 2024 में लंबे समय बाद आईसीसी खिताब जीता । हमें पता है कि हम किस तरह से खेलना चाहते थे । 2024 के बाद सब कुछ बदल गया। सूर्यकुमार ने कहा हमने 2025 में चैम्पियंस ट्रॉफी (रोहित शर्मा की कप्तानी में) जीती और बिल्कुल अलग तरह की क्रिकेट खेली।

## चर्चा में आई जोड़ी



टी-20 विश्व कप का फाइनल जीतने के बाद पार्टनर माहिका शर्मा के साथ जश्न मनाते हार्दिक पंड्या। • एजेंसी

प्रेरणा

**सैमसन के रूप में नए खेल आइकन के सामने आने से केरल में खुशी की लहर**

# पिता ने कहा था– संजू अपनी जड़ों से कभी दूर मत जाना

बेंगलुरु, एजेंसी

एक छोटी सी कहानी है जो सैमसन विश्वनाथ के अपने बेटे संजू पर गहरे असर के बारे में बहुत कुछ बताती है। केरल का यह क्रिकेटर राजस्थान रॉयल्स के लिए अपने पहले आईपीएल सत्र के बाद एक स्टार की तरह अपने गृहनगर विझिंजम लौटा था।

कभी संजू के साथ सड़कों पर खेलने वाले गांव के युवा क्रिकेटर अब उसके पास जाने से हिचकिचा रहे थे। उनकी हिचकिचाहट को भांपते हुए दिल्ली पुलिस के पूर्व अधिकारी विश्वनाथ ने संजू को कुछ समय के लिए अपने पुराने दोस्तों के साथ खेलने के लिए कहा। उस समय संजू को अपने पिता से सलाह मिली अपनी जड़ों से कभी दूर मत जाना। ये शब्द संजू के साथ तब भी रहे जब उन्होंने खेल के उतार-चढ़ाव का सामना किया।



संजू सैमसन को शाबाशी देते मुख्य कोच गौतम गंभीर। एजेंसी

हाल में संपन्न टी20 विश्व कप में सैमसन 321 रन बनाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने। सैमसन के शुरुआती कोच बीजू जॉर्ज ने बताया मुझे लगता है कि उसके शुरुआती मुकाबलों की तुलना में मुख्य अंतर यह है कि उसके पैरों में स्थिरता लौट आई है, एक मजबूत आधार हमेशा से उसकी ताकत रही है। जब वह क्रीज में पीछे की ओर जाने लगा तो इससे उसका संतुलन बिगड़ गया। उन्होंने कहा लेकिन अब ऐसा लगता है कि उसने वह स्थिर आधार वापस पा लिया है और यह उसकी बल्लेबाजी में दिखता है। मुंबई में सेमीफाइनल में इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर के खिलाफ बेसिक्स पर लौटने से मिली मदद साफ नजर आ रही थी।

यह जानते हुए कि सैमसन अपने शरीर की तरफ आने वाली गेंदों के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं आर्चर ने शॉर्ट गेंद फेंकी लेकिन दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने घूमकर उसे स्क्वायर लेग के पीछे छक्के के लिए पुल कर दिया। अपने अगले ओवर में आर्चर ने फिर से एक शॉर्ट पिच गेंद के खिलाफ संजू की काबिलियत को परखने की कोशिश की और इस बार इस सलामी बल्लेबाज ने गेंद को वानखेड़े स्टेडियम में मिडविकेट के पीछे दूसरे टीयर के स्टैंड पर भेजा दिया। इन दो शॉट में संजू ने आर्चर और बाउंसर के खिलाफ अपनी कमजोरी से सफलतापूर्वक निपटा।

वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी सुपर आठ मुकाबले से पहले तक संजू का करियर खतरे में था। हालांकि उन्होंने आखिरी तीन महत्वपूर्ण मुकाबलों में नाबाद 97, 89 और 89 रन की पारियां खेलकर भारत को अपना तीसरा टी20 विश्व कप जिताने में मदद की। इसके साथ ही भारत लगातार दूसरा और कुल तीसरा टी20 विश्व खिताब जीतने वाली पहली टीम बना। मुख्य कोच गौतम गंभीर भी सैमसन की कोशिश से बहुत खुश थे और उन्होंने उन्हें एक विशेष प्रतिभा कहा।

### जो भी मौके मिलें उन्हें जाने मत दो

विश्वनाथ ने कहा मैंने उसे (जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच के बाद) एक मैसेज भेजा। अपने देश के लिए अच्छा करो, तुम पहले से ही 31 साल के हो और जो भी मौके तुम्हें मिलें उन्हें जाने मत दो। उन्होंने कहा मुझे पता है कि उसमें सभी तरह का कौशल है क्योंकि वह 13 साल की उम्र से गंभीर क्रिकेट खेल रहा है और यह सब उसकी सोच को सही करने के बारे में था। बल्लेबाजी क्रम या ऐसी किसी भी चीज की चिंता मत करो बस खुले दिमाग से खेलो। ऐसा लगता कि सैमसन ने इस सलाह को दिल से मान लिया और लगातार तीन अर्धशतक लगाए। विश्वनाथ ने भावनात्मक होते हुए कहा, मैं अपने पोडियन (बेटे) को जानता हूं। मैं उसे छोटी उम्र से देख रहा हूं। मुझे पता था, हम सब जानते थे कि वह वापसी करेगा।